# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-11-2022

# जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** फोन पर फिरौती मांगने और न देने पर जान मारने की धमकी ने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश शशि भूषण कुमार शांडिल ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम कुशहरा निवासी आरोपित चंदन सिंह उर्फ देवकी नंदन की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादी विनोद कुमार कैंट थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस का निवासी है। उसने 27 जून 2014 को इस आशय की तहरीर दी कि कुछ दिनों से उसके मोबाइल पर फोन आ रहा है। उधर से फोन करने वाला अपना नाम चंदन सिंह बता कर फिरौती की मांग कर रहा है और गाली गुप्ता व जान मारने की धमकी दे रहा है।




यातायात पुलिस द्वारा ट्रकों के हाई लाइट के विरुद्ध अभियान में नौसड़ चौराहे पर भारी वाहनों की लाइट पर काला पेंट लगाते ट्रैफिक कर्मी।

# यातायात नियमों का पालन कर बचाएं जीवन : एसपी ट्रैफिक



यातायात नियम पालन की शपथ दिलाते मुख्य अतिथि गोरखपुर यातायात पुलिस अधीक्षक डॉ. महेंद्र पाल सिंह व अन्य।

**झंगहा (एसएनबी)।** प्रताप नारायण सिंह जनता इंटर कॉलेज बरही में वार्षिकोत्सव व यातायात पखवारा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गोरखपुर पुलिस यातायात अधीक्षक डा. महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है, इसकी सुरक्षा-संरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। आज के भौतिकवादी युग में यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि हम यातायात नियमों का अत्यधिक समझदारी के साथ पालन करें जिससे अपना व अन्य का भी जीवन सुरक्षित रह सके। आईटीएम गोरखपुर इंजीनियर भाऊसी ने कहा कि यातायात के नियमों का हर व्यक्ति को पालन करना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात विद्यालय की कक्षा 11 व 12 की छात्रा अर्चना काजल ने सरस्वती वंदना व दीपिका अंजली व प्रियंका ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में सहभागिता निभाने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर सीओ चौरी चौरा मानुष पारिख, एसओ गौरव राय, प्रधानाचार्य अशोक कुमार, अमर प्रताप सिंह अध्यक्ष शिक्षक अभिभावक संघ, डॉ. रमेश त्रिपाठी, हरिओम श्रीवास्तव, कन्हैया लाल रावत अनिल शुक्ला, विनय अंशु यादव, मांडवी राय, सरोज, गीता, रीता, शालू, संतोष, प्रवक्ता नवनीत राय, देवनाथ राय, संग्राम मौर्या, अनुराग राय, प्रदीप सिंह, शिवानंद, बलवीर सिंह आदि लोग रहे।

# कॉल डिटेल के सहारे कातिल तक पहुंचने की कवायद

**पिपराइच/जगदीशपुर (एसएनबी)।** मंगलवार को पिपराइच थाने के हमेधापुर गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार सिंह के भाभी की गांव के मनबढ़ राकेश सिंह ने धारदार हथियार से से हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपित की तलाश में एसओ पिपराइच सूरज सिंह टीम के साथ छापेमारी कर रहे है लेकिन अभी तक पुलिस पकड़ से दूर है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सर्विलांस की मदद से कॉल डिटेल खंगाल रही है। यह माना जा रहा है कि वह पुलिस की पकड़ से दूर भाग सकता है। बुधवार को महिला का शव गांव पहुंचा तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पिपराइच और खोराबार पुलिस की देखरेख में माड़ापार पुल के पास महिला का दांह संस्कार किया गया।

मंगलवार को पिपराइच इलाके के हमेधापुर गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह की पत्नी भगवानी देवी की गला काटकर हत्यारा राकेश फरार हो गया था। मौके पर पहुंचे एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस टीम गठित कर हत्यारोपित के गिरफ्तारी का आदेश दिया था। हत्या के बाद पुलिस को इस बात का अंदेशा हो गया है कि राकेश युवती की हत्या करने की बात कह रहा था। लिहाजा सुरक्षा के मद्देनजर महिला पुलिस तैनात कर दी गयी है। हत्यारोपित राकेश का गांव में किसी से संबंध नहीं है। लिहाजा पुलिस उसकी तलाश में रिश्तेदारों और उसके साथियों का काल डिटेल खंगाल रही है। मृतका भगवानी देवी का शव पोस्टमार्टम के बाद आज परिजनों ने पिपराइच और खोराबार थाने के सीमावर्ती इलाके में स्थित माड़ापार स्थित श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया। इस दौरान काफी संख्या में पिपराइच और खोराबार थाने की पुलिस बल और महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। एसएसआई राजकुमार सिंह ने बताया कि महिला के हत्यारोपी की तलाश की जा रही है उम्मीद है कि जल्द ही उसकी गिरफ्तारी हो जायेगी।

## पिपराइच में महिला की हत्या का मामला



माड़ापार स्थित श्मशान घाट पर सुरक्षा के बीच हुए दाह संस्कार के दौरान रोते-बिलखते परिजन।

**पीएम हाउस से आज गांव में पहुंचा शव तो परिवारजनों में मचा कोहराम**

**माड़ापार श्मशान घाट पर कड़ी सुरक्षा के बीच महिला का हुआ दांह संस्कार**

# लूट के मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**उरुवा बाजार।** बुधवार को उरुवा पुलिस ने एक अभियुक्त को लूट के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को मेडिकल कराकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सन्तकबीरनगर जनपद के घनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम तामा निवासी 26वर्षीय अरविन्द प्रसाद पुत्र साधू के रूप में हुई। जिसको महुई-सिकरीगंज रास्ते पर निर्माणाधीन पुलिया से 100 मीटर पहले सिकरीगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ मुअसं-144/22 धारा 392, 411 भादवि के तहत मुकदमा पंजीत किया गया है। अभियुक्त के पास से लूट का मोबाइल  बरामद किया गया। गिरफ्तारी के दौरान प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, सुनील शर्मा, रामप्रवेश चौहान, नादिर अली, रवि शुक्ला, शामिल रहे।

# होटल में लगी आग, दमकल मशक्कत के बाद बुझाया आग

**टीपीनगर (एसएनबी)।** रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र के तारामंडल स्थित फाइव सेंस होटल में बुधवार को दोपहर बाद आग लग गई। तत्काल पुलिस के साथ साथ फायर बिग्रेड को सूचना दी गई । स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड व पुलिस की



मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अग्निशमन विभाग के उप निरीक्षक शिव शंकर लाल की अगुवाई में अग्निशमन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरीके से काबू पा लिया गया। इस मौके पर चौकी प्रभारी रुस्तमपुर बबलू कुमार और अग्निशमन विभाग के लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# शिप्रा लॉन से लाखों के गहने उड़ा ले गईं चोरनी

शादी समारोह के दौरान मैरिज हाउस में घुसी महिलाओं ने की चोरी

सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 Nov): कोतवाली इलाके में एक मैरेज हाउस में शादी समारोह के दौरान दुल्हन के गहने चोरी हो गए. चोरी गए गहनों की कीमत लगभग 5 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है. मैरिज हाउस में पूरा परिवार शादी की रस्म अदा करने में लगा था. इसी दौरान महिलाओं संग मैरिज हाउस में घुसे चोरों के गैंग ने कमरे में रखा ज्वैलरी से भरे बैग पर हाथ साफ कर दिया.



## सीसीटीवी मे कैद हुई चोरी

घटना कोतवाली इलाके के सुमेर सागर रोड स्थित शिप्रा लॉन की है. वहीं, चोरी की यह पूरी घटना मैरिज हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूल्हे के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है. एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है. जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा.

## निकाह की चल रही थी रस्में

कोतवाली इलाके के धम्माल मोहल्ले के रहने वाले अब्दुल वाहब खान के छोटे बेटे नुमान खान की मंगलवार को शादी थी. नुमान की बारात उनके घर से निकलकर शिप्रा लॉन पहुंची. बारात पहुंचते ही परिवार के सभी लोग निकाह की रस्मों में व्यस्त हो गए. इस दौरान दुल्हन को देने के लिए लड़के वालों ने ज्वैलरी लाई थी. दुल्हे के पिता अब्दुल वाहब खान के मुताबिक, घर की महिलाओं ने ज्वैलरी से भरा बैग मैरिज हाउस में स्थित एक कमरे में अन्य सामानों के साथ रख दिया और मेहमानों की खातीरदारी में लग गईं.

## रात 11 बजे घुसीं 5 महिलाएं

इस बीच रात करीब 11 बजे 4 महिलाएं और दो पुरुष बकायदा तैयार होकर मैरिज हाउस में दाखिल हुए. सिक्योरिटी गार्ड से लेकर अन्य देखने वालों को लगा होगा कि शायद कोई मेहमान है. जिनमें से दो महिलाएं कमरे में घुस गई और जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गईं.

## कार से आई थी गैंग

कैमरे में महिलाओं के आने और जाने फुटेज भी कैद हो गई. गैंग बकायदा कार से आया था. जाते वक्त मैरिज हाउस से ही एक कार भी बाहर निकली. जिसमें बैठकर फरार हो गए.

# खतरे में जान

## बिना रजिस्ट्रेशन हॉस्पिटल कर रहे मरीजों से लूट, हर माह 6 पर लगा ताला



कार्रवाई में सील की गई क्लीनिक.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 Nov):** इलाज के नाम पर आजकल लूट मची हुई है. किसी भी हॉस्पिटल या फिर क्लीनिक पर बोर्ड तो नजर आ जाते है, लेकिन उनका न तो रजिस्ट्रेशन है और न ही क्वालिफाइड डॉक्टर्स. ऐसे में मरीजों के साथ धोखा जो हो रहा है, वह तो अगल है,

**i ALERT**

वही इस वजह से उनकी जान खतरे में बनी हुई है. यह हम नही कह रहे हैं, बल्कि हेल्थ डिपार्टमेंट की तरफ से चलाए गए सर्च ऑपरेशन में अप्रैल से लेकर अब तक कुल 46 हास्पिटल को बिना रजिस्ट्रेशन संचालन पर सील कर दिया गया है. पांच अल्ट्रासाउंड संचालक भी थे, जो जांच के नाम पर कमाई करते थे. दो अल्ट्रासाउंड संचालकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है.

### 300 से ऊपर अनरजिस्टर्ड

अनरजिस्टर्ड हास्पिटल, नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी धड़ल्ले से चल रहे हैं. इनकी तादाद करीब 300 से ऊपर है. सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे के निर्देश पर बनाई गई टीम में डिप्टी सीएमओ डॉ. एके सिंह समेत अन्य डॉक्टर की टीम व मेडिकल टीम ने 46 अनरजिस्टर्ड हास्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की है. अभियान को लीड कर रहे डॉ. एके सिंह बताते हैं कि ये सभी सीएमओ आफिस से रजिस्ट्रेशन नहीं करवाए. बिना मानक के हॉस्पिटल चला रहे थे, मरीजों से मोटी फीस, जांच और ऑपरेशन के नाम पर वसूली करते थे. बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर मरीजों को भ्रमित करते थे. ऐसे सभी हास्पिटल को चेक किया जा रहा है.




अस्पतालों में जारी है कार्रवाई.

### रिसेप्शन पर रजिस्ट्रेशन बोर्ड अनिवार्य

डिप्टी सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि तीमारदारों को अपने मरीज एडमिट कराने से पहले उन्हें हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन बोर्ड को पहले जरुर देख लेना चाहिए, तभी जाकर एडमिट उन्हें कराएं. जो भी रजिस्टर्ड हॉस्पिटल, क्लीनिक या नर्सिंग होम हैं, उन्हें अपने रिसेप्शन पर रजिस्ट्रेशन बोर्ड लगाना अनिवार्य है, ताकि यह पता चल सके कि वह रजिस्टर्ड है. जो रजिस्टर्ड नही हैं, वह अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं.

### इन एरिया से पकड़े गए अनरजिस्टर्ड हास्पिटल

- चौरीचौरा
- नई बाजार
- उरूवा बाजार
- पिपराइच
- कैंपियरगंज
- गोला
- खजनी
- सहजनवां
- सोनबरसा
- कौड़ीराम
- बड़हलगंज
- गगहा

| हास्पिटल व पैथोलॉजी | कार्रवाई |
|---|---|
| चंद्रा हास्पिटल, नई बाजार | सील किया गया |
| शानवी हास्पिटल, नई बाजार | सील किया गया |
| कृष्णा हास्पिटल, ब्रह्मपुर | सील किया गया |
| शोभित मेडिकेयर हास्पिट, डुमरी | सील किया गया |
| चंद्रा हास्पिटल डुमरी खुर्द | सील किया गया |
| प्रीति हास्पिटल, सरैया बाजार | सील किया गया |
| चंद्रा डायग्नोस्टिक सेंटर, सरैया बाजार | सील किया गया |
| सवेरा हास्पिटल, मोतीराम अड्डा | सील किया गया |
| आशीर्वाद पैथालोजी, रामनगर कड़जहां | सील किया गया |
| ओम नंदिनी हास्पिटल, न्यू शिवपूरी | कारण बताओं नोटिस |
| दीप शिखा हास्पिटल, खंजाची चौक | सील किया गया |
| श्री वरदान हास्पिटल, खंजाची चौक | कारण बताओं नोटिस |
| द डोहरिया पैथालोजी, डोहरिया बाजार | सील किया गया |
| आयत क्लीनिक, बांसगांव | सील किया गया |
| किरण हास्पिटल, भटवली बाजार | सील किया गया |

गोरखपुर जिले में रजिस्टर्ड हॉस्पिटल
**315**

पैथोलॉजी की संख्या
**200**

अल्ट्रासाउंड की संख्या
**250**



"जिले भर में जो भी अनरजिस्टर्ड हॉस्पिटल, नर्सिंग होम या क्लीनिक हैं. उन सभी का रजिस्ट्रेशन होना जरुरी है. जो बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं. उन सभी के खिलाफ कार्रवाई का अभियान जारी है.

**डॉ. आशुतोष कुमार दुबे,**
सीएमओ गोरखपुर



- सात महीने में 45 अनरजिस्टर्ड हॉस्पिटल पर लगा सीएमओ का ताला
- सिटी से लेकर रुरल एरिया तक फैला है अनरजिस्टर्ड हास्पिटल, पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड का जाल

**चिंतनीय** 7 और 9वीं की 2 स्टूडेंट्स ने पिता के साथ किया सुसाइड

# ट्रिपल सुसाइड : काउंसिलिंग होती तो बच सकती थी तीन जान

**प्राइवेट स्कूलों में काउंसलर प्राइवेट भगवान भरोसे**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 Nov): शाहपुर में पिता के साथ दो बेटियों के सुसाइड की घटना ने पूरे शहरवासियों को झकझोर के रख दिया है. इसमें एक चीज तो खुलकर सामने आई कि दो बच्चियों की रेग्युलर काउंसिलिंग होती तो समय रहते उनकी परेशानियों को समझा जा सकता था. गोरखपुर के अधिकतर स्कूलों में काउंसलर रखे तो गए हैं, लेकिन बच्चों की काउंसिलिंग समय पर नहीं होती है और ना ही इसका कोई ब्योरा स्कूल के पास रहता है. वहीं सरकारी स्कूल तो भगवान भरोसे ही चलते हैं.

### कम स्कूलों में काउंसिलिंग

गोरखपुर के कई प्राइवेट स्कूल हैं, जहां पर प्रॉपर बच्चों की काउंसिलिंग कर उनके बातों सुना जाता है, जो भी परेशानी होती है या बच्चे के व्यवहार में कोई परिवर्तन दिखता है, तब स्कूल प्रिंसिपल पेरेंट्स को इसकी जानकारी देते हैं. ताकि समय रहते बच्चे के अंदर कुछ भी गलत चल रहा हो तो उसे दूर किया जा सके. वहीं बहुत से स्कूल हैं जहां पर फॉर्मेल्टी भर की काउंसिलिंग होती है. वहां इसका कोई ब्योरा भी नहीं तैयार नहीं किया जाता है.

### गोरखपुर में है मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र

गोरखपुर जिले में भी मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र बनाया गया है. यहां से काउंसलर गोरखपुर मंडल के सभी जिलों के स्कूलों में जाकर स्टूडेंट्स की काउंसिलिंग करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है. वर्तमान समय में गोरखपुर में भी एक काउंसलर के भरोसे मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र चल रहा है. जबकि उस काउंसलर के जिम्मे हजारों बच्चों की काउंसिलिंग करना है, जो एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है. बहुत से लोगों को ये भी नहीं पता कि जुबिली इंटर कॉलेज के अंदर मंडलीय मानेविज्ञान केन्द्र भी है. इस वजह से परिषदीय और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों की काउंसिलिंग नहीं हो पाती है.



स्कूल में प्रॉपर सभी बच्चों की काउंसिलिंग कराई जाती है. इसके लिए आरपीएम के हर शाखा में काउंसलर रखे गए हैं. पढ़ाई के साथ ही बच्चों की काउंसिलिंग बहुत जरूरी है. इससे बच्चा भटकने नहीं पाता है.

**अजय शाही**

डायरेक्टर, आरपीएम एकेडमी



क्वाटरली स्कूल में बच्चों की मानसिक दशा की जांच की जाती है. उन्हें खुलकर बात करने की आजादी दी जाती है. वो अपनी हर तरह की समस्या को शेयर करें, इसके लिए काउंसलर रखे गए हैं.

**राजीव गुप्ता**

डायरेक्टर, स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज



बच्चों की काउंसिलिंग जरूरी है. वर्तमान समय में बच्चे टीवी मोबाइल में खोए हैं, वे अपनी बात कहने पर हिचकिचाते हैं. काउंसलर को पहले उनका दोस्त बनना पड़ता है, विश्वास दिलाना पड़ता है कि वो उनका साथ देंगे. तब बच्चे अपनी सारी बातें काउंसलर से शेयर करते हैं. मैं परिषदीय स्कूल में काउंसिलिंग कर रही हूं.

**सीमा श्रीवास्तव,**

साइकोलॉजिस्ट, मंडलीय मनोविज्ञान सेंटर

| | |
|---|---|
| सीबीएसई स्कूल | 123 |
| आईसीएसई स्कूल | 23 |
| माध्यमिक स्कूल | 489 |
| परिषदीय स्कूल | 2500 |

# रोजाना 16 SUICIDE

## फैमिली प्रॉब्लम सबसे बड़ी वजह

anurag.panday@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 Nov):** एक साल में 5932 सुसाइड. मतलब एक दिन में 16. एनसीआरबी के यह आंकड़े पूरे उत्तर प्रदेश के 2021 के हैं. आप सोच रहे होंगे कि एकाएक यह आंकड़ा क्यों? तो यह जानना जरूरी है कि बीते मंगलवार को एक घर में 3 नहीं बल्कि दो घर में पांच लोगों ने मौत को गले लगाया. गोरखपुर एक ही दिन में पांच लोगों के सुसाइड से दहल उठा. मंगलवार की सुबह-सुबह एक तरफ शाहपुर के घोषीपुरवा नया मोहल्ला में दो नाबलिग बेटियों के साथ पिता ने सुसाइड कर लिया. वहीं, दूसरी तरफ देर रात मां और जवान बेटे ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. दोनों केस में फैमिली प्रॉब्लम सामने आई. एनसीआरबी के आंकड़े भी कह रहे हैं कि सर्वाधिक 33 परसेंट लोग फैमिली प्रॉब्लम की वजह से मौत को गले लगा रहे हैं. इसके बाद सर्वाधिक लोग बीमारी की वजह से सुसाइड कर रहे हैं.

**i SHOCKING**

**7 DAYS** बीते जून में 7 दिन के अंदर सात सुसाइड

**9 जून** को गीडा में युवक ने किया सुसाइड.

**10 जून** को बांसगांव में युवक ने सुसाइड किया.

**6 जून** को बांसगांव में युवक ने किया सुसाइड.

**6 जून** को ही गोला इलाके में युवती ने सुसाइड किया.

**7 जून** को सिकरीगंज में युवक ने किया सुसाइड.

**11 जून** को गुलरिहा के 85 साल के बसंत सिंह ने किया सुसाइड.

**14 जून** को गीडा में हाइटेंशन तार से लटकर युवक ने किया सुसाइड.



एक साल में **5932** सुसाइड

**एक ही दिन पांच लोगों की सुसाइड से दहल उठा गोरखपुर सिटी**

| सुसाइड की वजह | परसेंट |
|---|---|
| फैमिली प्रॉब्लम | 33.2 |
| बीमारी | 18.6 |
| अदर केस | 9.2 |
| कारण नही पता | 9.7 |
| नपुंसकता | 0.2 |
| अवैध संबंध | 0.4 |
| कैरेक्टर पर दाग लगने पर | 0.5 |
| एग्जाम में फेल होने पर | 1.0 |
| संपत्ति विवाद | 1.1 |
| गरीबी | 1.1 |
| सगे संबंधी की मौत | 1.2 |
| कॅरियर प्रॉब्लम | 1.6 |
| बेरोजगारी | 2.2 |
| आर्थिक तंगी | 3.9 |
| लव अफेयर | 4.6 |
| शादी से जुड़ी प्रॉब्लम | 4.8 |
| नशे की लत | 6.4 |

(नोटः आंकड़े एनसीआरबी के अनुसार 2021 के हैं.)



**इन दिनों गोरखपुर में सुसाइड के कुछ केस आए हैं. इसके लिए प्रयास किया जाएगा कि थानावार पड़ने वाले इलाके में अपराध रोकने के साथ ही लोगों की काउंसिलिंग भी की जाए. पैसे को लेकर कोई धमकी या सूदखोरों द्वारा प्रताड़ित करने पर पुलिस तुरंत एक्शन लेती है. कहीं भी ऐसा कुछ हो तो लोगों को प्रेशर में ना आकर संबंधित थाने से मदद लेनी चाहिए.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी गोरखपुर




| | |
|---|---|
| 2021 | 5932 |
| 2022 | 4804 |
| 2019 | 5464 |

(नोटः आंकड़े एनसीआरबी के अनुसार है.)

### लोग अपनी बातें शेयर करें



मोबाइल और कंप्यूटर युग में सारा समय लोग सोशल मीडिया पर दे रहे हैं. उन्हें बाहर की दुनिया से कोई मतलब नही है. कॉलोनी, मोहल्ले में लोग एक दूसरे से बात करने से कतरा रहे है. परिवार भी एक दूसरे को टाइम नही दे रहा है. साथ ही एकल परिवार बढ़े हैं. आभाषी दुनिया की तरफ अट्रैक्ट लोग जब किसी प्रॉब्लम को फेस कर रहे हैं तो उन्हें अपनी परेशानी शेयर करने के लिए कोई नही मिल रहा है. इस हाल में खुद को अकेला पाकर उनके अंदर निगेटिव विचारधारा घर कर रही है. लोगों को अपनी बातें शेयर करनी होंगी और आभाषी दुनिया से बाहर निकल कर असलियत में जीना होगा.

**प्रो. सुषमा पाण्डेय,**

पूर्व विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, डीडीयूजीयू

# हूटर बजाने से मना करने पर मनबढ़ों ने घर में घुसकर पीटा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 Nov):** कैराडीह गांव में दरवाजे पर हूटर बजाने से मना करने से आक्रोशित मनबढ़ों ने युवक के घर में घुसकर लोगों की जमकर पिटाई की. इसमें तीन महिला समेत सात लोग घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया गया. बुधवार को मामले में घर में घुसकर मारपीट, बलबा, हत्या के प्रयास व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने 12 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद सभी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

## तेज आवाज में बजाने लगे हूटर

राममिलन ने तहरीर में लिखा है कि मंगलवार की शाम बाइक पर गेहूं की बोरी बांधकर मशीन पर रखने हूटर बजाते जा दो युवक जा रहे थे. इसी बीच घर के सामने रुककर और तेज आवाज में बजाने लगे. मना किया तो युवक विवाद करने लगे, फिर चले गए. कुछ देर बाद बाइक सवार दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ घर आ धमके और अंदर घुसकर मारने-पीटने लगे. जान बचाकर भागने पर जो घर के अंदर मिला लोगों ने उन्हें पीट दिया. इसमें वह और शारदा, किसनावती, रेनू, सुशील, अजय, दयाराम, कुबेर घायल हो गए.

**" तहरीर के आधार पर पंकज विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा, रोहित कुमार, जितेंद्र, धनंजय, रणजीत, पंकज, सूरज, हरिओम, दीपक, वीरेंद्र, इंद्रेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.**

**विज्ञानकर सिंह,**
थाना प्रभारी हरपुर बुदहट

# गला दबाकर मारने का प्रयास आरोपित अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 Nov):** शिवपुर सहबाजगंज में सोमवार की रात एक व्यक्ति को घर में अकेला पाकर उसके पट्टीदार ने गला दबाकर मारने का प्रयास किया. नाक व कान से खून निकलने के बाद आरोपित फरार हो गया. सूचना पर पहुंचे स्वजन उसे मेडिकल कालेज ले गए. बुधवार को स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार शिवपुर सहबाजगंज निवासी 50 वर्षीय उदयभान सोमवार की रात घर पर अकेले सोए थे. भूमि विवाद में उनके पट्टीदार परशुराम उर्फ भोंपू ने दुपट्टे से उनका गला कस दिया. उदयभान बेहोश हो गए, उनकी नाक और कान से खून निकलने लगा. इसके बाद आरोपित फरार हो गया. देर रात होश में आने पर उदयभान ने थोड़ी दूर पर रह रहे एक व्यक्ति के घर पहुंच घटना के बारे में बताया. उसने मामा के घर हुमायूंपुर गए उनके पुत्र प्रिंस को मोबाइल पर सूचना दी. पुत्र घायल पिता को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचा और पुलिस को सूचना दी. उपचार के बाद मंगलवार की शाम उदयभान ने पट्टीदार परशुराम उर्फ भोंपू के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी. थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

# शॉर्ट सर्किट से होटल में लगी आग, हड़कंप



घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड.

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 Nov): तारामंडल स्थित फाइव सेंसेज होटल में बुधवार दोपहर करीब दो बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई. आसपास स्थित दुकानों और घरों में अफरातफरी मच गई. लोगों की भीड़ होटल के बाहर इकट्ठा होने लगी. सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की दो बड़ी दमकल गाड़ियों ने समय रहते



आग पर काबू पा लिया. अग्निशमन अधिकारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि होटल में दोपहर दो बजे आग लगने की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया.

आग शार्ट सर्किट से लगी थी. आग लगने से किचन में रखा कुछ सामान जल गया. किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

# यातायात नियमों का पालन कर जीवन बचाएं

JHANGHA : मानव जीवन बहुमूल्य है, इसके सुरक्षा की जिम्मेदारी लोगों को ही खुद लेनी होगी. इसलिए दो पहिया चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए. यदि वाहन पर और भी कोई हो तो कोशिश करें की वह भी हेलमेट पहने. ये बातें एसपी ट्रैफिक महेंद्र पाल सिंह ने प्रताप नारायण सिंह इंटर कॉलेज बरही सोनबरसा के वार्षिकोत्सव में कही. इस दौरान स्टूडेंट्स को यातायात नियमों की जानकारी भी दी. आईटीएमएस के इंजीनियर भाऊसी ने कहा कि यातायात के सभी नियमों का हर किसी को पालन करना चाहिए. इस अवसर पर प्रबंधक शिवेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह, अमर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे.

# सख्ती से घटे हर्ष फायरिंग के मामले

- जिले में एक साल में नहीं हुई हर्ष फायरिंग की कोई घटना
- हर्ष फायरिंग की पुरानी वीडियो वायरल होने पर केस दर्ज

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। हर्ष फायरिंग की घटनाएं थम ही न जाएं होने न पाएं इसे लेकर शासन ने गंभीर रुख अख्तियार किया है। आयुध अधिनियम 2019 का पालन सख्ती से कराने का निर्देश दिया है। हालांकि गोरखपुर जिले में पुलिस हर्ष फायरिंग की घटनाओं को लेकर पहले से ही सख्त है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल हर्ष फायरिंग की कोई घटना सामने नहीं आई है। अलबत्ता पुलिस ने हर्ष फायरिंग की एक पुरानी वीडियो वायरल होने पर जिला पंचायत सदस्य पर केस दर्ज कर लिया है।

उत्तर प्रदेश शासन ने आयुध अधिनियम 2019 का पालन सख्ती से कराने का निर्देश दिया है। इसे लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्ती और सक्रियता दोनों बढ़ा दी है। थानेदारों और चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर्ष फायरिंग की घटना यदि होती है तो आरोपित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके गन लाइसेंस निरस्त कराए जाएं। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए। शासन के इस निर्देश पर पुलिस-प्रशासन ने इस मामले को लेकर नजर रखनी शुरू कर दी है।

जिले में 5 साल के दौरान कोई ऐसा साल नहीं बीता जब हर्ष फायरिंग की एक भी घटना न हुई हो। हर्ष फायरिंग की घटनाएं प्रकाश में आती रहीं। हर मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया और आरोपितों पर कार्रवाई की। आरोपितों की गन लाइसेंस निरस्त किए जाने की कार्रवाई की गई। 2022 में अब तक हर्ष फायरिंग की कोई घटना सामने नहीं आई है। एक पुरानी वीडियो वायरल होने पर बांसगांव थाने की पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य विट्टू राय पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## गोरखपुर जिले में हर्ष फायरिंग की घटनाएं

- 16 अक्तूबर 2022 : बांसगांव थाना क्षेत्र स्थित लोनाव दुर्गा मंदिर में जन्माष्टमी समारोह के दौरान डीजे पर डांस करते हर्ष फायरिंग का जिला पंचायत सदस्य का वीडियो हुआ था वायरल, केस दर्ज।
- 17 दिसम्बर 2021 : बिलंदपुर में शादी की सालगिरह में हर्ष फायरिंग में रमेश कन्नौजिया को लगी थी गोली। पुलिस ने केस दर्ज किया।
- 25 नवंबर 2020 : गुलरिहा क्षेत्र स्थित जैनपुर मोहम्मद बरवा टोला में हर्ष फायरिंग में चार साल के बच्चे को गोली लग गई थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ की कार्रवाई।
- 8 अक्तूबर 2019 : चिलुआताल क्षेत्र के बिचउपुर में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हर्ष फायरिंग में महिला घायल हो गई थी।
- 24 जनवरी 2019 : बड़हलगंज क्षेत्र के सिधुआपार में तिलक में हर्ष फायरिंग में तीन लोग घायल हुए थे। पुलिस ने केस दर्ज किया था।
- 25 अप्रैल 2018 : कुसम्ही स्थित मैरेज हाउस में शादी में डीजे पर डांस के दौरान दो युवकों ने की थी फायरिंग। पुलिस ने आरोपितों पर की कार्रवाई।
- 9 जून 2017 : बड़हलगंज थाना क्षेत्र स्थित विशुनपुर में द्वारपूजा के दौरान हर्ष फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। गोली लगने से दो अन्य लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

# धोखाधड़ी का आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने कूटरचना एवं धोखाधड़ी के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। चिलुआताल थानेदार विनय कुमार सरोज ने बताया कि सहजनवा क्षेत्र के मोहनाग गांव निवासी रवि प्रकाश त्रिपाठी के खिलाफ पुलिस धारा 406, 419, 420, 467, 468, 471, 427, 120बी, 34, 506 के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

# भूमि विवाद में हत्या का प्रयास, केस दर्ज

पादरी बाजार। शिवपुर सहबाजगंज निवासी एक व्यक्ति का गला कसकर मारने का प्रयास किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। शिवपुर सहबाजगंज निवासी उदयभान सोमवार की रात घर पर अकेले थे। पट्टीदार परशुराम ने दुपट्टे से गला कस दिया। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शातिर चोर नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने बुधवार को नशीले पाउडर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। आरोपित की पहचान क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज निवासी अभिषेक यादव के रूप में हुई। वह कैंट, गुलरिहा व शाहपुर में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है।

# किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म, आरोपित दबोचा

चिलुआताल। क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात हैण्डपम्प पर हाथ धोने गई किशोरी को शोहदे ने चाकू के नोंक पर अपहरण कर दुष्कर्म किया। बाद में वह जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि इस बीच गांव का दिवाकर गर्दन पर उसके चाकू लगाकर साथ लेते गया। गांव में सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। गोला पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश को बुधवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से पुलिस ने 1.2 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस एनडीपीएस एक्ट में उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आरोपित की पहचान गोला क्षेत्र के पाण्डेयपार उर्फ डड़वा निवासी देवेन्द्र उर्फ सतिराम के रूप में हुई। उस पर गोला और गगहा थाने में लूट, मारपीट समेत अन्य धाराओं में पांच मुकदमा दर्ज है।

# बर्तन व्यापारी के हत्यारोपी को दबोचा

गोरखपुर, निज संवाददाता। खोराबार पुलिस ने बर्तन व्यापारी की चाकू मारकर हत्या के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

खोराबार थानेदार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात में मूर्ति विसर्जन के दौरान बर्तन व्यापारी विक्की ठठेरा पुत्र राजकिशोर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में फरार चल रहे रामगढ़ताल क्षेत्र के मंझरिया गांव निवासी अविनाश निषाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले भी वह कई मामले में जेल जा चुका है।

# अवैध खनन में लिप्त 22 ओवरलोड ट्रक पकड़े

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। परिवहन विभाग के यात्री कर अधिकारी व खनिज अधिकारी के नेतृत्व में ट्रक संचालक संगठनों ने ओवरलोड ट्रक के खिलाफ अभियान तेज करते हुए 22 ट्रकों को दबोच लिया और अधिकारियों की सहायता से पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

मंगलवार देर रात खनिज अधिकारी व परिवहन अधिकारी के साथ ट्रक संचालक संगठन व ट्रक ऑपरेटर संगठन के पदाधिकारियों ने नौसढ़ से लेकर कौड़ीराम तक अवैध खनन और ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाया। ओवरलोड गिट्टी लादकर आने वाली ट्रकों के पास कोई रॉयल्टी नहीं मिली। गाड़ियों के नंबर प्लेट भी गायब थे। चेकिंग के दौरान इस तरह के कुल 13 ट्रक मिले। इनमें 8 ट्रकों का ऑनलाइन चालान किया गया तथा पांच ट्रकों को बेलीपार थाने पर सुपुर्द किया गया।

खनिज अधिकारी द्वारा खजांची क्षेत्र में ट्रकों को पकड़कर शाहपुर थाना को सुपुर्द किया गया। इन ट्रकों के खिलाफ रॉयल्टी पेपर नहीं होने व अवैध खनन सामग्री लोड होने की वजह से कार्रवाई की गई। संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर अधिकारियों ने अलग अलग क्षेत्रों में ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई किया। मिर्जापुर से लगातार ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रक वाराणसी से आजमगढ़ होते हुए गोरखपुर पहुंच रहे हैं।

# सात लोगों पर गैंगस्टर एक्ट में हुई कार्रवाई

उरुवा बाजार। आपराधिक घटनाओं में संलिप्त सात लोगों के विरुद्ध पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। उरुवा थानेदार सुनील कुमार ने बताया कि प्रदुम्न निवासी सुअरन थाना गोला, अमित मौर्य निवासी टड़वा थाना उरुवा, सिद्धार्थ निवासी कुरावल, राज यादव निवासी राइपुर, ऋषभ यादव मोहद्दीपुर थाना गोला, अंकुर यादव नेवसा थाना गोला, सुंदरम निवासी नेवसा पर कार्रवाई हुई है।

# शॉर्ट सर्किट से होटल में लगी आग

गोरखपुर। रामगढ़ताल क्षेत्र के तारामंडल स्थित फाइव सेंस होटल में बुधवार की दोपहर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। अग्निशमन विभाग के दरोगा शिव शंकर लाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी हुई है।

# लूट के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर। उरुवा पुलिस ने बुधवार को लूट के मोबाइल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान संतकबीरनगर के धनघटा क्षेत्र के तामा गांव निवासी अरविन्द्र के रूप में हुई। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी।

# नशीले पाउडर के साथ दो उचक्कों को दबोचा

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान बुधवार को बिना नंबर प्लेट की बाइक से घूम रहे दो युवकों को पकड़ कर तलाशी ली तो उनके पास से 137 ग्राम अवैध नशीला पाउडर बरामद हुआ। आरोपितों की पहचान देवरिया के रुद्रपुर के मल्लाह टोला वार्ड नंबर 12 निवासी अमित साहनी और झंगहा क्षेत्र के राजी जगदीशपुर निवासी गुड्डू हरिजन के रूप में हुई।

# ऑनलाइन ठगी के 1.18 लाख कराए वापस

गोरखपुर। ऑनलाइन ठगी के शिकार चार लोगों के साइबर सेल की टीम ने 1.18 लाख रुपये वापस कराए हैं। खरबूज के आर्डर के नाम पर फलमंडी निवासी विक्की से 50 हजार रुपये जालसाज ने खाते में जमा करा लिए। एसएसबी जवान दिलीप सिंह से क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने के नाम पर 13 हजार और चिलुआताल निवासी दीपक वर्मा से 45 हजार की ठगी हुई थी।

घोषीपुरवा में दो बेटियों के साथ पिता की खुदकुशी से लोग स्तब्ध, पुलिस ने बुजुर्ग ओमप्रकाश की गुजारिश पर घर से निकाली दवा

# पुलिस ने घर में लगाया ताला, बाहर हुआ शांति पाठ

**फॉलोअप 1**

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित घोसीपुरवा में सोमवार की आधी रात के बाद जितेंद्र श्रीवास्तव और उनकी दो बेटियों मान्या व मानवी द्वारा फांसी लगाए जाने की घटना से पूरा मोहल्ला स्तब्ध है। जितेंद्र और उनकी दोनों बेटियों का अंतिम संस्कार मंगलवार को रात में ही कर दिया गया। जितेंद्र के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि मंगलवार को ही शाहपुर पुलिस ने मकान में ताला बंद कर दिया और चाबी अपने पास रख ली है।

शाहपुर पुलिस ने मंगलवार को ही जितेंद्र और उनकी दोनों बेटियों मान्या तथा मानवी का पोस्टमार्टम कराया और रात में ही राप्ती के किनारे राजघाट पर अंतिम संस्कार करा दिया। जितेंद्र के पिता ओमप्रकाश ने मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष शाहपुर रणधीर मिश्र ने बांस के लिए 1500 रुपये दिए। अन्य खर्च घोषीपुरवा के पार्षद प्रतिनिधि मंगलाल यादव ने उठाया।

जितेंद्र के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि वह ब्लडप्रेशर के मरीज हैं। शाहपुर पुलिस ने उनके मकान में मंगलवार को ही ताला बंद कर दिया था। उनकी गुजारिश पर पुलिस ने ताला खोलकर उनकी दवा बाहर निकलवा दी और पुनः ताला बंद कर चाबी उठा ले गई।

बुधवार की सुबह ओमप्रकाश ने बेटे और दोनों पोतियों की आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ कराने के लिए पुलिस से मकान का ताला खोलने की सिफारिश की लेकिन पुलिस तैयार नहीं हुई। ओमप्रकाश ने दरवाजे की सीढ़ी पर ही गायत्री परिवार के सदस्यों को बुलवाकर हवन कराया। वहीं शांति पाठ भी किया गया।


जितेंद्र के मकान में लगा ताला।

### हाल ही में कराई थी पिता और पुत्रों ने जमानत

वर्ष 2006 में कालोनी की ही एक महिला ने ओमप्रकाश व उनकी पत्नी तथा दोनों पुत्रों जितेंद्र व नितेश पर धारा 323, 506 आईपीसी के तहत शाहपुर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। ओमप्रकाश की पत्नी की मृत्यु जुलाई 2022 में हो चुकी थी। अन्य तीनों का वारंट आने पर 15 दिन पहले उन्होंने जमानत कराई थी। अगली तारीख पेशी 25 नवम्बर को तय थी।

### महीने में 50 रुपये पाकर चहक उठती थीं पोतियां

जितेंद्र के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि वह गार्ड की नौकरी करते हैं। उन्हें जब वेतन मिलता था तो दोनों पोतियों को 50-50 रुपये देते थे। महज 50-50 रुपये पाकर उनकी पोतियां चहक उठती थीं। इतनी कम उम्र में भी पोतियां समझने लगी थीं कि परिवार की माली स्थिति ठीक नहीं है। दादा उन्हें जो 50 रुपये दे रहे हैं उनके लिए वह 5000 से कम नहीं है। ओमप्रकाश यह कहते हुए फफक पड़े कि आर्थिक तंगी ऐसी आ गई थी कि बीते तीन महीने से पोतियों को 50-50 रुपये भी नहीं दे पाए थे।

## अकेलेपन का अवसाद बयां करती है घटना

घोषीपुरवा में जितेंद्र श्रीवास्तव ने दो बेटियों के साथ फांसी लगा ली। ऐसे लोग अवसाद और नकारात्मक सोच के कारण अपने करीबियों से बार-बार कहते हैं कि इससे तो अच्छा होता कि मर ही जाते। कई बार एकांत में चले जाते हैं। घोषीपुरवा की घटना भीड़ में एकाकीपन का अवसाद बयां करती है। 'हिन्दुस्तान' ने घोषीपुरवा की घटना पर प्रबुद्ध नागरिकों, समाजशास्त्रियों एवं मनोवैज्ञानिकों से बात की तो कुछ इस तरह के तर्क सामने आए।


ऐसी घटनाएं बताती हैं कि हमारा सामाजिक ढांचा कितना खोखला हो चुका है और लोगों के भीतर निराशा और अवसाद कितना गहरा है। ढेरों कल्याणकारी योजनाओं, जनप्रतिनिधियों की बहुस्तरीय भीड़, ढेरों जातीय और सामुदायिक संगठनों की मौजूदगी के बावजूद अगर कोई इस हद तक नाउम्मीद हो रहा है तो यह राजनीतिक, प्रशासनिक और नागरिक समाज के लिए गहरे आत्मावलोकन का विषय है।
- प्रो. हर्ष सिन्हा, विभागाध्यक्ष, रक्षा अध्ययन, डीडीयू


हर व्यक्ति अपनी जिंदगी में इतना व्यस्त हो गया है कि चेहरे या बातों के भाव को पढ़ने की फुर्सत नहीं है। इस तरह के कदम उठाने से पहले उसकी बातों से वह रिफ्लेक्ट होता है। वे लोग अवसाद और नकारात्मक सोच के कारण अपने करीबियों से कहते हैं कि इससे अच्छा तो होता कि मर ही जाते। समाज के रूप में हम अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा पा रहे, इससे इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।
- प्रो. अनुभूति दूबे, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान, डीडीयू


समाज में नियमविहीनता बहुत हो जाने पर गरीबी, बेरोजगारी में निराशा और हताशा के भाव आते हैं। ये आत्महत्या को बाध्य करने लगती हैं। सरकार के पास योजनाएं तो बहुत हैं लेकिन कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं है। पहले संयुक्त परिवारों में जिम्मेदारियां बंट जाया करती थीं। अब कोई बांडिंग नहीं है। उपभोक्तावादी युग है। बिना पैसे के एक कदम भी इंसान का चलना मुश्किल है।
- प्रो. संगीता पांडेय, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र, डीडीयू


सामाजिक बदलाव के संक्रमण काल और आर्थिक अनिश्चितता भरे माहौल के बीच ऐसी आत्महत्याएं निराशाजनक और गंभीर चिंतन का विषय है। बदलती जीवनशैली, आय एवं व्यय में असंतुलन, सम्बन्धों में विघटन, परिवार का व्यक्ति केंद्रित स्वरूप और बढ़ती बेरोजगारी के कारण न केवल आत्महत्या बल्कि एकल परिवारों में सामूहिक आत्महत्या की प्रवृत्ति हाल के दिनों में बढ़ी है।
-डॉ. मनीष पाण्डेय, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, डीडीयू

# विवाहिता को मासूम के साथ घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**जासं, सहजनवां** : गीडा के बरवार में विवाहिता को ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए एक वर्ष की मासूम के साथ घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुर अभयनाथ दुबे, सास प्रेमलता, देवर अरूण और अरविंद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। महिला नंदनी दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनकी शादी दो वर्ष पूर्व बरवार खुर्द निवासी अभयनाथ दुबे के पुत्र अनुपम नाथ दुबे के साथ हुई थी। ससुराल के लोगों ने पति को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की बात छिपाकर शादी कर दी और इलाज के लिए दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल के लोग उत्पीड़न करने लगे। 29 अगस्त 2022 को पति की मृत्यु होने के बाद ससुराल के लोगों का उत्पीड़न और बढ़ गया। उन्होंने एक वर्ष की मासूम बच्ची के साथ घर से निकाल दिया।

**क्रेडिट कार्ड से हो गया भुगतान, मुकदमा दर्ज** : गीडा के पिपरौली निवासी आलमगीर पुत्र शकील अहमद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि एक्सिस बैंक और बैंक आफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से फर्जी तरीके से 56 हजार रुपये निकाल लिए गये। मैसेज आने के बाद उसे जानकारी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# हत्यारोपित की तलाश में छापा, कई हिरासत में

**जागरण संवाददाता, पिपराइच :** चाकू से गला रेतकर महिला की हत्या करने वाले आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पूछताछ के लिए उसके करीबियों को हिरासत में लिया गया है। वर्ष 2019 में आरोपित ने महिला की बेटी पर जानलेवा हमला किया था। सुरक्षा के लिहाज से पीड़ित के घर फोर्स तैनात है। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की दोपहर माड़ापार में महिला का अंतिम संस्कार हुआ।

हेमधापुर निवासी भगवानी देवी मंगलवार की दोपहर में बेटी फूला के साथ खेत में बकरी चराने गई थीं। गांव का रहने वाला राकेश सिंह पहले से खेत में मौजूद था। दोपहर में फूला दवा खाने घर चली गई। इसी दौरान भगवानी को अकेला पाकर राकेश ने चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर कुछ दूरी पर ट्रैक्टर से जोताई कर रहा देवर योगेंद्र दौड़ा तो आरोपित फरार हो गया। स्वजन गंभीर स्थिति में भगवानी को अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष पिपराइच सूरज सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश चल रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक साल पहले जमानत पर छूटा था

वर्ष 2019 में राकेश ने भागवानी की बेटी फूला पर जानलेवा हमला के आरोप में पुलिस ने राकेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।दो वर्ष तक वह जेल निरुद्ध रहा।एक वर्ष पहले पिता बिंदू ने जमानत कराया।मुकदमे में समझौता करने के लिए सात जनवरी को 2022 को राकेश ने भगवानी व उनके पति सुरेन्द्र को पीट दिया था जिसमें मुकदमा दर्ज है।जमानत पर छूटने के बाद वह अपने मां-बाप से भी मारपीट करने लगा।आजिज आकर पिता मुंबई चले गए।

# फोन पर फिरौती मांगने के आरोपित का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

**जासं, गोरखपुर** : जान से मारने की धमकी देते हुए फोन पर फिरौती मांगने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश शशिभूषण कुमार शांडिल्य ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुशहरा गांव निवासी चंदन सिंह उर्फ देवकी नंदन का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव व विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि वादी विनोद कुमार सिविल लाइंस का निवासी है। उसने 27 जून 2014 को प्रार्थना पत्र दिया कि चंदन सिंह नामक व्यक्ति फोन कर फिरौती मांग रहा है और गाली देकर जान मारने की धमकी दे रहा।

# ठगी के शिकार लोगों को 11.50 लाख लौटाए

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : साइबर सेल और अपराध शाखा की टीम ने बुधवार को आनलाइन ठगी के शिकार चार व्यक्तियों को 11 लाख 86 हजार 72 सौ रुपये लौटाए। पुलिस अधीक्षक अपराध इंदू प्रभा ने बताया कि रामगढ़ताल थाना के फल व्यवसायी विक्की सोनकर से खरबूजे के आर्डर के नाम पर आनलाइन 50 हजार की ठगी हुई थी। एसएसबी के दिलीप सिंह के खाते से एसबीआइ क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम साइबर अपराधी ने लिंक भेजकर 13 हजार 182 रुपए निकाल लिया था। अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों के पैसे वापस कर दिए।

पुलिस अधीक्षक अपराध इंदू प्रभा ने बताया कि ओएलएक्स पर मोबाइल फोन बेचने का विज्ञापन डालकर चिलुआताल थाना के दीपक वर्मा से ठग ने धोखे से आनलाइन 45 हजार रुपये जमा करा लिए थे। वहीं पिपराइच की प्रीति यादव ने साइबर अपराधी ने कैशबैक के नाम पर फोन पे के माध्यम से उनके खाते से 10 हजार 490 रुपये निकाल लिए थे। साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों का पैसा वापस करा दिया।

# विभिन्न मामलों में पुलिस के हत्थे चढ़े छह आरोपित

- गैंगस्टर के आरोपित को गांजा के साथ गोला पुलिस ने पकड़ा
- सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, भेजे गए जेल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लूट, अपहरण, चोरी और गैंगस्टर के छह आरोपितों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

गोला पुलिस ने गगहा थाना के पांडेयपार उर्फ डड़वा निवासी गैंगस्टर के आरोपित देवेन्द्र उर्फ सतीराम यादव को 1.02 किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया। कैंट पुलिस ने 137 ग्राम नशीले पाउडर के साथ देवरिया जनपद के रुद्रपुर थाना के मल्लाह टोला वार्ड नंबर दो निवासी अमित साहनी को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि वह लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों को नशीले पाउडर खिलाकर उन्हें बेहोश कर कीमती सामान लेकर भाग जाता था। इसी तरह शाहपुर पुलिस ने नशीले पाउडर के साथ शिवपुर सहबाजगंज निवासी अभिषेक यादव, बड़हलगंज पुलिस ने अपहरण के आरोपित महतोपार निवासी अमन साहनी को गिरफ्तार किया है। वहीं कूटरचना एवं धोखाधड़ी के मामले में आरोपित सहजनवां थाना के मोहनाथ निवासी रवि प्रकाश त्रिपाठी को चिलुआताल पुलिस ने गिरफ्तार किया। उरुवा थाना पुलिस ने लूट के आरोपित संतकबीरनगर जनपद के घनघटा थाना क्षेत्र के तामा गांव के निवासी अरविंद प्रसाद को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से लूट का मोबाइल बरामद हुआ।

# उधार सब्जी न देने पर मनबढ़ों ने मारा-पीटा

बड़हलगंज : गोला मोहल्ला निवासी रमजान ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि मेरी सब्जी की दुकान गोला रोड पर ब्लाक के सामने है। बुधवार को भैंसवली गांव निवासी कुछ युवक दुकान पर आए और उधार सब्जी मांगने लगे। मैंने देने से इन्कार कर दिया, क्योंकि पहले का भी पैसा बाकी था। इस पर वह गाली देते हुए अपने गांव से कुछ अन्य लोगों को बुलाकर मारने-पीटने के साथ दुकान उजाड़ दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (जासं)

# सात लोगों पर पुलिस ने की गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

गोरखपुर : उरुवा थाना पुलिस ने लूट, डकैती और अपराध करने वाले गैंग के सात आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गैंग का सरगना गोला के सुअरन गांव के प्रदुम्न उर्फ रणविजय, मोहद्दीपुर गांव के ऋषभ यादव, नेवसा के अंकुर यादव उर्फ विनय यादव, सुन्दरम यादव और उरुवा के टड़वा बहलीन गांव के अमित मौर्य, कुरावल निवासी सिद्धार्थ उर्फ गोलू गिरी, राज यादव पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इनके ऊपर गोला, उरुवा समेत अन्य थानों में विभिन्न आपराधिक मामलों में मुकदमा दर्ज है। (जासं)



देवरिया बाईपास स्थित फाइव सेंसेज होटल में लगी आग को बुझाते कर्मचारी • जागरण

# शार्ट-सर्किट से होटल के किचन में लगी आग

**जासं, गोरखपुर** : तारामंडल स्थित फाइव सेंसेज होटल में बुधवार को दोपहर करीब दो बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। आसपास स्थित दुकानों और घरों में अफरातफरी मच गई। लोगों की भीड़ होटल के बाहर इकट्ठा होने लगी। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की दो बड़ी दमकल गाड़ियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

अग्निशमन अधिकारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग शार्ट सर्किट से लगी थी। आग लगने से किचन में रखा कुछ सामान जल गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# भूमि विवाद में गला दबा मारने का प्रयास, आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : शिवपुर सहबाजगंज में सोमवार रात एक व्यक्ति को घर में अकेला पाकर पट्टीदार ने गला दबाकर मारने का प्रयास किया। नाक व कान से खून निकलने के बाद आरोपित फरार हो गया। स्वजन उसे मेडिकल कालेज ले गए। बुधवार को स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

शिवपुर सहबाजगंज निवासी 50 वर्षीय उदयभान सोमवार की रात घर पर अकेले सोए थे। भूमि विवाद में उनके पट्टीदार परशुराम उर्फ भोंपू ने दुपट्टे से गला कस दिया। उदयभान बेहोश हो गए, उनकी नाक और कान से खून निकलने लगा तो आरोपित फरार हो गया। देर रात होश आने पर उदयभान ने एक व्यक्ति के घर पहुंच घटना के बारे में बताया। उसने मामा के घर हुमायूंपुर गए पुत्र प्रिंस को सूचना दी। बेटा घायल पिता को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पट्टीदार परशुराम उर्फ भोंपू को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## व्यापारी की हत्या का एक और आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर**: खोराबार पुलिस ने 26 अक्टूबर की रात में लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई बर्तन व्यापारी विक्की ठठेरा की हत्या के मामले में फरार आरोपित रामगढ़ताल क्षेत्र के मंझरिया गांव निवासी अविनाश निषाद को गिरफ्तार कर लिया। थानेदार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि उसे जेल भेज दिया गया है।

## लूट के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** उरुवा पुलिस ने बुधवार को लूट के मोबाइल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान संतकबीरनगर जिले के धनघटा क्षेत्र के तामा गांव निवासी अरविन्द प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस मोबाइल लूट का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि वह क्षेत्र में घूम रहा है। ब्यूरो



## जागरूकता अभियान

यातायात पुलिस की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को एडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते सीओ ट्रैफिक जय प्रकाश सिंह। - अमर उजाला

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने बुधवार को अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान बड़हलगंज क्षेत्र के महतोपार निवासी अमन साहनी के रूप में हुई। मामले में उसके खिलाफ पूर्व में अपहरण का मुकदमा दर्ज था। उसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। ब्यूरो

## धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

गोरखपुर। चिलुआताल थाना पुलिस ने कूटरचना एवं धोखाधड़ी के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चिलुआताल थाना प्रभारी विनय कुमार सरोज ने बताया कि सहजनवां क्षेत्र नेवास के मोहनाग गांव निवासी रवि प्रकाश त्रिपाठी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। उसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। ब्यूरो

## जेवर, नकदी समेत दो लाख की चोरी

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में मंगलवार की रात चोर नकदी, जेवर समेत दो लाख का सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित अमरनाथ यादव ने तहरीर देकर बताया है कि परिवार के लोग स्थानीय बाजार में रामलीला देखने गए थे। चोर घर का दरवाजा तोड़कर दाखिल हुए और बॉक्स में रखे जेवर तथा एक लाख रुपये नकद सहित मोबाइल और अन्य सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। इसके अलावा पिपराइच थाना क्षेत्र के अतरौलिया स्थित पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर कंप्यूटर, कैमरा, टीवी लेकर फरार हो गए। ग्राम प्रधान घनश्याम दास जायसवाल ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ब्यूरो

## गैंगस्टर का आरोपी गांजे के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। गोला पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश को बुधवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.2 किग्रा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान गोला क्षेत्र के पांडेयपार उर्फ डड़वा निवासी देवेंद्र उर्फ सतीराम के रूप में हुई। उसपर गोला और गगहा थाने में लूट, मारपीट समेत अन्य धाराओं में पांच मुकदमे दर्ज हैं। ब्यूरो

## नशीले पाउडर के साथ दो बदमाश पकड़े गए

गोरखपुर। कैंट थाना पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान बुधवार को बिना नंबर प्लेट की बाइक से घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उनके पास से 137 ग्राम अवैध नशीला पाउडर बरामद हुआ। पुलिस उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान देवरिया जिले के रुद्रपुर के मल्लाह टोला वार्ड नंबर 12 निवासी अमित साहनी और झंगहा क्षेत्र के राजी जगदीशपुर निवासी गुड्डू के रूप में हुई। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह शहर में घूम कर लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों से लूटपाट की घटना को अंजाम देते हैं। ब्यूरो

## शातिर चोर नशीले पाउडर के साथ धरे गए

गोरखपुर। शाहपुर थाना पुलिस ने बुधवार को नशीले पाउडर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी की पहचान क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज निवासी अभिषेक यादव के रूप में हुई। उसके खिलाफ कैंट, गुलरिहा और शाहपुर में चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। ब्यूरो

# ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ चला अभियान

## 22 ट्रकों का चालान, खनिज अधिकारी एवं यात्री कर अधिकारी ने रात भर की जांच

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। ओवरलोडेड और अवैध खनन के खिलाफ यूपी ट्रक संचालक एसोसिएशन एवं गोरखपुर ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन के सहयोग से अभियान चला। इसमें खनिज अधिकारी के अलावा परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल रहे। मंगलवार रात 11 बजे से लेकर बुधवार सुबह पांच बजे तक चले अभियान के दौरान 22 ट्रकों का चालान कर सीज कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात 11 बजे से शहर के बाहरी क्षेत्रों में संगठन के पदाधिकारियों के साथ खनिज अधिकारी एवं परिवहन अधिकारियों के साथ नौसड़ से लेकर कौड़ीराम तक अभियान चलाया गया। इस दौरान अहरौरा से ओवरलोड गिट्टी लदी हुई ट्रकें मिली। इन ट्रकों में से किसी के पास वैध पेपर नहीं मिला तो किसी में नंबर प्लेट ही नहीं थी। बिना नंबर प्लेट वाले 13 ट्रकों के अलावा कई ओवरलोडेड ट्रक मिले।

पांच ट्रकों को बेलीपार थाने में बंद किया गया और 8 ट्रकों का खनिज और परिवहन विभाग के अधिकारी द्वारा ऑनलाइन चालान किया गया। इसके अलावा खनिज अधिकारी द्वारा रात्रि में गोरखनाथ खजांची क्षेत्र में भी गाड़ियों को पकड़कर शाहपुर थाना में बंद किया गया।

बुधवार दिन में भी संगठन के पदाधिकारी क्षेत्रों में गए जिसमें लगभग 5 ट्रक ओवरलोडेड मिले उनके खिलाफ चालान एवं बंद की कार्रवाई की गई। मिर्जापुर से लगातार गिट्टी ओवरलोड करके ट्रक वाराणसी एवं आजमगढ़ होते हुए गोरखपुर को आ रहे हैं।

यात्री कर अधिकारी रवि कुमार त्यागी ने कहा कि रात भर चले अभियान के दौरान ओवरलोडेड गाड़ियां पकड़ी गईं और उनका चालान किया गया। इसमें संगठन के प्रदेश महामंत्री आरपी सिंह, दिलीप पाल, विनोद सिंह, उदय प्रताप सिंह, कुलदीप नारायण सिंह, अशोक यादव, अजय शर्मा, रमेश सिंह, विनोद दुबे, दीपक जायसवाल, राहुल चौधरी आदि का सहयोग मिला।

# आईटीआई प्रबंधक पर छात्रों संग मारपीट का आरोप

खोराबार। आईटीआई स्कूल में बुधवार को फीस के लिए प्रबंधक एवं उनके सहयोगियों द्वारा छात्रों की पिटाई का मामला सामने आया है। झंगहा थानाक्षेत्र स्थित गजाईकोल के छात्र अभिषेक निषाद ने खोराबार थाने पर तहरीर दी है।

तहरीर के मुताबिक, बुधवार को अभिषेक निषाद कुसम्ही बाजार स्थित आईटीआई स्कूल पर गया था। उसके साथ बासकी नाथ यादव निवासी सरदारनगर व रामू निषाद निवासी गजाईकोल झंगहा भी गया था। छात्रों से स्कूल प्रबंधक से फीस को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि प्रबंधक ने सीसीटीवी कैमरे को बंद करके अपने दो गुर्गों को बुला लिया और मिलकर तीनों छात्रों की जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी होने पर अभिषेक की मां भी स्कूल पर गईं तो उन्हें भी प्रबंधक ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। तहरीर में लिखा है कि प्रबंधक ने अभिषेक निषाद की पॉकिट में रुपये रखकर उसका वीडियो बना लिया और चोरी में फंसाने की धमकी दी। खोराबार पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है। संवाद

# होटल फाइव सेंसेज के किचन में लगी आग

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। तारामंडल स्थित होटल फाइव सेंसेज के किचन में आग लगने से वहां रखे सामान का नुकसान हो गया। बताया जा रहा है कि बुधवार को दोपहर एक बजे करीब किचन में खाना बनाने दौरान घटना हुई। इस बीच अग्निशमन दल को भी सूचना दी गई। कुछ देर में अग्निशमन दल और होटल के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया।

निदेशक रोहित अग्रवाल ने बताया कि कर्मचारियों के अनुसार, खाना बनाने के दौरान गर्म तेल से निकली लपट से आग लग गई। कर्मचारियों ने तत्काल होटल के फायर फाइटिंग सिस्टम को सक्रिय कर दिया। सूचना फायर बिग्रेड को भी दे दी। कुछ देर में फायर ब्रिगेड और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। हालांकि आग पर काबू पाने तक किचन का सामान जल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार होटल में एलपीजी सिलेंडर रखा हुआ था, समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।



आग बुझाते कर्मचारी। अमर उजाला

## खाना बनाने के दौरान घटना किचन का सामान जला

# बैंक में नौकरी के नाम पर गंवाए ढाई लाख रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

## नियुक्ति पत्र लेकर बैंक पहुंचने पर पता चला फर्जीवाड़ा

**बड़हलगंज।** मऊ जिले का दोहरीघाट निवासी एक व्यक्ति बैंक में क्लर्क बनाने के नाम पर जालसाजी का शिकार हो गया। नौकरी के लालच में उसने ढाई लाख रुपये गवां दिए। नियुक्ति पत्र लेकर बैंक पहुंचने के बाद उसे अपने साथ ठगी की जानकारी मिली।

बुधवार को कस्बा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में मऊ जनपद के दोहरीघाट निवासी अशोक कुमार सोनकर बैंक क्लर्क पद पर नियुक्ति के लिए लेटर लेकर बैंक के शाखा प्रबंधक गुंजन श्रीवास्तव के पास पहुंचे। शाखा प्रबंधक ने छानबीन करके बताया कि इस तरह की बैंक में भर्ती संबंधी कोई सूचना नहीं है और यह लेटर फर्जी है। फर्जी लेटर का नाम सुनते ही युवक अशोक सोनकर के होश उड़ गए।

उन्होंने बताया की बैंक में नौकरी के नाम पर मऊ जनपद के नदवासराय भेलउर चंगेरी निवासी एक व्यक्ति व देवरिया जनपद के सोनूघाट रुद्रपुर निवासी एक व्यक्ति ने ढाई लाख रुपये लेकर ज्वाइनिंग लेटर दिया था। हालांकि, फिलहाल बड़हलगंज पुलिस ने ऐसी किसी शिकायत की सूचना मिलने से इंकार किया है।



हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में दो गांवों के लोगों के बीच हुई मारपीट में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए आरोपी। संवाद

# युवतियों पर कसीं फब्तियां मारपीट, 12 भेजे गए जेल

अमर उजाला ब्यूरो

## आरोपियों पर बलवा, हत्या का प्रयास समेत एससी एसटी एक्ट के तहत केस

गोरखपुर (हरपुर बुदहट)। थाना क्षेत्र के दो गांवों के लोगों के बीच युवतियों पर फब्तियां कसने और विरोध पर मारपीट के मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। सभी के विरुद्ध बलवा, हत्या का प्रयास समेत एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कार्रवाई की गई है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को केराडीह गांव के कुछ लोगों ने देवदार तुला गांव की बेटियों की हूटिंग की थी। विरोध करने पर मंगलवार रात में एक दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडे, लोहे की राड लेकर देवदार तुला निवासी राममिलन, कुबेर, रेनू सहित सात लोगों के घरों में घुस गए और जमकर मारपीट की।

इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत मच गई। सूचना पर एसपी नार्थ से लेकर प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया।

पुलिस ने देर रात राम मिलन की तहरीर पर मामले में नामजद 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को पुलिस ने पंकज विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा, रोहित कुमार, जितेंद्र, धनंजय, रणजीत, पंकज, सूरज, हरि ओम विश्वकर्मा, दीपक, विरेंद्र, इंद्रेश को जेल भेज दिया।

# जालसाजी कर क्रेडिट कार्ड से निकाले रुपये

गीडा। थाना क्षेत्र के पिपरौली निवासी आलमगीर के दो बैंक खातों से फर्जी भुगतान होने पर गीडा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जालसाजी मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि उसके दो क्रेडिट कार्ड है। एक बैंक आफ बड़ौदा और दूसरा एक्सिस बैंक का है। आठ मई को एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 15 हजार 233 और बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से 40 हजार 800 फर्जी तरीके से निकाल लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# चंदन सिंह की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। फोन पर फिरौती मांगने और न देने पर जान मारने की धमकी के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश शशि भूषण कुमार शांडिल्य ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम कुशहरा निवासी आरोपी चंदन सिंह उर्फ देवकी नंदन की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि पीड़ित विनोद कुमार कैंट थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी हैं। 27 जून 2014 को तहरीर दी कि कुछ दिनों से उनके मोबाइल पर फोन आ रहा है। फोन करने वाला अपना नाम चंदन सिंह बता कर फिरौती की मांग कर रहा है। ब्यूरो

# किशोरी से चाकू के बल पर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**चिलुआताल।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से उसी गांव के एक किशोर ने चाकू के बल पर अगवा कर दुष्कर्म किया।

पीड़िता के पिता की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस ने हत्या के प्रयास, दुष्कर्म के अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पिता ने चिलुआताल पुलिस को एक लिखित तहरीर देकर बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे किशोरी अपनी मां के पास सोई थी। रात में अपनी मां को बता कर शौच के लिए घर के शौचालय में चली गयी। शौच से लौटकर हैंडपंप पर हाथ धुल रही थी।

## हत्या का प्रयास, दुष्कर्म के अलावा पॉक्सो तहत मुकदमा

तभी गांव के युवक ने पुत्री के गले पर चाकू लगा कर अगवा कर लिया और गांव में एकांत स्थान पर ले गया। वहां आरोपी ने प्रतिरोध करने पर मारा-पीटा एवं गले पर चाकू लगाकर हत्या करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

बेटी किसी तरह से जान बचा कर भागी तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। किसी तरह से घर पहुंची बेटी ने अपनी मां को हर बात बताई। पूरी बात सुनने के बाद पत्नी घटनास्थल पर बेटी के साथ पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। चिलुआताल पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर घटना के आरोपी को बुधवार दोपहर मानीराम सिकटौर क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-11-2022

# बिहार सीमा पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे : एडीजीपी


प्रेसवार्ता को संबोधित करते एडीजीपी अखिल कुमार।

देवरिया(एसएनबी)। एडीजीपी अखिल कुमार ने कहा कि मेरी कोशिश है कि उत्तर प्रदेश बिहार सीमा पर देवरिया जिले के गांवों में सीसीटीवी कैमरे लग जाएं। इससे अपराध रुकेगा व लोगों को भी चाहिए कि अपने अपने घरों के बाहरी हिस्से पर सीसीटीवी कैमरा लगाएं ताकि किसी भी तरह के अपराध पकड़ में आ जाएं।

अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने पुलिस लाइन के मनोरंजन गृह में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि गोरखपुर जिले में अभियान चलाकर 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरे पुलिस ने लगाया है। इसके अलावे 300 सीसीटीवी कैमरे ग्राम प्रधानों ने अनेक चौराहों पर लगवा दिया है। हम तो चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में अपराध सुनने को भी ना मिले। यदि ऐसा हो गया तो पुलिस का मस्तक ऊंचा हो जाएगा। त्रिनेत्र अभियान के दौरान गोरखपुर परिक्षेत्र की पुलिस ने उल्लेखनीय कार्य किया है। शासन द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर पुलिस तेजी से कार्य कर रही है पशु तस्करों एवं शराब माफियाओं के हौसले पस्त हैं। अब भू माफियाओं के दिन लद गए। हम सभी यातायात व्यवस्था को मजबूत कर नागरिक जीवन को बेहतर सुविधाएं देने की तरफ अग्रसर हैं।

उन्होंने कहा कि देवरिया जिले में ग्रामीणों की समस्या भूमि विवाद है। इसे राजस्व विभाग के सहयोग से पुलिस हल करने में लगी है। यह पुलिस के मेन एजेंडा में है। जन शिकायतों का निस्तारण कराने के लिए पुलिस ने छः तरह की व्यवस्था की है। जनता को न्याय दिलाने में एक पक्ष को तो जेल [illegible] ना ही पड़ेगा। जो जेल जाएगा वह पुलिस की शिकायत करेगा ही। पुलिस गुनाहगारों को कतई नहीं छोड़ेगी। जनसमस्याओं के निस्तारण में जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया का फीडबैक जरूरी है। इसीलिए मैं आप सभी से फीडबैक लेने का कार्य कर रहा हूं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा समेत पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे।

# मारपीट में एससी, एसटी का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रामलक्षन निवासी मुकेश हरिजन ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपने दुकान के मालिक दिनेश राजभर के साथ रुद्रपुर बाजार करने आया था। बाजार करने के बाद रामलक्षन दुकान पर जा रहा था कि कुछ लोगों ने उसे रोकर गाली गुत्ता देते हुए मारपीट किया तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। मारपीट में मुकेश हरिजन की बाये हाथ की अंगुली टूट गयी है। इस मामले में पुलिस ने वादी मुकेश हरिजन पुत्र अमेरिका के तहरीर पर चन्दन राजभर, शुभम राजभर पुत्र गण रामानन्द राजभर, रामानन्द राजभर पुत्र गंगा राजभर निवासी गण भरटोला वार्ड रुद्रपुर के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 325 व 3(2) एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 17/11/22

जिले में पहुंचे एडीजी ने मातहतों संग की बैठक, अपराध रोकने के लिए हर घर सीसीटीवी अभियान चलाने पर होगा जोर

# बिहार जाने वाली पगडंडियों पर बढ़ाएंगे चौकसी

देवरिया, निज संवाददाता। बदमाश घटनाओं को अंजाम देने के बाद से गांव की पगडण्डियों का सहारा लेकर बिहार भाग जाते हैं। वहीं शराब व पशु तस्कर भी इन रास्तों को उपयोग कर तस्करी करते हैं। देवरिया का एक बड़ा बार्डर बिहार से जुड़ा है। इसे देखते हुए एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने जिले में त्रिनेत्र अभियान चलाने का निर्देश मातहतों को दिया है। इसके तहत गांव और कस्बों में सीसी टीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। पुलिस का प्रयास है कि अधिक से अधिक घरों में सीसी टीवी कैमरे लगें। इस कार्य में पुलिस बार्डर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की भी मदद लेगी।

जिले के बघौचघाट, बरियारपुर, भटनी, खामपार, श्रीरामपुर, बनकटा, भाटपाररानी और लार थाने की सीमा बिहार से सटी हुई है। जिले के आठों थानों के रास्ते से वाहनों का आना जाना होता है। प्रमुख सड़कों पर पुलिस बैरिकेटिंग कर जांच करती है। लेकिन सैकड़ों गांव की छोटी सड़क और पगडण्डियों का सहारा बदमाश और तस्कर लेकर आराम से इधर से उधर चले जाते हैं। जिससे पुलिस को बदमाशों को पकड़ने में दिक्कत होती है। इसे देखते हुए जिले के दौरे पर आए एडीजी ने त्रिनेत्र अभियान शुरू करने का निर्देश मातहतों को दिया है। एडीजी ने ऐसे रास्तों को चिन्हित करने का निर्देश भी एसपी को दिया। उन्होंने कहा कि गांव और कस्बों में लोगों के सहयोग से उनके घरों के बाहर सीसी टीवी

### मीडियाकर्मियों से भी बात कर पूछी समस्याएं

एडीजी ने पुलिस लाइन के मनोरंजन गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि पुलिस प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य कर रही है। पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। एडीजी ने जिले में पुलिसिंग के बारे में पत्रकारों से जानकारी लिया। मीडियाकर्मियों ने शहर में जाम, वाहन चेकिंग, मच्छर की समस्या के बारे में उन्हें बताया।



बुधवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडीजी अखिल कुमार। • हिन्दुस्तान

### जनप्रतिनिधियों से कानून व्यवस्था पर लिया फीडबैक

गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने पीडब्लूडी डाक बंगले में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। एडीजी ने जिले के कानून व्यवस्था के बारे में भी जन प्रतिनिधियों से जानकारी लिया। इसके साथ उनसे जिले में अपराधियों और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उनसे चर्चा की। बैठक में सदर सांसद रमापति त्रिपाठी, बरहज के विधायक दीपक मिश्र, भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर कुशवाहा मौजूद रहे।

### मणिनाथ ब्रह्म स्थान पहुंचे एडीजी ने की पूजा अर्चना

भटनी। भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार गांव स्थित मणिनाथ ब्रह्म की जयन्ती पर शाम को गोरखपुर रेंज के एडीजी अखिल कुमार पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा नेता गिरधारी तिवारी के साथ पूजा अर्चना की। ग्रामीणों के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने ब्रह्म स्थान पर वैदिक मंत्रों के बीच पूजा कर शाम को दीप प्रज्वलित किया। गिरधारी तिवारी ने उनका अपने गांव में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

### तीन दिन जिले में रहेंगे एडीजी

एडीजी जोन अखिल कुमार तीन दिन जिले में रहेंगे। बुधवार को जिले में पहुंचने पर पीडब्लूडी के डाक बंगले पर गार्ड ऑफ ऑनर की उन्हें सलामी दी गई। यहां एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश सोनकर, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी समेत अन्य मातहतों ने उनका स्वागत किया। एडीजी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दर्शन में 11 से 12 बजे तक सुनवाई करेंगे। इसके बाद एसपी कार्यालय व अन्य शाखाओं का निरीक्षण करेंगे। एक बजे तरकुलवा थाने के निरीक्षण का कार्यक्रम है।

हिन्दुस्तान दि. 17/11/22

# पुरानी रंजिश में हवाई फायरिंग का आरोप

- गोरखपुर रोड स्थित अबूबकर नगर की घटना
- देर शाम दो पक्षों में पुरानी रंजिश में मारपीट हुई

देवरिया, निज संवाददाता। शहर के गोरखपुर रोड स्थित अबूबकर नगर मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार की देर शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हवा में फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गोरखपुर रोड स्थित अबूबकर नगर मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में विवाद गहराता गया। दूसरे पक्ष के लोगों ने कुछ लोगों को फोन कर बुला लिया। मनबढ़ युवक मौके पहुंचे और हंगामा करने लगे। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली पुलिस को देख हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने घटना के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ की। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हवा में फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर शहर कोतवाल कपिल देव चौधरी ने बताया कि फायरिंग की घटना झूठी है, दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

हिन्दुस्तान दि. 17/11/22

मनबढ़ई

अधिकतर मामलों में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने पर होती है जानकारी

# सख्ती के बावजूद लोग कर रहे हैं हर्ष फायरिंग

## हालात

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस की सख्ती के बाद भी जिले में हर्ष फायरिंग की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। पिछले दस माह के अंदर जिले में तीन हर्ष फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं। इन मामलों में फायरिंग की घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

**हर्ष फायरिंग है प्रतिबंधित:** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हर्ष फायरिंग प्रतिबंधित है। वर्ष 2019 में आर्म्स एक्ट में संशोधन किया गया था। हर्ष फायरिंग में दो वर्ष की सजा व एक लाख जुर्माने का प्राविधान है।

- सदर कोतवाली, खुखुन्दू और भलुअनी में दर्ज हो चुका है केस
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हर्ष फायरिंग प्रतिबंधित किया गया है

## केस

**1** परसिया करकटही गांव के रहने वाले सर्वेश यादव पुत्र सुभाष यादव का 7 जून 2022 को तिलक समारोह था। तिलक बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरईठा गांव से आया था। डीजे पर तिलक समारोह में आए हुए एक युवक अपने दोस्त साथियों के बीच लाइसेंसी एक नाली बंदूक से फायरिंग करना शुरू कर दिया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**2** भलुअनी थाना क्षेत्र के बभनी दूबे गांव में छठ के बाद एक व्यक्ति के यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पर डीजे बज रहा था। गांव का एक युवक डीजे पर डांस करते हुए अवैध असलहा लहराते हुए फायरिंग कर रहा थ। इसके बाद से जिसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया.पर वायरल कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो में असलहा लहराने वाले गिरजेश कुमार पुत्र स्व. रामनगीना प्रसाद निवासी बभनी दूबे थाना भलुअनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**3** सदर कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर बांसपार गांव के रहने वाले रोशन प्रजापति पुत्र बेचू प्रजापति के पास लाइसेंसी बंदूक है। उनके भतीजे रोहित प्रजापति का 12 मई 2022 को तिलक था। तिलक समारोह में रोशन अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग किया था। जिसका वीडियो वायरल होने पर सदर कोतवाली पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग करने वाले रोशन प्रजापति पुत्र बेचू प्रजापति निवासी विक्रमपुर बासपार थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध धारा 268,336 आईपीसी और आयुध अधिनियम 27,30 के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले में लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाई भी पुलिस ने किया था।

# तीन के विरुद्ध गबन और धोखाधड़ी का केस

देवरिया। रुपये लेने के बाद भी भूमि का बैनामा नहीं करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी और गबन का केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनाथ देवरिया मोहल्ला के रहने वाले अकरम सिद्दकी पुत्र शौकत अली ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि तीन लोगों ने उसे भूमि बैनामा करने के लिए सात लाख रुपये ले लिए। अब न तो भूमि बैनामा कर रहे हैं और न ही रुपये वापस कर रहे हैं।

रुपये मांगने पर वह धमकी दे रहे हैं। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अबुजर खां पुत्र नियाज खा निवासी जीआई स्टेट पोस्ट जीआईस्टेट थाना कोतवाली देवरिया जिला देवरिया हालमुकाम नई हवेली डी0-20 सर्वोदय नगर, इन्दरा नगर लखनऊ जिला लखनऊ व मोतिन खान निवासी अली नगर थाना कोतवाली देवरिया और ज्योतिप्रकाश जायसवाल पुत्र स्व.गुलाबचन्द्र जायसवाल निवासी भुजौली थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध धारा 420 और 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# फायरिंग की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस

देवरिया : शहर के कोआपरेटिव चौराहे से कुछ कदम आगे फोरलेन किनारे अबूबकर नगर मोहल्ले में बुधवार की रात करीब 9 .45 बजे फारयिंग की सूचना पुलिस पहुंच गई। मौके पर कोई नहीं मिला। इस दौरान मोहल्ले के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस फायरिंग की घटना को संदिग्ध मान रही है। पुलिस तीन दिन पूर्व एक युवती के एयरगन से घायल होने की घटना से जोड़कर देख रही है। पुलिस का कहना है कि युवती के घर के बगल में युवक रहता है। उसके पास गुब्बारा फोड़ने वाला गन है। वह युवक रात में छत से निशाना लगा रहा था। तेज आवाज सुनकर पड़ोसियों ने फायरिंग की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी, लेकिन गोली चलने की पुष्टि नहीं है। (जासं)

## सात पर बलवा का मुकदमा

रुद्रपुर : भूमि विवाद को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के बेलकुंडा गांव के रहने वाले बेचू पुत्र महेश ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर भूमि विवाद में मारपीट का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपितों में गांव के रहने वाले विद्या प्रसाद, प्रदीप, संजीव, मुकेश, सावित्री, सुनीता व देवरिया सदर के बांसपार के रहने वाले विनोद कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की है। (जासं)

## फल व्यवसायी को पकड़ा

लार रोड : लार रोड रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को अवैध रूप से फल बेच रहे दुकानदार को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित दिलीप जायसवाल पुत्र लालजी जायसवाल मईल थाना के लार रोड कस्बा का रहनें वाला है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 17/11/22

# महिला बंदियों का जाना हाल, दिए हाइजीन किट

- डीएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, प्रशिक्षण की जानकारी ली
- मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद् घाटन

जासं, देवरिया: डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को जिला कारागार का हाल जाना। उन्होंने रेड क्रास सोसाइटी की तरफ से निरुद्ध महिला बंदियों व महिला बंदी रक्षकों में हाइजीन किट का वितरण किया।

डीएम ने कहा कि हाइजीन किट महिला बंदियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। इससे स्वच्छता संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बच्चों को टाफी व चाकलेट भी वितरित किए। इंडियन रेड क्रास सोसाइटी के प्रदेश के उपसभापति व जनपद के सचिव अखिलेंद्र शाही ने कहा कि राज्यपाल आंनदी बेन पटेल के निर्देश पर प्रदेश के सभी महिला बंदियों को हाइजीन किट प्रदान किया जा रहा है। इसके पूर्व डीएम ने कारागार में मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 35 बंदियों को मत्स्य पालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डीएम ने कंप्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण सत्र का भी निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक बीएन मिश्र ने डीएम को जेल मैन्युअल 2022 की नवीनतम प्रति भी भेंट की। 126 महिला बंदियों व 11 महिला बंदी रक्षकों को हाइजीन किट दिए गए। इस मौके पर डिप्टी जेलर वंदना त्रिपाठी, रेडक्रास के मंडल कोआर्डिनेटर अजय प्रताप सिंह, आजीवन सदस्य बालविनोद चौरसिया, हिमांशु सिंह, नवनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह को जेल मैन्युअल की नवीनतम प्रति भेंट करते जेल अधीक्षक बीएन मिश्र साथ में अन्य ● सौ.सूचना विभाग

दैनिक जागरण दि. 17/11/22

# लापता युवक व युवती की गुत्थी सुलझाने पहुंची फोरेंसिक टीम

- एक पखवारा पूर्व युवती के गांव गया था युवक लापता
- बरहज में युवती के अपहरण व भलुअनी में युवक की गुमशुदगी दर्ज

जासं, बरहज: युवक व युवती के गायब होने के मामले में बरहज व भलुअनी पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। एसपी के निर्देश पर बुधवार को फारेंसिक व एसओजी टीम साक्ष्य जुटाने युवती के गांव पहुंची। इंटरनेट मीडिया पर युवक के साथ अनहोनी की चर्चा से स्वजन परेशान हैं।

बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का भलुअनी थानाक्षेत्र के बिलासपुर गांव के रहने वाले नीरज तिवारी से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दो नवंबर की रात युवक धौला पंडित के रहने वाले अपने दोस्त अमन के साथ युवती के गांव पहुंचा। उसी रात से युवक व युवती गायब हैं। युवती के पिता ने युवक व उसके दोस्त के विरुद्ध बरहज थाने में चार नवंबर को अपहरण का मामला दर्ज कराया। जबकि दूसरी तरफ युवक के चचेरे भाई की तहरीर पर भलुअनी थाने में सात नवंबर को गुमशुदगी दर्ज की गई।

दोनों के गायब होने के एक पखवारे बाद भी पता नहीं लग सका है। एसओजी व फोरेंसिक टीम युवती के गांव पहुंची और घर से साक्ष्य एकत्र किए। मोबाइल बंद होने से लोकेशन नहीं पता चल पा रहा है। पुलिस युवक के दोस्तों समेत करीब 12 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

> एसओजी समेत कई टीमें दोनों को खोजने में लगी है। इंटरनेट मीडिया पर अनहोनी की आशंका जता रहे हैं, लेकिन अभी तक दोनों का पता नहीं चला है। उम्मीद है कि एक से दो दिन में इसमें सफलता मिलेगी।
>
> संकल्प शर्मा, एसपी

## अभियान चलाकर 50 लोगों का बकाये में कटा कनेक्शन

बनकटा: इन दिनों बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को गजहड़वा के मिश्रौली, अहिरौली तिवारी, भटवलिया पांडेय, बखरी में अभियान चलाकर वसूली की गई। साथ ही बकाया में 50 लोगों के कनेक्शन काट दिए गए। बिजली विभाग के इस कार्रवाई से बकायेदारों में खलबली मची रही।

दैनिक जागरण दि. 17/11/22

एकत्र किए। मोबाइल बंद होने से

# मारपीट की घटनाओं में 11 लोगों पर मुकदमा

जासं, सलेमपुर: क्षेत्र के दो गांवों में अलग-अलग हुई मारपीट घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के देवरिया उर्फ शामपुर में कुछ लोगों ने सैय्यद मुहम्मद आविद पुत्र शैयद आली को मारपीट घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने शाहिद अख्तर, शमीम अख्तर, गुफरान अख्तर, कामरान अख्तर, फरहान अख्तर, रफत खातून व असलम उर्फ गोरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है। दूसरी घटना तिलौली गांव में हुई। पीड़ित मंजू पुत्री दुधनाथ ने बताया कि 11 नवंबर की शाम पट्टीदार मड़ई उजराने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से पीटा, जिससे हाथ टूट गया गया। मामले में पुलिस ने गांव के विक्की, विपिन, रीना व संगीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इस मामले में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामलों की विवेचना की जा रही है।



दैनिक जागरण दि. 17/11/22

# शादी का झांसा देकर बनाया अश्लील वीडियो, मुकदमा

जासं, रुद्रपुर: युवती का अश्लील वीडियो बनाने व दहेज नहीं मिलने पर शादी से इंकार करने के मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। भाटपाररानी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवधरा गांव के रहने वाले मुकेश से तय हुई थी। आरोप है कि आरोपित शादी तय होने के बाद युवती से लगातार मोबाइल फोन से बातचीत करता था। आरोपित ने शादी तय होने के कारण युवती पर दबाव डालकर अश्लील वीडियो बना लिया। उसके कुछ दिन मोबाइल से बात करना बंद कर दिया। जब शादी की बात स्वजन ने की तो तीन लाख रुपये नकदी की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर शादी करने से इंकार कर दिया।

कुछ दिन जब युवती की शादी कहीं और तय हो गई तो दोस्तों के माध्यम से वहां पर भी अश्लील वीडियो भेजकर रिश्ता तोड़वा दिया। युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। कोतवाल उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित मुकेश के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि. १७/११/२२

# हर घर में सीसी कैमरा लगवाने के लिए जागरूक करेगी पुलिस

जागरण संवाददाता, देवरिया: गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने कहा कि यूपी-बिहार सीमा के गांव में हर घर कैमरा योजना के तहत लोगों को सीसी कैमरे लगवाने के लिए पुलिस जागरूक करेगी। इससे सीमावर्ती क्षेत्र में तस्करी रोकने में मदद मिलेगी। इसकी कार्ययोजना बना ली गई है।

एडीजी बुधवार को देवरिया पुलिस लाइन में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे कहा कि बिहार बार्डर के कारण जनपद देवरिया संवेदनशील है। शराब व पशु तस्करी की घटनाएं होती रहती हैं। उन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए सीमावर्ती गांव के लोगों को अपने संसाधन से सीसी कैमरा लगवाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गोरखपुर में ग्राम प्रधानों को सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक 450 सीसी कैमरे लगाए जा चुके हैं। उस प्रयोग को जनपद देवरिया में भी लागू किया जाएगा। एडीजी कुमार ने कहा कि यूपी-बिहार बार्डर की पगडंडी पर पुलिस की नजर है। बिहार व उत्तर प्रदेश पुलिस जब दबाव बनाती है, तो दोनों प्रदेशों के अपराधी एक दूसरे प्रदेश के सीमावर्ती गांव में आ जाते हैं। यह बड़ी चुनौती है।



पुलिस लाइन सभागार में संवाददाताओं से बातचीत करते गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार व एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) ● जागरण

- यूपी-बिहार बार्डर की पगडंडी पर पुलिस की नजर: एडीजी
- शराब व पशु तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार

एडीजी ने कहा कि जन शिकायतें का निस्तारण पुलिस का मुख्य एजेंडा है।

पुलिस के कार्यों के मूल्यांकन के लिए जनता से फीडबैक लिया जा रहा है जिसमें थाना प्रभारी, प्राथमिकी, जन शिकायतें, प्रार्थना पत्र, 112 पुलिस वेरीफिकेशन आदि का फीडबैक लिया जा रहा है। जनता पुलिस के कार्य से संतुष्ट है या नहीं, इसका भी फीडबैक ट्विटर हैंडल एवं अन्य माध्यमों से लिया जा रहा है। जिससे लोगों को न्याय दिलाया जा सके। इस दौरान एडीजी ने जन समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

दै० जागरण दि० 17/11/22

# छेड़खानी के मामले में 11 के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी के तीन मामलों में मईल व लार पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। मईल थानाक्षेत्र के एक गांव में जून 22 को किशोरी के घर में घुसकर युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया।



शोर मचाने पर युवक भाग गया। स्वजन ने इसकी शिकायत की तो पीड़िता की मां से मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पंकज, संदीप, रमेश, चंद्रकला व सविता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसके पूर्व सात अप्रैल को मईल थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला शौच करने गई थी। उसी गांव के आकाश, विवेक, वीरेंद्र व शिवम ने छेड़खानी शुरू कर दी।

एक मनबढ ने महिला का अश्लील वीडियो बना लिया। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। लार थानाक्षेत्र के एक गांव में 12 अक्टूबर 2021 को एक व्यक्ति के घर की दो लड़कियां शौच के लिए गई थी। रास्ते में घेरकर दो युवक छेड़खानी करने लगे। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गांव के ही सगे भाई सौरभ व धीरज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# हर घर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के दिए निर्देश

## पुलिस करेगी प्रेरित, जन शिकायतों का सही तरीके से निराकरण पुलिस का एजेंडा : एडीजी

संवाद न्यूज एजेंसी



एडीजी ने पुलिस लाइंस में मातहतो के साथ की बैठक। संवाद

### अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार तीन दिवसीय दौरे पर जिले में पहुंचे

देवरिया। अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को जिले में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में जन प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

सांसद और विधायकों से जिले की पुलिस के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि हर घर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस के बेहतर बनाने के लिए सभी के सुझाव जरूरी है। इसके बाद एडीजी पुलिस लाइंस के सभागार में पत्रकारों से रूबरू हुए।

उन्होंने कहा कि देवरिया बिहार की सीमा से सटा होने के कारण संवेदनशील माना जाता है। क्योंकि दोनों प्रांतों के बदमाश ठिकाना बदल कर आते-जाते रहते हैं। भूमि विवाद के मामलों को राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित निराकरण कराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शहर के सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा जन सहयोग से लगवाया जाएगा। पुलिस का प्रयास होगा कि हर घर सीसीटीवी कैमरा हो, जिससे काफी फायदा मिलेगा। जन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। इसमें सबसे गंभीर बात यह है कि गुणवत्तापरक निराकरण किया जाना चाहिए।

शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नई योजना बनाई जाएगी। इसके लिए अगर सिग्नल व्यवस्था को लागू कराने का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान पुलिस संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश कुमार, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी, अंशुमान श्रीवास्तव, विनय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-11-2022

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार की पुलिस ने बुधवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के रेप के आरोपी कुसम्हा निवासी रामायण मल्ल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामायण मल्ल पर पिछले दिनों रेप, आईटी एक्ट व धमकाने का केस दर्ज हुआ था। तभी से पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। अभियुक्त को पुलिस ने टीकर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया।

# मामूली विवाद में चाकूबाजी, एक गंभीर

**मथौली बाजार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार की रात दो पड़ोसियों में मामूली विवाद को लेकर कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गयी। इस दौरान एक व्यक्ति ने अपने बगलगीर अमीमुल्लाह (38) के गले पर कई बार चाकू से हमला कर दिया।

सूचना पर पहुंची कप्तानगंज पुलिस ने घायल अमीमुल्लाह को सीएससी मोतीचक पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी स्थिति गंभीर देख बीआरडी गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया है। आरोपी से मौके से फरार हो गया था। थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय, चौकी इंचार्ज सीबी पांडेय सहित भारी संख्या में पुलिस उसकी तलाश में गांव में कांबिंग कर रही है।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

कुशीनगर। कप्तानगंज पुलिस ने थाने में दर्ज चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर चारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे चोरी गया माल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान दुर्गेश साहनी व भोला साहनी निवासीगण हरिहरनाथ दक्षिणी वार्ड नंबर 16 थाना कप्तानगंज के रूप में हुई है। उनके कब्जे से चोरी गया एक बोरी गेहूं व सिलेंडर बरामद कर लिया गया है।

# अपहर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग

सेवरही। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगों सहित रिश्तेदारों पर अपनी नाबालिग पुत्री को भगाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर पीड़ित परिवार ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

पीड़ित ने पुलिस उच्चाधिकारियों को प्रेषित पत्र के माध्यम से बताया है कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव के ही कुछ लोग एवं सीमावर्ती प्रान्त बिहार निवासी उनके रिश्तेदार बहला फुसला कर भगा ले गये हैं। पुलिस ने 28 सितम्बर को ही मुकदमा दर्ज कर लिया मगर दो महीने बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

# 242 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब नष्ट

**बरावपट्टी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के आदेश पर बरवापट्टी पुलिस ने साल 2019 से 2022 अब तक बरामद की गई देशी व अंग्रेजी शराब को नष्ट करा दिया।

सीओ तमकुहीराज जितेंद्र कालरा व एपीओ कसया की मौजूदगी में बरामद करीब 242 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब को बुधवार की शाम गड्ढे में डालकर नष्ट कर दिया गया। इस दौरान एसओ जितेन्द्र कुमार, एसआई सूर्यभान यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

# 55 वाहनों का काटा सवा दो लाख का चालान

**पडरौना।** एसपी कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देश पर बुधवार को यातायात माह के तहत रविंद्रनगर में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 55 वाहनों का सवा दो लाख रूपये का चालान काटा गया तथा सात वाहनों को सीज किया गया। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा की देखरेख में चेकिंग अभियान चलाया गया। कुल 55 वाहनों पर 2,26,000 का शमन शुल्क काटा गया।

# प्रतिबंधित पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** स्थानीय थाने की पुलिस ने थानाक्षेत्र के तमकुहीराज ओवरब्रिज चौराहे के पास से एक पिकअप पर लादकर वध के लिए बिहार जा रहे तीन प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया है। मौके से पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। बुधवार को एसओ तमकुहीराज की अगुवाई में मुकामी पुलिस ओवरब्रिज चौराहे के पास वाहन की जांच कर रही थी।

# चोरी की दो मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली की पुलिस ने बुधवार को चोरी के मामले में कर्मुल्लाह अंसारी निवासी वार्ड नंबर आठ रेड़हा चिलवनिया थाना भितहा जिला पश्चिमी चम्पारण से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का फोन मिला। गिरफ्तारी करने वाली टीम में दरोगा उत्तम सिंह व हेकां महेन्द्र नाथ वर्मा शामिल रहे।

# मारपीट में पांच पर केस

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पट्टीदारों पर ही मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया है।

करजहां निवासी सुमन देवी पत्नी प्रमोद ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि 13 नवंबर को वह अपने लड़के व लड़की के साथ अपने दरवाजे पर थी। उसी समय उसके पट्टीदार विमोद प्रसाद, संगीता, गिरिजा, फूलचंद व सुनैना आदि ने लाठी डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# खाते से उड़ाए 99 हजार

**जासं, पडरौना :** कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुरा निवासी पवन कुमार यादव ने बुधवार को तहरीर देकर साइबर ठगों द्वारा खाते से 99 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। मोटर खरीदने के लिए बताए नंबर पर मोबाइल में आए मैसेज को हमने भेज दिया। उसी रात मोबाइल पर तीन बार में मेरे खाते से 99004 रुपये डेबिट होने का मैसेज आया। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच हो रही है।

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

**जासं, पिपरा कनक :** पटहेरवा पुलिस ने बुधवार को दोपहर में पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने के साथ लोगों को जागरूक किया। परिसर व एटीएम के पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई देने पर पुलिस या बैंक कर्मी को सूचित करने की सलाह दी गई।

एसआइ सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल राकेश गौंड़,जयहिंद यादव, हसीबुल्लाह खान आदि के साथ सेंट्रल बैंक पिपरा कनक व एटीएम में गहनता से जांच-पड़ताल व संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। एटीएम के बाहर खड़े लोगों से उनके आने का उद्देश्य पूछा, तो लोगों के एटीएम कार्ड की जांच भी की गई।

दारोगा ने बताया कि किसी अनजान व्यक्ति को एटीएम रूम में कोई सहायता या उसे कार्ड न दें। गार्ड को बताया कि अनावश्यक आने-जाने वाले व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें।

# चोरी के सिलेंडर व गेहूं के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, कप्तानगंज:** एसएसओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि दुर्गेश साह्नी व भोला साह्नी निवासी वार्ड नंबर 16 हरिहरनाथ दक्षिणी को कस्बा में हुई चोरियों में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# मारपीट कर बाइक क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**जासं, गोबरही :** कसया थाने के रामपुरपट्टी गांव के छोटेलाल ने तहरीर में बताया कि मैं मछली का थोक कारोबार करता हूं। बुधवार की सुबह मैं भैसही गांव में मछली बेचने वालों से उधार दिया पैसा मांगने गया था। दो लोगों ने मुझे मारा पीटा और मेरी बाइक क्षतिग्रस्त कर दिया। पांच हजार रुपये भी छीन लिए। विरोध करने पर जानमाल की धमकी देने लगे।

# तीन निरीक्षक व 29 उप-निरीक्षक इधर-उधर

**जासं,पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार देर रात तीन निरीक्षक तथा 29 उप-निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदल दिया। नई व्यवस्था में निरीक्षक व चौकी प्रभारी तमकुहीराज विनय सिंह अब निरीक्षक अपराध कसया, निरीक्षक धनंजय राय चौकी प्रभारी मधुरिया से निरीक्षक अपराध कप्तानगंज व निरीक्षक संजय कुमार सिंह को पुलिस लाइन से अपराध शाखा भेजा गया है। वहीं चौकी प्रभारी मंसूरगंज व दारोगा मृत्युंजय सिंह को चौकी प्रभारी तमकुहीराज, दारोगा रणजीत सिंह बघेल पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मधुरिया, दारोगा धीरेंद्र वर्मा कोतवाली पडरौना से चौकी प्रभारी मंसूरगंज, दारोगा देशराज सरोज थाना पटहेरवा से चौकी प्रभारी सुभाष चौक पद पर भेजे गए हैं।

**कोर्ट के आदेश पर नष्ट की गई बरामद शराब: बरवापट्टी:** कोर्ट के आदेश पर बरवापट्टी पुलिस द्वारा बरामद शराब बुधवार को नष्ट कर दी गई। इस दौरान सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा तथा कोर्ट द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मौजूद रहे। एसएचओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 से 2022 तक आबकारी एक्ट के दर्ज कुल 48 मुकदमों में बड़ी मात्रा में शराब की बरामदगी हुई थी। माल खाने में जमा शराब के निस्तारण के लिए सीजेएम कोर्ट में आवेदन किया गया था। कोर्ट ने पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए बरामद शराब नष्ट करने के आदेश दिए। जिस क्रम में थाना परिसर में बरामद शराब पर रोलर चलाकर नष्ट कर दिया गया।

**मारपीट में चार घायल**

**नेबुआ-नौरंगिया:** मठिया गांव में धान की फसल काटने को लेकर मनबढ़ों ने अधेड़ उनकी पत्नी व बच्चों की पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। दोपहर में नीरज उनकी पत्नी मीरा, पुत्री अंगिरा व पुत्र छोटू विवादित भूमि पर तैयार धान की फसल काट रहे थे। तभी दूसरे पक्ष ने मारपीट कर घायल कर दिया।

********

# चोरी के दो मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को नगर के रामकोला रोड से चोरी के दो मोबाइल के साथ एक शातिर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान करमुल्लाह अंसारी निवासी वार्ड संख्या आठ रेड़हा चिलवनिया थाना भितहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई।

कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने बताया कि नगर के तिलक चौक स्थित एक दुकान से एक माह पूर्व दो मोबाइल चोरी हो गया। दुकानदार की सूचना पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही।

दोपहर एक बजे गश्त के दौरान नगर के रामकोला रोड स्थित दरबार बिरयानी सेंटर के पास एक युवक पुलिस देख भागने लगा। पीछा कर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से दो मोबाइल फोन मिला। पूछताछ में उसने स्वीकारा कि मोबाइल फोन चोरी के हैं। कोतवाल ने बताया कि उसे कोर्ट ले जाया गया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# अब मनमाने ढंग से थानेदार नहीं खोल सकेंगे हिस्ट्रीशीट

## पेशेवर अपराधियों की होगी गहन निगरानी, कार्यशाला आयोजित कर दी जाएगी थानेदारों को जानकारी : पुलिस अधीक्षक

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** थानेदार अब मनमाने ढंग से हिस्ट्रीशीट नहीं खोल सकेंगे। हिस्ट्रीशीट खोले जाने में मनमानी सामने आने के बाद प्रदेश पुलिस के अधिकारियों ने निर्देश जारी कर निर्धारित प्रावधान का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है। इतना ही नहीं इसे लेकर जल्द ही जिले पर कार्यशाला का भी आयोजन होगा, जिसमें अधिकारी मातहतों को बताएंगे कि किस बदमाश की हिस्ट्रीशीट खुलेगी और किसकी नहीं।

पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों को फरमान जारी कर कहा है कि लूट, डकैती, सेंधमार, पशु चोर, रेल डिब्बों से चोरी करने वाले पेशेवर अपराधियों की ही हिस्ट्रीशीट खोले जाने का प्रावधान है। मगर इसका कड़ाई से अनुपालन नहीं हो रहा। गंभीर अपराध से इतर अपराधों का उल्लेख कर हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है, जो निर्धारित प्रावधान के विपरित है। पेशेवर अपराधियों की ही हिस्ट्रीशीट खोली जाए। रुटीन में हिस्ट्रीशीट कतई न खोली जाए। निजी रंजिश में दर्ज मुकदमों या अन्य असंगत आधार पर भी हिस्ट्रीशीट न खोली जाए। गुंडा एक्ट के तहत हुई कार्रवाई को भी इसका आधार न बनाएं। 18 से 21 वर्ष की आयु के व्यक्ति का हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआइडी को सूचना दी जाए, अगर उनके द्वारा आपत्ति नहीं की जाती तभी हिस्ट्रीशीट खोली जाए।

**इस तरह खुलती है हिस्ट्रीशीट:** -हिस्ट्रीशीट खोलने का उद्देश्य आपराधिक व्यक्ति पर निगरानी रखना है। इसे खोलने के लिए संबंधित थानेदार उसके मुकदमों की संख्या, कब-कौन-सी घटना हुई, वर्तमान स्थिति, उसके करीबों व रिश्तेदारों के नाम-पते जैसी जानकारी और उसकी तस्वीर व अंगुलियों के निशान आदि की फाइल तैयार करते हैं। फाइल का अध्ययन करने के बाद संबंधित की हिस्ट्रीशीट खोलने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इसके खुलने पर हिस्ट्रीशीटर को गृह क्षेत्र के थाने में जाकर हाजिरी देनी पड़ती है। ऐसा भी होता है हिस्ट्रीशीटर दूसरे शहर में जाकर रह रहा हो तो उसके रिकार्ड को वहां भेजा जाता है ताकि उसकी गतिविधि पर निगाह रखी जा सके।

> हिस्ट्रीशीट खोले जाने को लेकर डीजी कार्यालय से पत्र प्राप्त हुआ है। पुलिस रेगुलेशन में निर्धारित प्रावधान के अनुसार पेशेवर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाती है, ताकि उनकी गहन निगरानी की जा सके। किन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी, इसे लेकर जल्द ही कार्यशाला का आयोजन कर निर्देश से थानेदारों को अवगत कराया जाएगा।
>
> **धवल जायसवाल**, एसपी

### बैठक में व्यापारियों ने उठाए रात्रि गश्त पर सवाल



व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते बीच में सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ● जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस लाइन स्थित सभागार में बुधवार को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई। व्यापारियों ने ठंड के सीजन में चोरी-नकबजनी आदि की घटनाएं बढ़ जाने का हवाला दे पुलिस के रात्रि गश्त न होने पर सवाल उठाया। सीओ सदर ने व्यापारियों की मांग पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है। अगर किसी सदस्य को कोई दिक्कत है या कोई पुलिसकर्मी परेशान कर रहा हो तो इसकी शिकायत निडर होकर इस मंच पर या पुलिस अधिकारी को फोन कर बताएं। जिलाध्यक्ष सचिन चौरसिया ने कहा कि ठंड के मौसम में अब दुकानें पहले ही बंद हो जा रही। प्रमुख मार्ग व चौराहों पर रात में अस्थायी पिकेट स्थापित किए जाएं। साथ ही रात्रि गश्त को और भी प्रभावी बनाया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। जाम की समस्या को देखते हुए प्रमुख सड़कों को वन-वे करने का सुझाव भी दिया। सीओ ने रात्रि गश्त और बढ़ाने का भरोसा दिलाया। हाटा नगर प्रभारी दिलीप जायसवाल, नगर महामंत्री अजय कुमार गुप्त, नगर कोषाध्यक्ष मनीष सोनी बिट्टू, नगर उपाध्यक्ष शिव मोहन जायसवाल, अमरनाथ रौनियार आदि मौजूद रहे।

# विशुनपुरा में सीसी कैमरा लगवाने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**जागरण संवाददाता, दुदही :** विशुनपुरा थाना परिसर में नगर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने को लेकर व्यापार मंडल व पुलिस की बैठक संयुक्त बैठक हुई। व्यापारियों ने नगर के प्रमुख चौराहे पर सीसी कैमरा लगवाने, रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंकों की सुरक्षा में पुलिस बल तैनात करने तथा रात नौ बजे तक व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले रहते हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार जायसवाल, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप मद्धेशिया, राजू रौनियार, प्रदीप पांडेय, आनंद आदि मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में चाकू से हमला

**जासं, मथौलीबाजार : कप्तानगंज** के लक्ष्मीपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर बुधवार रात साढ़े आठ बजे युवक पर चाकू से हमले की घटना सामने आई है। गांव के लोगों की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए डाक्टरों ने युवक को गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे एसएचओ आरोपित की तलाश में लगे हैं। बताया जाता है कि गांव के अमीरूल हक का अपने ही पट्टीदार से भूमि विवाद चल रहा है। घटना के समय अमीरूल व विपक्षी के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते बात बढ़ गई और विपक्षी ने 35 वर्षीय अमीरूल पर चाकू से हमला बोल लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आते देख विपक्षी फरार हो गया। चौकीदार ने घटना की जानकारी थाने दी। एसएचओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही मामला दर्ज कर लिया जाएगा।

**मंदिर का चबूतरा टूटा, तनाव: अहिरौली बाजार :** क्षेत्र के सिहोरवा गांव में शिव मंदिर का चबूतरा टूटने से बुधवार शाम को तनाव कायम हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने मौके का निरीक्षण कर थाने को रिपोर्ट दी। एसएचओ पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा।

बताया जा रहा कि गांव के बाहर जंगल में प्राचीन शिव मंदिर है। शाम को गांव के लोग मंदिर पहुंचे तो चबूतरा टूटा देखे। कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने 112 नंबर पर इसकी सूचना दी। गांव पहुंची पीआरवी ने जांच पड़ताल के बाद थाने को सूचना दी। प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह ने बताया कि गांव में शांति है, कल चबूतरे का निर्माण करा दिया जाएगा। एसएचओ ने बताया कि मंदिर गांव के बाहर जंगल में स्थित है। चबूतरा कैसे टूटा, इसकी जांच चल रही है। आपस में किसी का कोई विवाद नहीं है। सभी से वार्ता की गई है।

# टाटा मैजिक से तीन गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**जासं,तमकुहीराज :** कस्बा स्थित ओवरब्रिज के समीप तमकुहीराज पुलिस ने बुधवार को टाटा मैजिक से तीन गोवंश बरामद कर दो तस्करों को दबोच लिया। दोनों की पहचान मुनीब प्रसाद व प्रदीप कुमार निवासी पगरा बसंतपुर थाना पटहेरवा के रूप में हुई। एसएचओ नीरज राय मातहतों संग दोपहर एक गजे ओवरब्रिज के समीप वाहनों की जांच कर रहे थे। इस बीच आए टाटा मैजिक को रोक जब छानबीन की गई तो उस पर तीन गोवंश मिले। पुलिसकर्मियों ने सवार दो तस्करों को भी दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकारा कि वे पटहेरवा से गोवंश की खेप लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। एसएचओ ने बताया कि दोनों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

# चोरी के सामान के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कप्तानगंज।** पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ अनिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुधवार दोपहर किसान चौक के नहर की पटरी पर दो संदिग्ध युवकों की तलाशी ली गई। इनके पास से 50 किलो के बोरी में गेहूं और एक गैस सिलिंडर मिला। पूछताछ में दोनों की पहचान दुर्गेश साहनी पुत्र रामवृक्ष साहनी, भोला साहनी पुत्र रामेश्वर साहनी निवासी हरिहरनाथ दक्षिणी वार्ड नंबर 16 के रूप में हुई। इनके खिलाफ विविध कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# मामूली विवाद में हुई चाकूबाजी, एक गंभीर

न्यूज संवाद एजेंसी

**मथौली बाजार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार की देर शाम पुराने विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया।

गले पर गंभीर चोट लगने से घायल युवक को मथौली सीएचसी पर ले जाया गया। वहां हालत गंभीर बताकर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। एसएचओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

लक्ष्मीपुर निवासी अमीरुलहक (38) पुत्र मोहम्मद बुधवार की देर शाम अपने दरवाजे पर टहल रहा। तभी उसके गांव का एक अन्य युवक आ गया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। आरोप है कि तभी युवक ने चाकू निकालकर अमीरुलहक के गले पर हमला कर दिया।

वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर युवक भाग गया। किसी तरह से परिजन घायल को मथौली बाजार सीएचसी पर ले गए। वहां डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस पहुंची।

इस संबंध में एसएचओ अनिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मारपीट के मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 नवंबर को हुई मारपीट के मामले में पीड़ित महिला ने तहरीर दी है। महिला की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ गोलबंद होकर मारपीट करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के करजहां निवासी महिला सुमन देवी पत्नी प्रमोद ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि 13 नवंबर को वह अपने पुत्र व पुत्री संग घर में कुछ काम कर रही थी। इसी बीच उसके पट्टीदारी के पांच लोग गोलबंद होकर आए। जब तक वह कुछ समझ पाती। आरोपियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# लोगों ने की चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/समउर बाजार।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के समऊर बाजार में एक माह के भीतर तीन बार हुई चोरी की किसी घटना का पर्दाफाश पुलिस नहीं कर सकी है। चोरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित थाने से पुलिस चौकी का चक्कर काट रहे हैं। इस संबंध में एसएचओ नीरज राय ने बताया कि दर्ज मुकदमों की छानबीन की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

अक्तूबर माह में चोरी की कई घटनाएं हुई थीं, जिनका मुकदमा दर्ज करके पुलिस शांत बैठ गई।

## अक्तूबर माह में हुई थीं चोरी की तीन वारदातें

दो अक्तूबर की रात समउर बाजार कस्बे में स्पेयर पार्ट की दुकान से चोरों ने करीब एक लाख के स्पेयर पार्ट सहित 12 हजार नकदी की चोरी की थी।

12 अक्तूबर की रात चोरों ने किराने की दुकान को निशाना बनाया। सेंधमारी करके 20 हजार रुपये नकदी सहित सामान उठा ले गए। 31 अक्तूबर की रात बाइक चोरों ने बिहार खुर्द से बाइक चुरा ली। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने दो घटनाओं में मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

कस्बा निवासी बलिराम लाल श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि आलमगीर खान, किताबुदीन अहमद सहित अन्य का लोगों का कहना है कि अक्तूबर माह में चोरी की तीन घटनाएं हुई हैं। किसी घटना का पुलिस पर्दाफाश नहीं कर सकी है। लोगों ने कस्बे में पुलिस गश्त बढ़ाने और पूर्व में हुई घटनाओं के पर्दाफाश की मांग की है।

इस संबंध में तमकुहीराज के एसएचओ नीरज राय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने कार्यभार संभाला है। पूर्व में दर्ज मामलों की छानबीन चल रही है। चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए गश्त बढ़ाई जाएगी।



पिपरा कनक स्थित सेंट्रल बैंक में जांच करती पटहेरवा पुलिस। संवाद

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

**समउर बाजार।** पटहेरवा पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र में संचालित विभिन्न बैंकों की जांच की। इसमें पुलिस ने बैंक कर्मचारियों से सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली।

परिसर में लोगों को संदिग्ध व्यक्तियों से सजग रहने के लिए सतर्क किया गया। एसआई सुनील कुमार यादव की अगुवाई में हेड कांस्टेबल राकेश गौंड़, जय हिंद यादव, हसीबुल्लाह खान समेत

## संदिग्ध व्यक्तियों से सजग रहने के लिए सतर्क किया

अन्य पुलिसकर्मी पिपराकनक स्थित सेंट्रल बैंक और चौराहे के एटीएम पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा, अलार्म सहित अन्य सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। साइबर फ्रॉड के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। बताया कि यदि बैंक अथवा आस-पास के स्थानों पर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# व्यापारियों की सुरक्षा के प्रति पुलिस गंभीर, मिलेगी मदद : सीओ

## पुलिस लाइंस सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई। इसमें जिले के व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण करने पर सहमति बनी।

सीओ सदर कुंदन सिंह ने कहा कि पुलिस जिले के आम लोगों के साथ व्यापारियों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर है। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है, लेकिन सुरक्षित समाज और बाजार बनाने के लिए लोगों को भी पुलिस का सहयोग करना होगा।

सीओ ने व्यापारियों से दुकान के भीतर और बाहर सीसी टीवी कैमरा लगाने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की।



व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते सीओ। संवाद

व्यापारियों ने ठंड के मौसम में पुलिस गश्त बढ़ाने, लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए प्रमुख सड़कों को वन-वे करने की मांग की, जिस पर सीओ ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सचिन चौरसिया, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रभारी दिलीप जायसवाल, अजय गुप्ता, मनीष, शिव मोहन, अमरनाथ और जगदंबा आदि मौजूद थे।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-11-2022

# विद्यालय में चोरी का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**खुलासा**

महराजगंज, निज संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय सवना में चोरी का कोतवाली पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। इस मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं। उनके कब्जे से चोरी का गैस सिलेंडर, चूल्हा, एमडीएम का 45 किलो गेहूं, 34 किलो चावल आदि बरामद हुआ है। आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया है।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि सदर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सवना में विद्यालय कक्ष का ताला तोड़ चोरी हुई थी। प्रधानाध्यापक विपिन विहारी मिश्र ने इस मामले में तहरीर दी थी। सूचना मिली कि शिव नगर से सवना जाने वाली नहर पुलिया पर तीन युवक गैस सिलेंडर, चूल्हा आदि सामान लेकर किसी का इंतजार कर रहे हैं। इस सूचना पर एसआई अखिलेश यादव, गौरी शंकर त्रिपाठी, कांस्टेबल प्राद यादव, राजन यादव, सुनील यादव, आज्ञाराम यादव, मुकेश सिंह मौके पर पहुंचे। उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनकी निशानदेही से प्राथमिक विद्यालय में चोरी के सामान मिले। चोरी में शामिल दो अन्य साथियों का नाम सामने आने पर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम अजय राय, सर्वेश राय, अविनाश कुमार, सुखदेव राय व विनीत कुमार बताया। तीनों आरोपित सवना गांव के ही रहने वाले हैं।

## कोतवाली पुलिस, एसओजी व स्वाट टीम ने गैंग का किया पर्दाफाश

# 18 बाइक के साथ चार वाहन लिफ्टरों को दबोचा

महराजगंज, निज संवाददाता। कोतवाली पुलिस, एसओजी व स्वाट टीम ने अंर्तजनपदीय वाहन चोरों के गैंग का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार वाहन लिफ्टर दबोच गए हैं। चोरी की 18 बाइकें बरामद हुई हैं। पुलिस बाइक के मालिकों का पता लगाने में जुट गई है। पुलिस टीम की इस उपलब्धि पर एसपी ने 15 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

बुधवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने खुलासा करते हुए बताया कि कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय, एसओजी प्रभारी सुनील राय व स्वाट टीम प्रभारी रामकृपाल सिंह बुधवार की भोर में सुबह 4.25 बजे चिउरहा नहर पुलिया के पास जांच कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की दो बाइक पर चार संदिग्ध कटहरा से लखिमा थरूआ होकर आ रहे हैं। इस सूचना पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चौकी प्रभारी बागापार विजय द्विवेदी, चौकी प्रभारी कलक्ट्रेट दिनेश कुमार को हमराहियों के साथ एसएसबी मोड़ चिउरहा बुला लिया। घेराबंदी कर दोनों बाइक के आने का इंतजार करने लगी। थोड़ी देर में दो बाइक पर चार संदिग्ध देख पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया।

यह देख बाइक चालक गाड़ी मोड़ पीछे भागने की कोशिश किए, लेकिन सतर्क पुलिस कर्मियों ने घेर कर चारों संदिग्धों को पकड़ लिया। जांच में दोनों बाइक चोरी की निकलीं। तलाशी में एक के पास से 12 बोर का देशी तमंचा मिला। इस पर पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने एक ने अपना नाम रामप्रवेश चौहान(35) निवासी बौलिया राजा थाना कोतवाली, दूसरे ने अपना नाम शमशेर अली(30) निवासी रौतार थाना निचलौल, तीसरे ने अपना नाम द्वारिका लोहिया (40) निवासी विवेकानंदनगर सिसवा थाना कोठीभार व चौथे ने अपना नाम रामकेवल (35) निवासी धमऊर मटरा थाना निचलौल बताया।




पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में बुधवार को एसपी कौस्तुभ ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा किया। • हिन्दुस्तान

### जंगल में छिपाकर रखी थी चोरी की बाइक

चार वाहन लिफ्टरों के पास से चोरी की दो बाइक बरामद होने पर पुलिस टीम ने पूछताछ शुरू किया। कड़ी से पूछताछ में चारों ने बताया कि वह कई जगह से बाइक चोरी किए हैं। सभी बाइक को कटहरा शिव मंदिर के पीछे जंगल में छिपाकर रखा गया है। चोरी की बाइक को नेपाल में बेचने की योजना थी। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस टीम आरोपितों को लेकर कटहरा शिव मंदिर के पीछे जंगल में पहुंची। वहां से कुल 18 बाइक बरामद हुई।

# न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

श्यामदेउरवां। श्यामदेउरवां क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर जरलहिया में बच्चों के विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज की है। मारपीट में ऋतिक नाम के पांच वर्षीय बच्चे को गंभीर चोटें आई थी।

ऋतिक की मां सरोज श्यामदेउरवां थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद वह न्यायालय में पहुंची थी। प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि बुधवार को न्यायालय के आदेश पर प्रकरण में आरोपी अमेरिका, गुड्डी, झिनई मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पांच बोरी खाद व दो साइकिलें बरामद

खनुआ। चौकी प्रभारी रामरतन यादव ने कांस्टेबल संतोष कुमार, सूर्य प्रकाश यादव के साथ गश्त के दौरान पांच बोरी खाद व दो साइकिलें बरामद की हैं। इसे नौतनवा कस्टम के हवाले कर दिया गया। गश्त के दौरान दो लोग साइकिल पर समान लादकर खड़े दिखे। दोनों पुलिस को देखते ही सामान छोड़ नेपाल की तरफ भाग गए। जांच करने पर तीन बोरी डीएपी व दो बोरी यूरिया खाद मिलीं।




बुधवार को चाइल्ड लाइन के दोस्ती सप्ताह में एसपी कार्यालय में हस्ताक्षर करते पुलिस विभाग के एक अधिकारी। • हिन्दुस्तान

# एसपी ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

महराजगंज। चाइल्ड लाइन की टीम ने अपने दोस्ती सप्ताह में हस्ताक्षर अभियान के तीसरे दिन बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंच कर पुलिस विभाग के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों से हस्ताक्षर कराकर बच्चों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान एएसपी आतिश कुमार सिंह ने सबसे पहले हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कर बच्चों के संरक्षण का संकल्प लिया।

# रैली निकालकर यातायात नियमों के पालन की अपील

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। महराजगंज में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। प्रभारी निरीक्षक यातायात हरी सिंह यादव की अगुवाई में शहर के महाराणा प्रताप इंटर कालेज की छात्र-छात्राओं ने श्लोगन लिखीं तख्तियां व नारे लगाते शहर की सड़कों पर निकले।

मऊपाकड़ से शुरू यह जागरूकता रैली शहर के सड़कों पर भ्रमण करते हुए उद्योग चौराहे तक गई। इस दौरान रास्ते में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाता रहा। यातायात निरीक्षक ने बताया कि मुख्य चौराहे सहित अन्य जगहों पर यातायात कर्मी लोगों को जागरूक कर रहे हैं। यातायात नियमों की अनदेखी करने पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को महाराणा प्रताप इंटर कालेज के बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई।

# 25 वाहनों का किया गया चालान

पुरंदरपुर। यातायात माह अभियान के तहत बुधवार को पुरंदरपुर चौराहे पर थाना प्रभारी उमेश कुमार एवं मोहनापुर चौराहे पर एसआई विनीत यादव, एसआई जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में वाहनों की जांच की गई। बिना हेलमेट के 15 दो पहिया व बिना सीटबेल्ट के 10 चार पहिया वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान लोगों को सीटबेल्ट लगाने व हेलमेट पहनने को लेकर जागरूक किया गया। कुछ बाइक चालकों को हेलमेट भी दिया गया।

# सीओ के नेतृत्व में बॉर्डर पर चला चेकिंग अभियान

कोल्हुई। कोल्हुई क्षेत्र के पड़ने वाले इंडो-नेपाल बार्डर पर बुधवार देर शाम सीओ कोमल मिश्रा के नेतृव में चेकिंग अभियान चलाया गया। नेपाल में चुनाव व तस्करी की रोकथाम के दृष्टिगत पुलिस ने बार्डर रोड पर पेट्रोलिंग की। आने-जाने वाले वाहनों को रोककर जांच की गई। साथ में एसओ अभिषेक सिंह टीम के साथ मौजूद रहे।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

## 18 बाइक बरामद, नेपाल में बेचने के मिले साक्ष्य, पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



गिरफ्तार आरोपितों के संबंध में जानकारी देते एसपी डा. कौस्तुभ (बाएं से दूसरे) ● जागरण



बरामद बाइक ● जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) स्वाट (स्पेशल वेपेंस एंड टैक्टिस) व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफश किया। बुधवार की सुबह टीम ने शहर के चिउरहां नहर के पास बाइक चोर गिरोह के चार सदस्यों को दो बाइकों और असलहे के साथ पकड़ा। उनकी निशानदेही पर चोरी की और 16 बाइक बरामद की। यह बाइक सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के कटहरा जंगल में छिपाकर रखी गई थी। कार्रवाई में 18 बाइक बरामद हुई।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तथागत सभागार में प्रेसवार्ता कर पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने गिरोह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपितों की पहचान सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के बौलिया राजा निवासी रामप्रवेश चौहान, निचलौल के रौतार निवासी शमसेर अली, सिसवा नगर पालिका के विवेकानंदनगर निवासी द्वारिका लोहिया और निचलौल के मटरा धमऊर निवासी रामकेवल के रूप में हुई है। आरोपित लंबे समय से बाइक चोरी कर रहे थे। महराजगंज, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर क्षेत्र से बाइक चोरी कर आरोपित नेपाल और आसपास के इलाकों में बेंच रहे थे। इनके पिछे एसओजी और स्वाट टीम लंबे समय से लगी हुई थी।

गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी को न्यायालय भेज दिया गया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम भी दिए जाने की घोषणा की गई है।

**टीम में यह रहे शामिल** : बाइक चोर गिरोह के पर्दाफाश में एसओजी प्रभारी सुनील कुमार राय, स्वाट प्रभारी रामकृपाल सिंह, सदर कोतवाल रवि कुमार राय, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, विजय कुमार द्विवेदी, दिनेश कुमार, विपेंद्र मल्ल, कुतबुद्दीन, रामआशीष यादव, आलोक पांडेय, सत्येन्द्र शुक्ला, आशुतोष सिंह, शैलेंद्र तिवारी, संजीव श्रीवास्तव, मुन्ना चौरसिया, आनंद कुमार व राजीव यादव शामिल रहे।



यातायात माह के तहत निकाली गई जागरूकता रैली ● जागरण

# रैली निकाल बच्चों ने यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

**जासं, महराजगंज** : यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को यातायात पुलिस के साथ स्कूलों के बच्चों ने रैली निकाली। यातायात प्रभारी हरी सिंह यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महाराणा प्रताप इंटर कालेज के छात्रों ने विभिन्न माध्यमों से लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया।

मऊपाकड़ से शुरू हुई जागरूकता रैली शहर में भ्रमण करती हुई उद्योग चौराहे तक पहुंची, इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाता रहा। यातायात प्रभारी ने बताया कि शहर के सक्सेना तिराहा और अन्य स्थानों पर यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान यातायात पुलिसकर्मियों के साथ सदर कोतवाली की पुलिस टीम मौजूद रही।

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर मनाया दोस्ती सप्ताह

## चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन के नेतृत्व में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी




पुलिस कार्यालय पर बुधवार को चाइल्ड लाइन महाराजगंज ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर मनाया दोस्ती सप्ताह। इस दौरान हस्ताक्षर करते सीओ सूर्यबली मौर्य। संवाद

**महराजगंज।** चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिले में चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने दोस्ती सप्ताह मनाया।

चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने बताया कि 1098 नंबर के माध्यम से मुसीबत में फंसे बच्चों को आपातकालीन सहायता किया जा रही है। चाइल्ड लाइन टीम पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, वहां पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह द्वारा बैनर, (सिगनेचर कैंपेन) पर हस्ताक्षर कर बच्चों के संरक्षण का संकल्प लिया। निचलौल सीओ सूर्य बली मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर कर बच्चों के संरक्षण का वादा किया। राजेश कुमार, रवि प्रताप सिंह, सदानंद शुक्ला, प्रतिमा आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

परतावल। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर जरलहिया में बच्चों के विवाद में हुई मारपीट में ऋतिक (5) को गंभीर चोटें आई थी।

**बच्चों के विवाद में हुई थी मारपीट**

ऋतिक की मां सरोज देवी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थककर सरोज ने न्यायालय की शरण ली। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर श्यामदेउरवां पुलिस ने आरोपी अमेरिका, गुड्डी, झिनई पर मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# नारों के जरिए दिया यातायात जागरुकता का संदेश

## महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मऊपाकड़ से हनुमान गढ़ी तक निकाली रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** यातायात माह के 16वें दिन बुधवार को यातायात पुलिस की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई।

महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने रैली में नारों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। रैली मऊ पाकड से बस स्टैंड, नगर तिराहा होते हुए भारतीय स्टेट बैंक, हनुमानगढ़ी तक पहुंची। रैली के दौरान लोगों से बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, सभी कागजात साथ रखने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने की अपील की गई।



सक्सेना चौक पर यातायात निरीक्षक हरि सिंह के नेतृत्व में निकली रैली।



बैंड बाजा के साथ यातायात नियमों के पालन की अपील की गई। संवाद

यातायात निरीक्षक हरि सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। बाइक पर ड्राइव करते समय मोबाइल पर बात न करें। आगे पीछे देख कर दाएं बाएं मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करें, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाये, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील की गई है।

# चोरी की 18 मोटरसाइकिलों के साथ चार लोग गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सदर कोतवाली, एसओजी व स्वाट की संयुक्त टीम ने वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर सदर कोतवाली क्षेत्र के कटहरा शिव मंदिर के पीछे से चोरी की 18 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने अपने कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चोरों का एक गैंग बड़ी संख्या में चोरी के वाहन को कटहरा से लखिमा थरुआ के रास्ते कहीं भेजने की फिराक में है।

सूचना के आधार पर कोतवाली, स्वॉट व एसओजी टीम के प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने नजर रखना शुरू कर दिया। लखिमा थरुआ से आने वाली सड़क पर दो वाहनों से चार लोग आते दिखे तो पुलिस ने रोकने का प्रयास किया।

पुलिस को देखकर उन्होंने भागने का प्रयास किया मगर विफल रहे।



वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए रामप्रवेश चौहान, शमशेर द्वारिका लोहिया और रामकेवल। संवाद

## वाहनों को नेपाल पहुंचाते थे चोर

पकड़े गए वाहन चोरों ने बताया कि वे चोरी के वाहनों को एक-एक तथा दो-दो की संख्या में नेपाल व अन्य जगहों पर बेचने का कार्य करते हैं। वाहन के एवज में मिलने वाली धनराशि को आपस में बांट लेते हैं।

पकड़े गए अभियुक्त रामप्रवेश चौहान निवासी बौलिया राजा के पास से एक देशी तमंचा व 12 बोर का जिंदा कारतूस मिला।

उसके साथ ही मौके से शमशेर अली निवासी रौतार थाना निचलौल, द्वारिका लोहिया निवासी विवेकानंद नगर सिसवा तथा रामकेवल निवरसी धमउर थाना निचलौल को भी गिरफ्तार किया गया।

उनकी निशानदेही पर कटहरा शिवमंदिर के पास छिपाकर रखे गए चोरी के 16 अन्य वाहनों को भी बरामद किया गया। बड़ी बरामदगी करने वाली टीम में सदर के प्रभारी निरीक्षक रवि राय, एसओजी प्रभारी सुनील कुमार राय के साथ ही स्वाट टीम के प्रभारी रामकृपाल सिंह व उनके सहयोगी पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई है।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-11-2022

## लाइट आंख पर पड़ने से युवक की पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बाइक की लाईट आंख पर पड़ने की बात को लेकर कुछ लोगो का एक युवक से विवाद हो गया। जिसके बाद अभियुक्तो ने एकराय होकर पीड़ित को घर में घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए कुछ पैसे भी लूट ले गये। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पन्द्रह आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के मझौवामीर गांव निवासी फैय्याज अहमद अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान शमसुद्दीन तथा अन्य कुछ लोगो ने उसे रास्ते में रोक लिया और लाईट आंख पर पड़ने की बात बोलते हुए विवाद करने लगा। गालियां देने से मना किया गया तो लोगो ने उसे घर में घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए 20 हजार रूपये भी छीन ले गये। मामले में पीड़ित फैय्याज अहमद अनवर अली निवासी मझौवामीर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शमसुद्दीन पुत्र शाहिद, अली हनीफ पुत्र जब्बार, वशीर पुत्र मुख्तार, खलील पुत्र गरीबुल्लाह, अब्दुल जलील, फकीर अहमद, अब्दुल मोईद, मोमिना खातून, फातिमा खातून, शकील अहमद, मोहम्मद आरिफ, मसूद अहमद, महबूब आलम, खुर्शीद अहमद, मुख्तार के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 452, 427, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## शराब पीकर पत्नी की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला को उसके पति द्वारा शराब पीकर मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला थाने की पुलिस को बभनगांवा मोहल्ला निवासिनी महिला खुशबू देवी ने तहरीर देकर बताया कि उसके पति संदीप सोनी ने उसे शराब पीकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की । मामले में महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति संदीप सोनी पुत्र रामशंकर सोनी निवासी पाकारडाड़ थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।वहीं एक अन्य जानकारी के अनुसार लालगंज थानाक्षेत्र की खैरवनिया गांव निवासिनी रेनू ने आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति वंशीलाल निवासी खौरवनिया थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 506, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## हत्या कर शव पोखरे में फेंका, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** आरोपियों ने एक व्यक्ति को घर से बुलाकर ले गये और उसकी हत्या कर गांव के पोखरे में फेक दिया। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।सोनहा थानाक्षेत्र के बरगदवा गांव के रहने वाले केशराम को राम प्रकाश तथा विनोद घर से बुलाकर ले गये तथा उसकी हत्या कर शव को गांव के पोखरे में फेक दिया। मामले में मृतक की पत्नी सुनीता देवी पत्नी केशराम निवासी बरगदवा, थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामप्रकाश पुत्र हरि, विनोद पुत्र रामअजोर निवासी बरगदवा, थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



पूर्व विधायक सीए सीपी शुक्ला के घर जांच करने पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम।

# पूर्व भाजपा विधायक के घर को चोरों ने खंगाला

**दुस्साहस**

**कप्तानगंज (बस्ती)।** कप्तानगंज के पूर्व भाजपा विधायक चंद्र प्रकाश शुक्ला के कप्तानगंज स्थित आवास को चोरों ने मंगलवार/ बुधवार की रात खंगाल डाला। बंद पड़े कमरों और आलमारी का ताला तोड़कर जेवर, नगदी समेत कई अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह पड़ोसियों ने चोरी की सूचना एक महीने से परिजनों संग लखनऊ में रह रहे विधायक और कप्तानगंज पुलिस को दी। प्रतिनिधि ने देर शाम तहरीर देकर अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कराया।

पूर्व विधायक सीए चंद्र प्रकाश शुक्ला का कप्तानगंज में नकटीदेई स्थित मां गायत्री विद्यालय के बगल में आवास है। पूर्व विधायक जब भी कप्तानगंज में आते हैं तो रात्रि विश्राम यहीं करते हैं। पड़ोसियों के मुताबिक इधर करीब एक महीने से विधायक और उनके परिजन आवास पर नहीं आए। बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने जब गेट का ताला टूटा देखा तो सूचना पूर्व विधायक सीए चन्द्र प्रकाश शुक्ला के अलावा कप्तानगंज पुलिस को दी।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येंद्र कुंवर के साथ ही फिल्ड यूनिट के मंजीत कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूर्व विधायक के प्रतिनिधि सुनील कुमार पांडेय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

**अंगूठी, चेन और 72 हजार नगदी ले गए चोर:** प्रतिनिधि सुनील कुमार पांडेय द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक चोर आलमारी में रखा 50 हजार नगद, सोने की चेन और दो अंगूठी तथा कम्प्यूटर कक्ष में रखा 22 हजार नगदी व एक पेन ड्राइव चुरा ले गए। प्रतिनिधि ने कप्तानगंज पुलिस से कहा है कि जिस तरीके से आवास/ जनसंपर्क कार्यालय में तोड़फोड़ कर चोरी की गई है उससे पूर्व विधायक की जान को भी खतरा हो सकता है। उनकी मुकम्मल सुरक्षा के लिए व्यवस्था की जाए।

# तीन व्यापारियों पर नकली पाइप बेचने का केस

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने नकली पाइप बेचने के मामले में तीन व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा एडवोकेट डॉ. ऋषि कुलश्रेष्ठ निवासी गाजियाबाद की तहरीर पर जितेन्द्र जयसवाल पांडेय बाजार, राजेन्द्र प्रसाद निवासी नई बाजार व ओमप्रकाश थाना पुरानी बस्ती के खिलाफ धोखाधड़ी व कापीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# शांतिभंग में नौ का चालान

घघौवा। परशुरामपुर पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर अलग-अलग गांव के रहने वाले नौ के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुनील निवासी धुरदा, अनिरुद्धधर, शिव कुमार सैजलपुर, किशन यादव निवासी हैदराबाद, लाल यादव, चंदन व भुकई नरायनपुर, विजय शंकर सुकरौली कुंवर, मदन लाल यादव सकरावल निवासी पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# पति समेत पांच पर दहेज हत्या का मुकदमा

**बभनान।** पड़ोसी जिला गोंडा के खोड़ारे थानांतर्गत मगहरिया गांव में 14 नवम्बर को नवविवाहिता अफसाना खातून का शव घर में मिला था। थाना क्षेत्र के ही बनकटवा गांव निवासी नसरुल्लाह ने तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने दामाद वकीउल्लाह, ससुर अब्दुल हसन, सास सालहा बानो,जेठ वसीउल्लाह, ननद सविरुननिशा के मुकदमा दर्ज किया है।

# पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सल्टौआ।** न्यायालय के आदेश पर सोहना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट व एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। थरूआपुर गांव निवासी पूर्णमासी ने विशेष न्यायधीष एससी एसटी एक्ट में शिकायत किया था कि गांव के जगराम, रामू, मुनिराम, धर्मेंद्र व लालजी ने जमीन का फर्जी अंकन करा कर जमीन जोतने बोने लगे तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने पीटने की धमकी देने लगे।

# शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

बस्ती। सामाजिक वैमनस्यता एवं धर्मिक भवानाओं को भड़काने के मामले में मुखर्जी नगर, दिल्ली में कार्यरत एक शिक्षक के विरुद्ध सनातन धर्म चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बस्ती कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी गई है।

आरोप है कि शिक्षक छात्रों को पढ़ाते हुए हमारे सनातन धर्म के मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के ऊपर गलत व अमर्यादित टिप्पणी करके न केवल छात्रों की मनोदशा को दिग्भ्रमित करते हैं बल्कि समाज में वैमनस्यता फैलाने व जातीय उन्माद फैलाने का भी घृणित प्रयास किया गया है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है, जिससे हम सभी सनातन जनमानस की भावनाएं आहत हुई हैं। तहरीर देते समय संगठन के महेन्द्र सिंह, राजेश चित्रगुप्त, अमर सोनी, दिनेश पाण्डेय के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला ने पति पर किया मारपीट का मुकदमा

बस्ती। महिला थाना पुलिस को दी तहरीर में खुश्बू निवासी बभनगांवा ने आरोप लगाया कि उनके पति संदीप सोनी उर्फ नाटे शराब पीकर मारेपीटे और जाने से मारने की नीयत से गला दबाया।

पुलिस ने संदीप सोनी निवासी पाकरडांड थाना लालगंज के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार लालगंज पुलिस ने रेनू निवासी खरवनिया थाना लालगंज की तरहरी पर पति बंशीलाल के खिलाफ मारपीट कर जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया है।

# लेखपाल को फोन पर धमकाया, दो पर केस

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने लेखपाल से फोन पर अभद्रता करने के मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज किया है। भानपुर तहसील में कार्यरत लेखपाल संतोष कुमार ने सोनहा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि राजस्व ग्राम विश्वभंर चक के बृजेश कुमार व रिपुसूदन मणि त्रिपाठी फोन करके अभ्रदता किए। 14 नवंबर को फोन पर धमकाया भी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि लेखपाल संतोष कुमार निवासी धूरी टीकर तारून जनपद अयोध्या की तहरीर पर बृजेश व रिपुसूदन मणि त्रिपाठी निवासी विश्वभंर चक सोनहा के खिलाफ विभिन्न धारा में केस दर्ज कर लिया गया है।




रुधौली कस्बे में गश्त पर निकले प्रभारी निरीक्षक और फोर्स।

# आरोपी की जमानत की अफवाह से दहशत

बस्ती। रुधौली थाना क्षेत्र के चर्चित अखंड अपहरण के आरोपी सूरज सिंह और आदित्य के जमानत पर रिहा होने की अफवाह बुधवार को कस्बे में फैलने से दहशत का माहौल कायम हो गया। कई दुकानदारों ने शटर गिरा दिया। थाने के प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा फोर्स के साथ कस्बे में पहुंचे। गश्त करते हुए दुकानदारों के साथ ही अन्य लोगों को भी सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

# नाबालिग से छेड़खानी में तीन वर्ष का सश्रम कारावास

बस्ती। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने नाबालिग से छेड़खानी के मामले में नटवा जोत थाना दुबौलिया निवासी पउवा लाल उर्फ रवींद्र को तीन साल सश्रम कारावास व 12 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट करने के मामले में पउवा लाल के पिता बैजनाथ व दो चाचा तीजू और अमरनाथ को दो-दो साल सश्रम कारावास व दो-दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष शासकीय अधिवक्ता वंदना चौधरी, अरूण श्रीवास्तव, अखिलेश दूबे, अरविंद ने अदालत को बताया कि पीड़िता के पिता ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि तीन जुलाई 2014 को दिन में उसकी बेटी गन्ने के खेत में शौच के लिए गई थी। वहीं पर पउवा लाल ने दुराचार का प्रयास किया। इसकी शिकायत लेकर जब घर गए तो घर वालों ने गाली दी व मारा पीटा।

# शांतिभंग के आरोपियों पर हत्या का केस

**कार्रवाई**

- 24 अक्टूबर को बरगदवां निवासी केशराम की पोखरे में मिली थी लाश
- एसपी ने आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज करने का दिया था आदेश

**सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सोनहा पुलिस ने केशराम हत्याकांड में एसपी के आदेश पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पूर्व में इन तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने इन दोनों आरोपियों का महज शांतिभंग में चालान किया था। मृतक की पत्नी की गुहार पर एसपी ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था।

थाना क्षेत्र के बरगदवा गांव निवासिनी सुनीता देवी ने एसपी को दिए तहरीर में बताया कि 24 अक्टूबर की शाम को पांच उसके पति केशराम को गांव के ही रामप्रकाश व विनोद घर से बुलाकर ले गए थे। देर रात तक केशराम घर नहीं लौटे तो काफी तलाश किए लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। उसी रात रामप्रकाश ने गांव में आधा दर्जन लोगों के घर आकर बताया कि मैंने एक लोग को मार डाला है। एक और व्यक्ति को मारना है।

दूसरे दिन 25 अक्टूबर की सुबह गांव के उत्तर तरफ पोखरे के भीटे पर केशराम का चप्पल पड़ा था। वहां से रामप्रकाश ने भागने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने पोखरे से केशराम का शव बाहर निकाला। सूचना देने के घंटों बाद पहुंची सोनहा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में डूबकर मौत की पुष्टि हुई। लेकिन सोनहा पुलिस ने रामप्रकाश व विनोद का शांतिभंग में चालान कर जेल भेज दिया।

सुनीता की तहरीर पर एएसपी ने मामले की जांच की। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# चालक पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

छावनी। छावनी थाना क्षेत्र के राम जानकी मार्ग पर मंगलवार की रात 10 बजे अमोढ़ा में बीच सड़क पर बोलेरो से पहुंचे दो मनबढ़ो ने लाठी-डंडे से एक ट्रक चालक को पीट दिया था। ट्रक को भी नुकसान पहुंचाया। चालक को चोट भी आई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रक चालक सद्दाम हुसैन पुत्र मो. इस्लाम निवासी रुधौली बस्ती को ट्रक के साथ थाने ले आई। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को दोनों आरोपितों शिवम तिवारी उर्फ श्याम निवासी भूसुरिया थाना दुबौलिया व सद्दाम निवासी कुदरही बाबू को राम जानकी तिराहा के पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपितों के पास से बोलरो भी बरामद कर लिया गया है।

# पूर्व प्रधान व पूर्व जिपं सदस्य समेत 15 पर बलवा का केस

**कार्रवाई**

बस्ती, निज संवाददाता। वाल्टरगंज पुलिस ने वर्तमान प्रधान के प्रतिनिधि व पुत्र के साथ मारपीट कर बाइक तोड़ने व घर में घुसकर रुपया उठा ले जाने के मामले में 15 पर केस दर्ज किया है। आरोपियों में पूर्व प्रधान व पूर्व जिला पंचायत सदस्य शामिल हैं। मारपीट का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है।

पुलिस को दी तहरीर में प्रधान मझौवा के पुत्र फैय्याज अहमद, जो प्रधान प्रतिनिधि के तौर पर काम करते हैं ने बताया कि वह अपनी बाइक से गांव लौट रहा था। रात का समय होने के चलते विपक्षियों ने मुझे रोका और कहा कि तुम्हारी बाइक की लाइट आंख पर पड़ रही है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य खलील अहमद, पूर्व प्रधान मुख्तार अहमद, अली हनीफ, वशीर, अब्दुल जलील, फकीर, अब्दुल मोइद, मोमिना खातून, फातिमा खातून, शकील, मो. आरिफ, मसूद अहमद व महबूब आलम ने मुझे घेर लिया। मारपीट कर बाइक तोड़ दिया और 20 हजार रुपया भी उठा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। मामले की विवेचना एसआई संतोष दूबे कर रहे हैं।

बाउंड्रीवॉल के अंदर जेसीबी से खोदी नींव, लेखपाल ने पटवाया

# जीआईसी के खेल मैदान पर कब्जे का प्रयास

कलंक कथा

■ सुरेंद्र पांडेय

बस्ती। राजकीय इंटर कालेज (जीआईसी) के खेल के मैदान पर कुछ मनबढ़ों की नजर गड़ गई है। वे मैदान पर कब्जा करने की कोशिश में जुटे हैं। 14 नवंबर को उन्होंने जेसीबी के सहारे कॉलेज की बाउंड्रीवॉल तोड़कर मैदान में नींव की खुदाई कर दी। प्रधानाचार्य की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने उन्हें रोका और नींव डालने के लिए खोदे गए गड्ढे को पटवा दिया। प्रधानाचार्य ने एसडीएम से जमीन का नामांतरण विद्यालय के पक्ष में करने का अनुरोध किया है।

जीआईसी के प्रधानाचार्य शिवबहादुर सिंह ने एसडीएम सदर को लिखे पत्र में बताया है कि पिकौरा दत्तूराय खेवट खाता संख्या 145 व गाटा संख्या 214, जिसका क्षेत्रफल 9 बिस्वा, नौ धुर है यह जमन 12 के तहत बाबू चतुर्भुजदास नंददास भगवान अलीनगर गोरखपुर के नाम पर दर्ज है।



राजकीय इंटर कालेज के मैदान पर जेसीबी से खोदी गई नींव जिसे प्रशासन ने पटवा दिया है।

“ यह जमीन पिछले 120 सालों से विद्यालय की है। इसका उपयोग विद्यालय के खेल के मैदान के तौर पर हो रहा है। भविष्य में नामांतरण के लिए आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

**शिवबहादुर सिंह**, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज

“ जीआईसी के प्रधानाचार्य का पत्र प्राप्त हुआ है। मौके पर यथास्थिति बना दी गई है। जहां तक नामांतरण का सवाल है तो यह जमीन जीआईसी के पक्ष में ही जाएगी। इसकी वैधानिकता का परीक्षण किया जा रहा है। जल्द ही जमीन का नामांतरण निरस्त करते हुए जीआईसी के नाम कर दिया जाएगा।

**शैलेष दूबे**, एसडीएम सदर

यह भूमि विद्यालय परिसर में है जिसका उपयोग खेल के मैदान के तौर पर किया जा रहा है। इस भूमि पर विद्यालय का लगभग 120 वर्षों से कब्जा है।

जमीन बाउंड्रीवाल के अंदर होने के बाद भी कुछ अराजक तत्व इस पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। 14 नवंबर को कुछ लोगों ने सुबह पांच बजे से सात बजे के बीच विद्यालय की बाउंड्रीवाल तोड़कर जेसीबी से नींव की खुदाई कर दी। सूचना देने पर क्षेत्रीय लेखपाल ने 15 नवंबर को इसको पटवा दिया।

प्रधानाचार्य ने एसडीएम से मांग की है कि इस जमीन का नामांतरण विद्यालय के पक्ष में करें। इसकी सूचना एडीएम, जेडी व डीआईओएस को भी दे दी गई है।

# हत्या में दो पर मुकदमा

**बस्ती:** सोनहा थाना क्षेत्र के बरगदवा गांव की रहने वाली सुनीता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 24 अक्टूबर को गांव का ही एक व्यक्ति राम प्रकाश उनके पति 42 वर्षीय केशराम को घर से बुलाकर ले गया। आरोप लगाया कि आरोपित ने एक व्यक्ति के सहयोग से उनके पति की हत्या कर शव को गांव के पोखरे में फेंक दिया। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर रामप्रकाश व विनोद निवासी बरगदवा के विरुद्ध हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# ट्रक चालक पर दो युवकों ने किया हमला, हुए गिरफ्तार

**जासं, अमोढ़ा, बस्ती :** रामजानकी मार्ग पर मंगलवार की रात 10 बजे छावनी थानाक्षेत्र के अमोढ़ा कस्बे में बीच सड़क पर बोलेरो खड़ी कर दो युवकों ने लाठी डंडे से एक ट्रक चालक को पीट दिया। ट्रक के शीशे भी तोड़ दिए। इसके बाद छावनी की तरफ भाग निकले।

पिटाई से लहूलुहान ट्रक चालक को मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस छावनी थाने लेकर पहुंची। घायल ट्रक चालक सद्दाम हुसैन पुत्र मो. इस्लाम निवासी इमिलियर थाना रुधौली जनपद बस्ती को पुलिस ने सीएचसी विक्रमजोत पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने मामले में घायल के भाई एजाज की तहरीर पर बोलेरो चालक और उसके साथ के विरुद्ध जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने हमलावरों को बोलेरो सहित गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी गिरफ्तारी रामजानकी तिराहा से आगे एक पेट्रोल पंप के पास से हुई। गिरफ्तार हमलावरों की पहचान शिवम तिवारी उर्फ श्याम निवासी भुसुरिया थाना दुबौलिया व सद्दाम पुत्र रमजान अंसारी निवासी कुदरही बाबू के रूप में हुई है।



# अपहरणकर्ताओं के छूटने की अफवाह से व्यापारियों में भय



रुधौली कस्बे में तैनात पुलिस बल • जागरण

- नाराज दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर जताया विरोध
- मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों को बताई सच्चाई

**जासं, रुधौली, बस्ती :** रुधौली के अखंड अपहरण कांड में शामिल अपहरणकर्ताओं के जेल से छूटने की सूचना पर बुधवार को रुधौली कस्बे के व्यापारियों में भय एवं रोष व्याप्त हो गया। आक्रोशित व्यापारियों ने धड़ाधड़ दुकानें कर दीं। इसकी जानकारी जैसे ही हुई बाजार में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्होंने व्यापारियों को समझा-बुझाया। यह बताया कि अपहरणकर्ता छूटे नहीं हैं और न ही उनकी जमानत हुई है। उनकी जमानत के लिए पुनः अर्जी दाखिल की गई है।

23 अप्रैल 2022 को रुधौली कस्बे से कपड़ा व्यवसायी अशोक कुमार गुप्ता के पुत्र अखंड कसौधन का अपहरण उन्हीं के व्यापारी साथियों द्वारा रुपये की लालच में किया गया था। अपहरणकर्ताओं को गोरखपुर थाना क्षेत्र के सहजनवा निवासी आदित्य सिंह उर्फ धीरज सिंह तथा सूरज सिंह को पकड़ा गया था। सोमवार को कस्बे के व्यापारियों को यह सूचना मिली कि अखंड के अपहरणकर्ताओं को कोर्ट ने जमानत दे दी है जिस पर व्यापारियों में दहशत व्याप्त हो गया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी द्वारा व्यापारी वर्ग व जनसामान्य को समझाया गया कि अपहरणकर्ताओं की जमानत नहीं हुई है। यह महज अफवाह है। बाजार में पुलिस बल लगा दिया गया है।

# छेड़खानी के आरोपित को तीन वर्ष की कैद, 12 हजार अर्थदंड

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डा. अमित वर्मा ने किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले में एक युवक को तीन वर्ष के सश्रम कारावास व 12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर 10 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष शासकीय अधिवक्ता अखिलेश कुमार दुबे ने अदालत में घटना का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी आवश्यक कार्यवश तीन जुलाई 2014 को दिन में 1.20 बजे सिवान में गन्ने के खेत में गई थी। नटवाजोत गांव का पउवा लाल उर्फ रविंद्र लड़की का पीछा करते हुए गन्ने के खेत में गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। किसी तरह से झटक कर किशोरी गन्ने के खेत से बाहर आ गई और स्वजन को आपबीती बताई। पीड़िता के पिता पउवा लाल के घर जाकर शिकायत करना चाहे तो उसके घर के तीजू अमरनाथ व बैजनाथ ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। बेटी के लिए भी अपशब्द कहा।

पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत करने की भरसक कोशिश की, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। अंत में न्यायालय की शरण लिया। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। मुकदमा दर्ज होने के बाद वही पुलिस जो मुकदमा दर्ज नहीं कर रही थी विवेचना में घटना सही पाते हुए आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। दोनों पक्ष की गवाही व सुनवाई के बाद न्यायालय ने पउवा लाल को छेड़खानी सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में दंडित किया, जबकि उसके घरवालों को अपशब्द कहते हुए मारने पीटने के आरोप में दोषी ठहराया।




यातायात माह के तहत एकटेकवा तिराहे पर दिव्यांग को हेलमेट देते मनोज श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी दुबौला जय प्रकाश चौबे व अन्य • जागरण

**दोपहिया वाहन चालक किए गए जागरूक: दुबौला, बस्ती :** एकटेकवा तिराहे पर बुधवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्व. गुड्डू श्रीवास्तव की स्मृति में बाइक सवारों में हेलमेट वितरित किया गया। चौकी प्रभारी दुबौला जय प्रकाश चौबे ने राहगीरों को यातायात के नियमों को लेकर जागरूक किया, साथ ही नियमों का पालन करने की अपील की।

# पाइप बेचने के आरोप में केस

**बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने एक कंपनी की नकली पाइप बेचने के मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी व कापीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कंपनी के अधिकारी डा. ऋषिकुल श्रेष्ठ निवासी 307 डी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद ने पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 नवंबर को पांडेय बाजार मेंहदावल रोड व नई बाजार में कुछ लोग प्रिंस पाइप्स कम्पनी का नकली व गुणवत्ता विहीन पाइप बेच रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जितेंद्र जायसवाल निवासी पांडेय बाजार, राजेंद्र प्रसाद व ओमप्रकाश निवासी नई बाजार थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# नया बाल संरक्षण गृह कराया जाएगा स्थापित

## बाल संरक्षण समिति की हुई बैठक, संप्रेक्षण गृह में क्षमता से अधिक हैं बाल अपचारी

**जासं, बस्ती :** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बाल संरक्षण सेवाओं के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिले में स्थापित बाल संरक्षण गृह में क्षमता से अधिक बाल-अपचारियों का रखा जाना उचित नहीं है, इसके लिए शासन स्तर पर पत्राचार कर नये बाल संरक्षण गृह को स्थापित कराया जाएगा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि बाल संप्रेक्षण गृह में 30 के सापेक्ष 132 बाल अपचारी वर्तमान में रह रहे हैं। शासन से प्रदत्त शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत स्पांसरशिप तथा फोस्टर केयर के तहत बालकों को सुविधाएं प्रदान की जा रही है। कोविड के कारण अनाथ हुए बच्चों को चिकित्सा व शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अनाथ बालकों के खाते में अनुमन्य धनराशि बजट प्राप्त होने पर शीघ्र ही भेजी जाएगी।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी व सीडीओ तथा अन्य ● सौ.विभाग

किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य दिनेश कुमार अग्रहरि ने बताया कि संप्रेक्षण गृह की नयी व्यवस्था न होने तक कोई वैकल्पिक स्थान व भवन चिन्हित कर रखना उचित होगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनय कुमार दूबे ने बताया कि अभी तक 98 किशोर बाल श्रमिक चिन्हित किए गये हैं, जिसके संबंध में इनके सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई है। ऐसे बालकों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। बाल विवाह का कोई प्रकरण नहीं है।

चाइल्ड लाइन के अंबुज यादव ने बताया कि 1460 बच्चों को सीडब्ल्यूसी समिति के माध्यम से उनके माता-पिता को सौंपा गया है, जबकि 277 बच्चों के संबंध में अभी कार्यवाही चल रही है। सीडब्ल्यूसी के सदस्य संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता/अपचारी के मेडिकल के लिए अलग से डाक्टरों की टीम की व्यवस्था अतिआवश्यक है क्योंकि कभी-कभी दूरदराज से आये अपचारियों के मेडिकल में काफी समय लग जाता है। सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एसडीएम आनन्द श्रीनेत, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष प्रेरक मिश्र आदि थे।

# बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

नगर बाजार (बस्ती)। नगर पंचायत के शिव मोहरनाथ पांडेय किसान इंटर कॉलेज में यातायात माह नवंबर के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट को चालान के डर से नहीं, बल्कि अपनी स्वयं की सुरक्षा के लिए प्रयोग करें। अभिभावक की ओर से अपने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए। कहा कि शपथ लें कि वे अपने अभिभावक, माता-पिता, भाई-बहन आदि किसी को भी बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन तथा बिना शीट बेल्ट के चार पहिया वाहन नहीं चलाने देंगे। संवाद

# पकड़ा गया नकली पाइप का जखीरा तीन नामजद

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के पांडेय बाजार, मेंहदावल रोड व नई बाजार में नकली पाइप बेचने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पाइप कंपनी के अधिकारियों ने इन जगहों के गोदामों में मंगलवार को छापा मारकर कंपनी के मार्का और नाम लिखे लोहे के पाइप का जखीरा पकड़ा।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कंपनी के अधिकारी डॉ. ऋषि कुलश्रेष्ठ ने पुरानी बस्ती थाने में तहरीर दी है। उसमें उन्होंने लिखा है कि जितेंद्र जायसवाल निवासी पांडेय बाजार, थाना पुरानी बस्ती, राजेंद्र प्रसाद व ओम प्रकाश निवासी नई बाजार, थाना पुरानी बस्ती उनकी कंपनी का मार्का लगा पाइप गोदाम में रखे हुए थे। इस तरह का नकली माल बेचने की सूचना लंबे समय से मिल रही थी। इसकी सूचना पर मंगलवार को पुलिस के साथ जब गोदाम पर जांच की गई तो भारी मात्रा में इस तरह का पाइप पाया गया। एसओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों दुकानदारों पर धोखाधड़ी व कॉपी राइट उल्लंघन की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद



रुधौली में दुकानें बंद होने के बाद तैनात पुलिसकर्मी। संवाद

# अपहरणकर्ताओं के छूटने की अफवाह से दुकानें बंद

संवाद न्यूज एजेंसी

रुधौली। स्थानीय कस्बे के कपड़ा व्यवसायी के पुत्र अखंड के अपहरण कांड के आरोपियों की जमानत की अफवाह पर व्यापारियों में भय एवं रोष व्याप्त हो गया। नाराज व्यापारियों ने धड़ाधड़ दुकानों के शटर गिरा दिए। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा ने व्यापारियों को समझाकर शांत कराया।

कस्बे में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि जमानत नहीं हुई है, बल्कि आरोपी आदित्य सिंह और सूरज सिंह की जमानत की न्यायालय में अर्जी दी गई है।

23 अप्रैल 2022 को रुधौली कस्बे से कपड़ा व्यवसायी अशोक कुमार गुप्ता के पुत्र अखंड कसौधन का उन्हीं के व्यापारी साथियों ने रुपये की लालच में अपहरण किया था। एक हफ्ते बाद पुलिस व एसटीएफ गोरखपुर की टीम ने अखंड को मुक्त कराते हुए अपहरण के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

उनमें गोरखपुर थाना क्षेत्र के सहजनवां निवासी आदित्य सिंह उर्फ धीरज सिंह व उसका भाई सूरज सिंह शामिल था। इससे पहले भी इस तरह की अफवाह फैलने के बाद व्यापारी आक्रोशित हुए थे।

# एसपी, बीएसए और आरटीओ को सीडब्लूसी ने भेजा नोटिस

## सामान ढोने वाले वाहन से बच्चों को ले जाने का मामला हुआ गंभीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** न्याय बाल कल्याण समिति ने पिछले दिनों बच्चों को सामान ढोने वाली गाड़ी से खेलकूद प्रतियोगिता में ले जाने के मामले को गंभीरता से लिया है।

इसे बाल अधिनियम 2015 की मंशा के विपरीत व असंवैधानिक करार देते हुए सीडब्लूसी ने एसपी, बीएसए व आरटीओ को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि ऐसे संवेदनशील मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है।



आखिर कब चेतेंगे?

दुबौलिया क्षेत्र के बच्चों को सामान ढोने वाली गाड़ी से खेलकूद प्रतियोगिता में ले जाया गया। संवाद

अमर उजाला इंपैक्ट

उल्लेखनीय है कि 10 नवंबर को अमर उजाला में पेज नंबर चार पर इससे संबंधित तस्वीर प्रकाशित की गई थी।

इसको बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्र व उनकी टीम ने संज्ञान में लिया। तीनों अधिकारियों को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि न्यायपीठ बाल कल्याण समिति को अपने कार्य क्षेत्र में बच्चों के हित से संबंधित विषय का स्वयं संज्ञान लेने का अधिकार प्राप्त है।

10 नवंबर को बच्चों के साथ हुए संवेदनहीन व्यवहार के लिए क्या कार्रवाई की गई है। बच्चों को इस तरह असुरक्षित ले जाना उनके हित में नहीं है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि तीनों अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है।

# युवक को साथ लेकर निकले दो पर हत्या का केस

## 25 अक्तूबर को गांव के पोखरे में मिला था केशराम यादव का शव

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** दोस्तों के साथ घर से निकले सोनहा थाने के बरगदवा गांव के केशराम यादव (40) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के तीन हफ्ते बाद पुलिस ने उसी गांव के दो आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। केशराम यादव की पत्नी सुनीता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ये दोनों लोग उनके पति को घर से बुलाकर ले गए और हत्या करके शव को पोखरे में फेंक दिया। हालांकि, इसके पीछे किसी रंजिश की बात अब तक सामने नहीं आई है। गांव में तफ्तीश करने पहुंचे एसएचओ रवींद्र सिंह ने बताया कि लोगों के बयान लिए जा रहे हैं। सभी पहलुओं की गहन छानबीन की जा रही है।

सोनहा प्रतिनिधि के अनुसार, 24 अक्तूबर को बरगदवा गांव के केशराम यादव दो लोगों के साथ सोमवार को घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिवार के लोग ढूंढने लगे। 25 अक्तूबर की सुबह गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के पास केशराम की चप्पल मिली, जिससे लोगों को शक हुआ।

गांव के लोगों ने शक के आधार पर पोखरे में जाल को डलवाया तो पानी में केशराम का शव मिला। उसके बाद शक के आधार पर गांव के लोगों ने राम प्रकाश और विनोद को पकड़ लिया और हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर पिटाई की। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया।

मृतक की पत्नी सुनीता ने आरोप लगाया कि राम प्रकाश उनके पति को घर से बुलाकर ले गया और विनोद के साथ मिलकर मार डाला। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को देखने के बाद पुलिस मान रही थी कि डूबने से मौत हुई है। इस लिए तब पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया।

इसे लेकर गांव के लोगों और पुलिस के बीच काफी खींचतान चलती रही। इस बीच पुलिस ने हिरासत में लिए गए राम प्रकाश और विनोद का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था।

### एक को मार दिया, दूसरा अभी बाकी

**सोनहा।** मृतक की पत्नी का कहना है कि 24 अक्तूबर की रात को राम प्रकाश शराब के नशे में धुत होकर गांव के कई लोगों के घर पहुंचा। वहां कुछ महिलाओं से कहने लगा कि एक को मार दिया है, दूसरा अभी बाकी है। उसके यह कहने के कारण ही गांव के लोगों ने उसकी पिटाई की और पूछताछ करने लगे। उसके बाद केशराम की चप्पल पोखरे के पास मिली थी। पुलिस इस बात की छानबीन कर रही है कि आखिर उसने ऐसा क्यों कहा और वह दूसरा कौन है, जिसे वह मारने की बात कर रहा था। संवाद

# ट्रक चालक पर प्राण घातक हमला दो गिरफ्तार

**विक्रमजोत।** रामजानकी मार्ग पर छावनी थाने के अमोढ़ा के पास बोलेरो सवार दो लोगों ने ट्रक रोककर उसके चालक को पीटा और ट्रक में तोड़फोड़ भी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को निकट के चिकित्सालय पहुंचाया।

एसओ दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि घायल चालक के भाई की तहरीर पर हत्या के प्रयास समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज की नौ घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें शिवम तिवारी उर्फ श्याम, निवासी भूसुरिया, थाना दुबौलिया और इसी थानाक्षेत्र के कुदरही बाबू निवासी सद्दाम शामिल है।

मंगलवार की रात ट्रक लेकर चालक कलवारी की ओर से रामजानकी मार्ग से होकर अयोध्या जा रहा था। पीछे से पहुंचे बोलेरो सवार कुछ लोगों ने किसी बात पर ट्रक के आगे ले जाकर गाड़ी लगा दी। उन लोगों ने केबिन से ड्राइवर को पीटकर उसका सिर फोड़ दिया। ट्रक में भी उन लोगों ने तोड़फोड़ की। चालक के भाई एजाज निवासी इमिलिया थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

पूज्य श्री शनि सेवा संस्थान द्वारा

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-11-2022

# एसपी ने पैदल मार्च कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का एहसास

डुमरियागंज (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बीती रात डुमरियागंज नगर की सड़कों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर थाना डुमरियागंज क्षेत्रान्तर्गत नगर की सड़कों पर स्थानीय पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार द्वारा जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने व आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने के लिए जनता से बात चीत भी किया। थाना डुमरियागंज के कस्बा में पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारी बन्धुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से मुलाकात कर वार्ता की गयी। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। आमजन को आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने हेतु जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी अपील की गयी। पैदल गश्त के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी राणा महेन्द्र प्रताप, गर्वित सिंह, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, संजय मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज स्थानीय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



डुमरियागंज चौराहे पर पैदल गस्त करते पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व अन्य।

# मारपीट के मामले में तीन वर्ष का कारावास

झांसी (एसएनबी)। स्थानीय अपर सत्र न्यायाधीश ने त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नकथर देवरिया में वर्ष 2015 में हुई मारपीट की घटना के मामले में सभी 6 आरोपियों को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश मो. शफीक ने अपने फैसले में उक्त सजा के साथ ही 57 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के अनुसार जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी। 25 जून 2015 को गुड़िया पुत्र शकील ने थाना त्रिलोकपुर में तहरीर देकर गांव के लोचई, लखपति, मंजूर, कड़कनू पुत्रगण अब्दुल हक, मन्नी पत्नी अब्दुल हक अफसरुन्निशा पत्नी रमजान पर अपने पिता व परिजनों को मारने पीटने का आरोप लगाया था। जिस पर थाना त्रिलोकपुर में अपराध सं. 358/15 धारा 147, 148, 308, 323, 336, 427, 504, 506, 452 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया था। अभियोजन द्वारा कुल 10 गवाह पेश किये गये, जिनकी सुनवाई के आधार पर सभी आरोपियों को धारा 147, 148, 149, 336, 452 व 308 का दोषी पाया गया। जिस पर न्यायाधीश मो. शफीक ने उक्त सजा सुनाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे ने किया।



एसपी अमित कुमार आनन्द के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने मंगलवार रात डुमरियागंज कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

# पुलिस ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

**डुमरियागंज।** एसपी अमित कुमार आनन्द के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने मंगलवार रात डुमरियागंज कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। एसपी ने कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आमजन से संवाद स्थापित कर सौहार्द बनाए रखने को कहा।

# हर्ष फायरिंग के दर्ज हैं तीन केस

**गौरतलब**

- सदर, मोहाना व ढेबरुआ में दर्ज हैं एक-एक मामले
- मोहाना मामले में लाइसेंस निरस्त की प्रक्रिया शुरू

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। बुद्धभूमि पर हर्ष फायरिंग के सिर्फ तीन मामले दर्ज हैं। ये मामले भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दर्ज हुए हैं। शासन ने हर्ष फायरिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। जिले में अब तक हर्ष फायरिंग से किसी के मौत या घायल होने का कोई मामला दर्ज नहीं है।

अलबत्ता सोशल मीडिया पर दीपावली व शादी समारोह में फायरिंग करते हुए मामला सामने आने पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी कुछ महीने पहले एक शादी समारोह के दौरान फायरिंग करते हुए एक मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। मामला मोहाना थाना क्षेत्र का था। इसमें मोहाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी थी। इसमें छानबीन पूरी होकर अब लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया चल रही है। एक मामला सदर क्षेत्र में भी हर्ष फायरिंग का वायरल हुआ था। इसी तरह ढेबरुआ क्षेत्र में दीपावली के आसपास हर्ष फायरिंग का एक मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इन मामलों में सदर व ढेबरुआ पुलिस ने भी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी सिद्धार्थ ने बताया कि जिले में हर्ष फायरिंग की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस हमेशा मुस्तैद है। पुलिस प्रशासन की ओर से समाज के लोगों से हर्ष फायरिंग न करने की अपील है।

# इलाज के नाम पर पैसा मांगने का लगाया आरोप

- जिला अस्पताल में इलाज कराने आया था उस्का बाजार का युवक
- इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटीरत कर्मियों पर पैसा मांगने का लगाया आरोप

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय में इलाज कराने आए उस्का बाजार क्षेत्र के मधुरी निवासी शैलेंद्र कुमार गौतम ने इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटीरत कर्मियों पर पैसा मांगने का आरोप लगाया।

शैलेंद्र ने सहयोगियों के साथ मुख्य गेट पर नारेबाजी कर विरोध जताया। बाद में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के आश्वासन पर सभी शांत हुए। मधुरी निवासी शैलेंद्र कुमार गौतम ने आरोप लगाया कि सिर पर चोट का इलाज कराने के लिए इमरजेंसी पहुंचे, जहां 268 रुपये मांगा गया। काफी भागदौड़ के बाद बेड के नाम पर सौ रुपये ले लिया गया। इस दौरान शैलेंद्र ने गांव से आए सहयोगियों विजय यादव, दीपक कुमार, मो. जफर, सत्य प्रकाश यादव, करीम खान, राहुल कुमार, गोलू, शनि कुमार, सैफ अली के साथ इमरजेंसी वार्ड के मुख्य गेट पर विरोध में नारेबाजी भी की।

बाद में सीएमएस से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा। सीएमएसच डॉ. एके झा ने प्रकरण की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# छात्रों को यातायात नियमों की बारीकियां बताईं

- तिलक इंटर कॉलेज में यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक
- बोले सीओ, करें नियमों का पालन, परिवारीजनों को भी करें प्रेरित

बांसी, हिन्दुस्तान संवाद। बांसी कस्बे के तिलक इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। रोटरी क्लब व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में सीओ देवी गुलाम सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की बारीकियों की जानकारी दी। साथ ही कहा क सदैव खुद नियमों का पालन करें और परिवार के अन्य सदस्यों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी होने के बाद भी बहुत से लोग इन नियमों पर अमल नहीं करते। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यदि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तो दुर्घटना से बच सकते हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव अरुण कुमार प्रजापति, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार, शिक्षक हरेंद्र बहादुर सिंह, नितेश पांडेय, अमित त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# साइबर सेल ने वापस कराए 36496 रुपये

सिद्धार्थनगर। साइबर सेल ने मोहना क्षेत्र के सिकरी बखरिया गांव निवासी एसबीआई के फिल्ड ऑफीसर राहुल कुमार के क्रेडिट कार्ड से फ्राड हुए 36496 रुपये उनके खाते में वापस करा दिया।

प्रभारी साइबर सेल सुभाष यादव ने बताया कि मोहना क्षेत्र के सिकरी बखरिया गांव निवासी राहुल कुमार के क्रेडिट कार्ड से बिना उनकी जानकारी के 65 हजार रुपये कट गए। उन्हें जैसे ही पता चला कि उनके साथ फ्राड हो गया उन्होंने इसकी सूचना साइबर सेल को दी। उनकी शिकायत पर साइबर सेल की टीम अपने काम में लग गई और 15 नवंबर को राहुल के खाते में 36496 रुपये वापस करा दिया।

## 17 से 20 नवंबर की आधी रात तक सीमा से आवाजाही पर रोक

# आज आधी रात से 72 घंटे सील रहेगा नेपाल बॉर्डर

- 20 नवंबर को नेपाल में है मतदान, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट
- जिले का बढ़नी, खुनुवां, ककरहवा बॉर्डर तीन दिन रहेगा सील

बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में 20 नवंबर को आम चुनाव है। नेपाल के निर्वाचन आयोग ने चुनाव शुरू होने के 72 घंटे पहले से मतदान पूरा होने तक सभी अंतरराष्ट्रीय सीमा को सील करने का निर्णय लिया है। इस वजह से 17 नवंबर की आधीरात 12 बजे से 20 नवंबर की आधीरात तक जिले की बढ़नी, खुनुवां व ककरहवा बॉर्डर पूरी तरह सील रहेगा।

नेपाल के निर्वाचन आयोग के उप सचिव एवं सहायक प्रवक्ता कमल भट्टराई ने काठमांडू में हुई बैठक के बाद चुनाव के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय सीमा से आवाजाही रोकने के लिए गृह मंत्रालय को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान सवारी साधन, आवागमन व्यवस्थापन संबंधी मापदंड 2069 लागू किया गया है। इसके तहत मतदान के दिन अंतरराष्ट्रीय, आंतरिक हवाई उड़ान करने वाले यात्रियों को पासपोर्ट, वीजा व हवाई टिकट के आधार पर आवागमन करने दिया जाएगा। मतदान के दिन बीमार व्यक्तियों के एंबुलेंस, पानी टैंकर, दूध की गाड़ियां, दमकल, सूचना प्रसारण विभाग की गाड़ियां चलेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कपिलवस्तु राजीव पंथी ने बताया कि प्रतिनिधि सभा, प्रदेश सभा सदस्य के चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष, सुरक्षित व भयरहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर भारत-नेपाल सीमा 72 घंटे सील रहेगी। चुनाव को देखते हुए सीमा पर दोनों देशों की सुरक्षा एंजेसियां व तैनात सुरक्षाकर्मी अलर्ट पर हैं। एसएसबी 50वीं वाहिनी बीओपी की टीम डॉग स्क्वायड के साथ सीमा पार करने वाले लोगों की सघन जांच भी शुरू कर दी है।


बुधवार को इंडो-नेपाल के बढ़नी बॉर्डर पर आने-जाने वाले लोगों के सामान की जांच करते एसएसबी जवान। ● हिन्दुस्तान

> नेपाल में संसदीय चुनाव को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए इंडो-नेपाल बॉर्डर 72 घंटे बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। -**धर्मेंद्र कुमार मिश्र**, सीडीओ, कपिलवस्तु

> नेपाल में चुनाव के मद्देनजर नेपाल सरकार की ओर से बॉर्डर बंद करने का ऑर्डर जारी हुआ है। सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ मीटिंग हो चुकी है। बॉर्डर तय समय तक बंद रहेगा। -**मुकेश कुमार गुर्जर**, कमांडेंट,एसएसबी,बलरामपुर

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक हुए छात्र





तिलक इंटरमीडिएट कालेज में आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद सीओ देवी गुलाम और रोटरी क्लब के सदस्य व उपस्थित छात्र-छात्राएं ● जागरण

**जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर** : नगर स्थित तिलक इंटरमीडिएट कालेज में छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों बारे में बताया गया। रोटरी क्लब व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में हुए इस कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम सिंह ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में बताया व पालन करने को कहा।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी होने के बावजूद भी बहुत से लोग इन नियमों पर अमल नहीं करते, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कदापि न करें। रोटरी क्लब के सचिव अरुण कुमार प्रजापति ने ट्रैफिक सिग्नल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि यदि हम सतर्क और सचेत होकर वाहन चलाएं, तो बहुत हद तक दुर्घटना से बचा सकता है। अमित पांडेय, विकास पांडेय, लोकपति सिंह, कमलेश कुमार, जयराम यादव, वकील अहमद खान, शिव आश्रय, मनोज कुमार सिंह, आवेग शर्मा, आसिफ अली, गोबिंद, ग्रीश चौधरी, अश्वनी कुमार व छात्र विकास द्विवेदी, आकाश कुमार, अनामिका मिश्रा, अनिकेत मिश्रा, शिवांगी मिश्रा, संजना, मीनू, ममता, रोशनी आदि मौजूद रहे।

**मार्ग दुर्घटना में एक की मृत्यु, दूसरा रेफर**: भवानीगंज, थाना क्षेत्र के एक गांव में मांगलिक उत्सव कार्यक्रम की रिकार्डिंग कर घर वापस लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे बाइक सवार एक युवक की मृत्यु हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के वासा गांव में मंगलवार की शाम शादी विवाह का कार्यक्रम रिकार्डिंग करने के लिए बाद 23 वर्षीय कृष्णा अग्रहरि पुत्र खजांची निवासी भिटौरा भवानीगंज व उसके सहयोगी 22 वर्षीय सलमान पुत्र कासिम भवानीगंज रात 11:30 बजे वापस अपने गांव आ रहे थे। जैसे ही धनखरपुर पौधशाला के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार

**रोटरी क्लब व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें वाहन चालक**

वाहन ने टक्कर मार दिया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवां पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल बस्ती के लिए रेफर कर दिया गया। बस्ती ले जाते समय रास्ते में ही कृष्णा की मृत्यु हो गई, वहीं सलमान को बस्ती में भर्ती कराया गया है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इंचार्ज थानाध्यक्ष भवानीगंज बांकेलाल ने बताया सूचना नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



## जिले में यहां हैं ब्लैक स्पाट

जिले में चिह्नित 28 ब्लैक स्पाट में से सिर्फ मधवापुर मोड़, मड़वा मोड़, परासिया विशुनपुर ब्लैक स्पाट पर संबंधित विभाग की ओर से दुर्घटना बहुल क्षेत्र के संकेतक बोर्ड व अन्य उपाय किए गए हैं। जबकि पकड़ी चौराहा, उसकी, सूपाराजा, सोनवल, करौंदा मसिना, परसा भदवरिया,जोगिया, सनई, परसा महापात्र, गड़ाकुल, जिगिनियहवा, इटवा कस्बा, तिलौली, सोनखर, महोखवा, करही और पननी में दुर्घटना बहुल क्षेत्र होने के बावजूद बचाव के जरूरी उपाय नहीं किए गए हैं।

# रिश्वत का पैसा वापस करते प्रशिक्षु का वीडियो वायरल, कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के समक्ष बुधवार को घायल व्यक्ति के साथ आए लोगों ने धरना दिया। स्वजन ने आरोप लगाया कि सिर में टांका लगाने के नाम पर एक स्वास्थ्यकर्मी ने 250 रुपये ले लिए। बेड देने व ग्लूकोज लगाने के नाम पर धन की मांग की जा रही है। बात बिगड़ती देख कर्मचारी ने पैसे वापस कर दिए, जिसका कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। सीएमएस ने इसे संज्ञान में लेने के बाद प्रशिक्षु फार्मासिस्ट के अस्पताल परिसर में आने पर रोक लगा दी। वहीं संरक्षण देने के आरोप में फार्मासिस्ट अशोक चौधरी को पटल से हटा दिया गया है। नगर पंचायत उसका बाजार निवासी शैलेंद्र गौतम मार्ग दुर्घटना में चोटिल हो गए। स्वजन इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ले गए। वहां मौजूद प्रशिक्षु फार्मासिस्ट ने टांका लगाने के नाम पर धन की मांग की। जब रुपये दे दिए तो उसने उपचार शुरू किया। भर्ती करने के दौरान बेड के लिए 500 व ग्लूकोज लगाने के नाम पर 200 रुपये की मांग होने लगी। जब इसका विरोध किया गया तो पहले उसने उपचार करने से इंकार कर दिया।

# मारपीट के आरोपितों को तीन वर्ष का कारावास

**जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर** : अपर सत्र न्यायाधीश बांसी ने पूर्व में हुए मारपीट के आरोपितों के खिलाफ तीन वर्ष के कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। वर्ष 2015 में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नकथर देवरिया में दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान मारपीट की घटना हुई थी। ग्राम निवासी गुड़िया ने गांव के ही लोधई, लखपति, मंजूर, बड़कनू पुत्रगण अब्दुल हक व अफशरुन्निशा पत्नी रमजान पर अपने पिता तथा स्वजन को मारने-पीटने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दिया था। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान भी मामला सही पाया गया। इस मामले में कुल दस गवाहों ने अपनी गवाही दी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दुबे ने की। बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास तथा 57000 रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि में से घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 500 रुपये दिया जाएगा।

**स्कूल से पानी का मोटर चोरी: पकड़ी, सिद्धार्थनगर,** उसका थाना क्षेत्र के मरवटिया माफी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने पानी के मोटर पर हाथ साफ किया। इसकी सूचना प्रधानाध्यापिका मनीषा द्विवेदी ने पुलिस को तहरीर देकर दी। थानाध्यक्ष बलजीत कुमार राव ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

# फरियादियों की समस्याओं का शीघ्र करें निस्तारण



डुमरियागंज थाने में समीक्षा बैठक करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद • जागरण

**जासं, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मंगलवार देर रात डुमरियागंज थाना परिसर में स्थानीय थाना सहित भवानीगंज, त्रिलोकपुर, पथरा थानाध्यक्षों के साथ सीओ राणा महेंद्र प्रताप की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की। निर्देशित किया कि महिला अपराधों के साथ आईटी अधिनियम, धोखाधड़ी सहित अन्य लंबित वादों के निस्तारण व विवेचना में लापरवाही न बरतें। चिह्नित गैंग व वांछित अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाएं। थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या ध्यानपूर्वक व सम्मानजन तरीके से सुनना व निस्तारण तय करें। महिला अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नियमित शिविर लगाकर जानकारी दें। थाने की सफाई व अभिलेखों के रखरखाव के लिए विशेष तौर पर निर्देशित किया। बैठक के बाद कस्बा डुमरियागंज में मय फोर्स पैदल गश्त कर आमजन से संवाद स्थापित किया। लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की। बताया कि कानून व शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंदिर तिराहे से लेकर बैदौलागढ़ तक पैदल गश्त किया गया। कोतवाल संजय मिश्रा मय टीम मुस्तैद रहे।

# नेपाल में चुनाव 20 को, आज रात से रविवार तक सील रहेगी सीमा



सीमा पर पैदल गश्त करते भारत व नेपाल के सुरक्षाकर्मी ● जागरण



नेपाल चुनाव को देखते हुए अलीगढ़वा बार्डर पर मुस्तैद एसएसबी के जवान ● जागरण

**जासं, तुलसियापुर/कपिलवस्तु** : नेपाल में प्रतिनिधि सभा-सांसद प्रदेश सभा सदस्य व विधायक पद के लिए आगामी 20 नवंबर को चुनाव होना है। चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा को गुरुवार की रात से रविवार तक के लिए पूरी तरह से सील कर दिया जाएगा। आवाजाही पर रोक रहेगी। रोगियों व विषम परिस्थितियों में लोगों को आवागमन की छूट होगी। चुनाव को देखते हुए बुधवार को दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने बार्डर पर पैदल मार्च किया। बार्डर के आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। पैदल गश्त अलीगढ़वा से गौरी के बीच किया गया। नेपाल प्रशासन की ओर से मिली सूचना के अनुसार सीमा को 72 घंटे पहले पूर्णरूप से बंद कर दिया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियां सीमाई क्षेत्र में चौकन्नी हैं। एक दूसरे देश में आवाजाही करने वालों पर निगाह रखी जा रही है। संदिग्ध होने पर पूछताछ के बाद ही जाने दिया जा रहा है। भारत व नेपाल दोनों देश की खुफिया एजेंसी सीमाई क्षेत्र में सक्रिय हैं। पैदल गश्त में भारत की तरफ से एसएसबी बीओपी प्रभारी अलीगढ़वा सहायक कमांडेंट राजपाल, इंस्पेक्टर उमेश सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, मनोज कुमार के अलावा नेपाल एपीएफ चाकरचौड़ा भैरव कड़ेल, प्रहरी चौकी प्रभारी हरि बस्नेत, बिष्णु श्रेष्ठ, गणेश मल्ल, चन्द्र चौधरी, कृष्णा चौधरी, सुशांत विका, दुर्गेश आदि शामिल रहे।

> नेपाल चुनाव को देखते हुए गुरुवार की रात 12 बजे से सीमा सील कर दी जाएगी। स्वच्छ, निष्पक्ष, सुरक्षित तथा भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान सीमा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अनधिकृत रूप से घुसपैठ करने वालों के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों पर भी अपनी पैनी नजर रखेंगी।
>
> **धर्मेंद्र कुमार मिश्र**, सीडीओ कपिलवस्तु

> दोनों देशों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। चुनाव के 24 घंटे के भीतर सिर्फ उन्हें ही आवाजाही की अनुमति मिलेगी, जो बीमार होंगे अथवा आपात कालीन स्थिति होगी।
>
> **अमित कुमार आनंद**
> पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर

# साइबर सेल ने वापस कराए 36496 रुपये

**जासं, सिद्धार्थनगर** : क्रेडिट कार्ड से ठगी कर बैंककर्मी के खाते से 65 हजार रुपये निकाल लिया गया था। इसकी शिकायत स्टेट बैंक के सिकरी शाखा में तैनात क्षेत्रीय अधिकारी राहुल कुमार राहुल कुमार ग्राम सिकरी बखरिया थाना मोहाना ग्राम सिकरी बखरिया थाना मोहाना ने साइबर सेल में की थी। टीम ने निकाले गए 36496 रुपये को बैंककर्मी के खाते में वापस कराने में सफलता पाई है। प्रभारी निरीक्षक सुभाष, हरीचरन ने अहम भूमिका निभाई।

# नेपाल में 20 को मतदान, तीन दिन बंद रहेगी सीमा

**कपिलवस्तु।** पड़ोसी देश नेपाल में 20 नवंबर को सदस्य प्रतिनिधि सभा (सांसद), प्रदेश सभा सदस्य (विधायक) चुनाव के मद्देनजर भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी बढ़ गई है। चुनाव से 72 घंटे यानी तीन दिन पूर्व सीमा पर आवागमन बंद कर दिया जाएगा। नेपाल के कपिलवस्तु जिले के जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि चुनाव में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीमा बंद रहेगी।

नेपाल में 20 नवंबर को चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर दोनों देश के जवानों ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। दोनों देश की सुरक्षा एवं खुफिया एजेंसियां सीमाई क्षेत्र में चौकन्ना हैं।

हर आने जाने वालों पर नजर रखी जा रही है, संदिग्ध की जांच कर आने जाने दिया जा रहा है। पैदल गश्त सीमा स्तंभ संख्या 549 अलीगढ़वा से स्तंभ संख्या 550 गौरी तक की गई। संवाद

# मारपीट के छह आरोपियों को तीन वर्ष कारावास की सजा

**बांसी।** अपर सत्र न्यायाधीश ने मारपीट के मामले में सभी छह आरोपियों को तीन वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई हैद्घ साथ ही 57 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

25 जून 2015 को गुड़िया पुत्री शकील निवासी ग्राम नक्थर देवरिया थाना त्रिलोकपुर ने तहरीर देकर गांव के लोधही, लखपति, मंजूर, बड़कू पुत्र अब्दुल हक, मन्नी पत्नी अब्दुल हक व अफसरुननिशा पत्नी रमजान पर अपने पिता व परिजनों को मारने-पीटने का आरोप लगाया था।

पुलिस ने बलवा, जानलेवा हमला आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश शफीक ने सभी आरोपियों को तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा सभी घायलों को पांच-पांच हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे ने की। संवाद

# सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी

## बांसी के तिलक इंटर कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



यातायात जागरुकता गोष्ठी को संबोधित करते सीओ देवी गुलाम। संवाद

**बांसी।** कस्बा स्थित तिलक इंटर कॉलेज में बुधवार को पुलिस विभाग और रोटरी क्लब की ओर से यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सीओ देवी गुलाम सिंह ने कहा कि सड़क पर चलते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। सुरक्षित यात्रा के लिए सड़क पर ध्यान से वाहनों को चलाना चाहिए।

ज्यादातर दुर्घटनाएं नियमों का पालन न करने की वजह से होती हैं। रोटरी क्लब के सचिव अरुण कुमार प्रजापति ने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तो हम दुर्घटना से बच सकते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार, हरेंद्र बहादुर सिंह, नितेश पांडेय, विकास पांडेय, लोकपति सिंह, कमलेश कुमार, जयराम यादव, वकील अहमद खान मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-11-2022

# मनबढ़ों ने पिता-पुत्र को पीटा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के रोसया बाजार में मामूली विवाद को लेकर गांव के ही कुछ मनबढ़ों ने पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ बुधवार को मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल पिता पुत्र को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रोसया बाजार निवासी कमला पुत्र बद्री कहार ने सार्वजनिक रास्ते के किनारे अपनी भैंस को बांध रखा था जिसको लेकर विपक्षी गांव निवासी रामलौट पुत्र बद्री कहार तथा टिनकू व छोटू पुत्रगण रामलौट कमला को गाली देने लगे। कमला से जब गाली देने का विरोध किया तो उक्त तीनों उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। शोर सुनकर कमला का बेटा पिंस मौके पर पहुंचकर अपने पिता का बचाव करने का प्रयास किया तो तीनों हमलावर कमला के साथ ही उसके बेटे प्रिंस को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घायल कमला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त तीनों हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दुधारा (एसएनबी)। क्षेत्र के एएचएग्री इंटर कालेज उजियार दुधारा में बुधवार को यातायात जागरूकता माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने कहा कि जीवन अनमोल है लोगों की सुरक्षा के लिए ही यातायात नियम बनाए गए हैं। जिसका पालन सुरक्षित रहा जा सकता है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। अपने बाएं से चलें। सड़क पार करते समय सड़क के दोनों तरफ देखकर ही पार करें। इस दौरान साइबर क्राइम, लड़कियों के साथ अपराध आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। तथा प्रभारी निरीक्षक ने छात्राओं से अलग से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, म.कां. रीमा गौड़, मुनीर आलम, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, मुहम्मद शाहिद, कमरे आलम सिद्दीकी, जुबेर अहमद, ओबैदुल्लाह, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद परवेज अख्तर, रफी अहमद अंसारी, ओजैर अहमद आदि मौजूद रहे।

# वाहन पेड़ से टकराया, चार घायल

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र में धनघटा खलीलावाद



घायल की हालत की जानकारी करते चौकी प्रभारी मुखलिसपुर।

मार्ग पर चन्द्रौटी गांव के समीप बुधवार को एक मैजिक सवारी वाहन अचानक अनियन्त्रित होकर पेड़ से टकरा गयी जिससे मैजिक वाहन में सवार चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही महुली थाने के मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी हमराही पुलिसकर्मियो के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और मैजिक वाहन में फंसे लोगों को तत्काल वाहन से बाहर निकाला और समीप से चारपाई मंगाकर सभी घायलों को चारपाई पर लेटाकर बगल स्थित प्राइवेट अस्पताल लीलावती हास्पिटल इलाज के लिए पहुंचाया जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली खलीलावाद थानान्तर्गत पायलपार गांव निवासी पन्नालाल पुत्र रामबचन नामक चालक अपने मैजिक वाहन पर खलीलावाद से सवारी बैठाकर धनघटा जा रहा था। जैसे ही मैजिक वाहन में सवारी लेकर वह धनघटा खलीलावाद मार्ग पर महुली थानान्तर्गत चंन्द्रौटी गांव के समीप पहुंचा था अचानक मैजिक वाहन अनियन्त्रित हो गया और एक पेड़ से टकरा गया। मैजिक चालक पन्नालाल की माने तो मैजिक वाहन की स्टेयरिंग अचानक फेल हो गयी जिससे वाहन पर उसका नियन्त्रण नहीं रह गया और मैजिक पेड़ से टकरा गयी। दुर्घटना के बाद मैजिक वाहन में सवार सवारियों के बीच चीख पुकार मच गयी। मौके पर एकत्र लोगों ने दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी तो सूचना पाते ही महुली थाने के मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी हमराही पुलिसकर्मियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और मैजिक वाहन में घायलावस्था में फंसे मैजिक के चालक पन्नालाल, खलीलावाद कोतवाली थानान्तर्गत भाटपार चुरेब बाजार निवासी कमालुद्दीन पुत्र असगर, धनघटा थानन्तर्गत घोरांग गांव निवासी जगदीश पुत्र तीरथ, धनघटा थानान्तर्गत गाई बसन्तपुर गांव निवासी रामसवारे पुत्र पुल्लुर तथा दुधारा थानान्तर्गत दशानन गांव निवासी दर्शना देवी पत्नी हरिनाथ चौहान को बाहर निकलवाया और बगल स्थित घर से चारपाई मंगवाकर उक्त सभी घायलों को चारपाई पर लेटाकर ग्रामीणों की मदद से बगल स्थित लीलावती हास्पिटल पहुंचाया जहां सभी का नाजुक हालत में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस द्वारा मानवीय भावना के तहत जिस प्रकार सभी घायलों को चारपाई के सहारे लीलावती हास्पिटल तत्काल पहुंचाया गया उसे देखकर मौके पर एकत्र ग्रामीण पुलिस के इस मानवीय कृत्य की भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे थे।

# बिल्डिंग मटेरियल समेत दो दुकानों में चोरी

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छितही के सज्जादनगर तिराहे के निकट स्थित बिल्डिग मैटीरियल समेत दो दुकानों के शटर का चोरों ने ताला तोड़ दिया। चोर गल्ले में रखे लगभग दो हजार नगदी के अलावा इन्वर्टर, बैट्री समेत अन्य सामान उठा ले गए। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी है। चोरी की घटना से दुकानदार भयभीत हैं।

महुली थाना क्षेत्र के छितही गांव निवासी नूरुल एन की बस्ती-महुली मार्ग पर दुकान है। मंगलवार शाम वह दुकान बंद कर घर सोने चले गए। देर रात चोर शटर का ताला तोड़कर घुस गए। चोरों ने दुकान को जमकर खंगाला। चोर काउंटर खोलकर लगभग छह सौ रुपया उठा ले गए। इसके बाद सामने सड़क के दूसरे तरफ स्थित एक प्लास्टिक दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया। शटर में लगा मुख्य लाकर चोर नहीं तोड़ पाए तो गैलरी का ताला तोड़कर कर दुकान में घुस गए। दुकानदार मुराली गुप्ता पुत्र सन्तराम निवासी खोरिया थाना लालगंज ने बताया कि दुकान में रखा इनवर्टर, बैट्री, माइक, साउंड के अलावा पन्द्रह सौ रुपया चोर उठा ले गए। सूचना पर एसआई दद्दन राय, हेड कांस्टेबल मो. आरिफ खान पहुंच गए। मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

# पांच पर विभिन्न धाराओं में केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने शिकायत मिलने पर पांच लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़ित बृजेश उपाध्याय निवासी ग्राम इमिलडीहा ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि मंगलवार को शाम करीब पांच बजे वह अपने घर पर था।

उसी दौरान रामकैलाश, रामअचल, दिनेश एक राय होकर अपने हाथों में लाठी सरिया लेकर घर में घुस आए। पीड़ित के अनुसार उसे मां बहन की भद्दी-भद्दी गाली देते हुए हत्या करने की नीयत से सिर पर सरिया से मारा।

# दो पक्षों के विवाद को कराया शांत

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर दो पक्षों के विवाद को शांत कराया। पीआरवी 3310 को थाना धनघटा क्षेत्र के माझा खड़गपुर से दो पक्षों के बीच मारपीट व विवाद होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंचकर विवाद को शांत कराया।

# सोशल मीडिया पर आत्महत्या का पत्र लिख युवक गायब

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस के समक्ष एक युवक के गायब होने का मामला प्रकाश में आया। जो सोशल मीडिया पर आत्महत्या का पत्र लिखकर गायब हो गया। पुलिस ने मामले में पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया।

# पुलिस ने 108 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वाले 108 वाहनों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच पड़ताल किया। 108 वाहनों के चालकों से एक लाख 33 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# छात्रों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। जनपद की पुलिस टीम ने स्कूली छात्र एवं छात्राओं को साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया। साइबर अपराध पर प्रभावी नियत्रंण के लिए साइबर सुरक्षा से प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों ने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले रोडवेज बस स्टैण्ड, मुख्य चौराहों, विद्यालयों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आम जनता को साइबर से सम्बन्धित होने वाले क्राइम पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जानकारी दी।

इन्टरनेट बैंकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट व यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, ह्वाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध साइबर अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, एटीएम कार्ड बदलकर होने वाले फ्रॉड, आनलाइन एप्प के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।

# मारपीट के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के शिवापार में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। निशा यादव पत्नी अंगद का आरोप है कि वह 15 नवम्बर को घर में सुबह 7.30 बजे खाना बना रही थी।

इसी दौरान गांव के ही दिवाकर यादव व उसको पत्नी राधिका ने घर में उसे अकेला पाकर उसका बाल पकड़कर खींचने लगे व उसे लाठी डंडे से मारते हुए अपशब्दों से अपमानित करने लगे। दोनों आरोपी काफी दबंग किस्म के हैं। ज़ान से मारने की धमकी भीं दे रहे है। इससे वह काफी डरी हुई है। उसने डायल 112 को सूचना दिया। पुलिस के आने पर दोनों आरोपी घर से फरार हो गए थे।

दूसरे पक्ष की राधिका देवी पत्नी रमेश का आरोप है कि उसके जानवर के निकट कपड़ा व पन्नी फेंकने के विवाद की वजह से उसके पट्टीदार चितरंजन, उनका बेटा अंगद व कौशल्या देवी ने उसे व बेटे दिवाकर को अपशब्द से अपमानित करने लगें।

# एसपी ने इंस्पेक्टर को लगाया प्रतीक चिह्न

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाने के इंस्पेक्टर महुली संतोष मिश्रा के वर्दी पर बुधवार को एसपी सोनम कुमार ने नया प्रतीक चिन्ह लगाया। इस दौरान पुलिस कर्मियों में सेवा भाव का जूनून देखने को मिला।

पुलिस विभाग के प्रदेश के मुखिया डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने नए प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया तो खाकी का सीना गर्व से फूल गया। बुधवार को जिला मुख्यालय पर एसपी सोनम कुमार, एडीशनल एसपी संतोष कुमार ने थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इसके बाद इंस्पेक्टर संतोष मिश्रा के वर्दी पर प्रतीक चिन्ह लगाया। प्रतीक चिन्ह को शर्ट की दाहिनी जेब के ऊपर लगाया गया।



इंस्पेक्टर महुली संतोष मिश्र को नया प्रतीक चिह्न लगाते एसपी सोनम कुमार।

**हालात** | **सामूहिक कार्यक्रमों में बेधड़क होती है फायरिंग, कई घटनाओं के बाद भी नहीं चेत रहे लोग**

# सख्ती के बावजूद हर्ष फायरिंग पर रोक नहीं

**मनबढ़ई**

- **पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की**
- **12 जून को आर्केस्ट्रा देखते समय हर्ष फायरिंग का मामला प्रकाश में आया**

"हर्ष फायरिंग पर रोकथाम के लिए जिले की पुलिस टीम को एलर्ट किया गया है। कहीं पर भी इस तरह का मामला प्रकाश में आने के बाद संबंधित के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सोनम कुमार**, एसपी, संतकबीरनगर



संतकबीरनगर, निज संवाददाता। हर्ष फायरिंग के प्रचलन पर तमाम कोशिशों के बाद भी रोक नहीं लग पा रहा है। शादी, विवाह समेत अन्य तमाम सामूहिक कार्यक्रमों के आयोजन में बेधड़क हर्ष फायरिंग होती है। कई घटनाओं के बाद भी जनसामान्य नहीं चेत रहा है और आकस्मिक घटनाएं सामने आती हैं।

जनपद में हर्ष फायरिंग के कई मामले प्रकाश में आए। जिनमें पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की। धनघटा थाना क्षेत्र के औराडांड़ गांव में 12 जून को आर्केस्ट्रा देखते समय हर्ष फायरिंग का मामला प्रकाश में आया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने विपक्षियों के विरुद्ध जान से मारने की नीयत से कट्टा से फायर करने की शिकायत की। पीड़ित के भतीजे राज सिंह (11) के दाहिने पैर व जांघ में गोली लग गई। मामले में पुलिस ने सुनील पुत्र राजकमल, धीरज यादव पुत्र रामवृक्ष, फनफन उर्फ शिवम यादव पुत्र रविंद्र गिर निवासी औराडाड़ एवं बबलू सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह निवासी अज्ञात थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया था। इसके अलावा धनघटा थाना क्षेत्र में 2021 में लौकिहा गांव में विवाह के दौरान हर्ष फायरिंग का मामला प्रकाश में आया था। इसमें दो लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। हर्ष फायरिंग को लेकर पुलिस समय-समय पर सख्ती बरतती है। इसके बावजूद कुछ लोग ऐसे हैं जो इससे बाज नहीं आ रहे हैं।

# छात्रों को नियमों के बारे में किया प्रशिक्षित

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने यातायात जागरूकता अभियान के तहत छात्रों को नियमों के बारे में प्रशिक्षित किया। स्टूडेंट पुलिस कैडेट अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दुबे की टीम ने एएच एग्री इंटर कालेज दुधारा के बच्चों को साइबर सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। मैपल एप के सम्बन्ध में जानकारी दी।

# अधिवक्ता का गायब बैग घर से कुछ दूर मिला

मगहर। नगर पंचायत मगहर कार्यालय निवासी सुधीर श्रीवास्तव का बैग घर के चैम्बर से बुधवार की सुबह गायब हो गया। जिसकी लोगों ने काफी खोजबीन की। जो काफी तलाश के बाद नगर के समीप आवामी कब्रिस्तान के निकट स्थित पम्प के हौज में मिला। जिसमें रखा जरूरी कागजात बिखरा पड़ा था। एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि वह सुबह अपने घर से बाहर निकले। इसके बाद तैयार होकर जाने के निकल रहे थे तो देखा चैम्बर में रखा बैग गायब था। इसके बाद बैग को लेकर पूछताछ शुरू की। उन्होंने बताया कि बैग जहां मिला, वहां पहले से ही दो अनजान युवक कीमती कागजों में कुछ ढूंढ़ रहे थे और कुछ साफ नहीं बता पा रहे थे।

# जुआ खेल रहे दो लोग गिरफ्तार

बखिरा। बखिरा पुलिस ने क्षेत्र के जसवल भरवलिया स्थित तेली टोला से दो लोगों को जुआ खेलते समय पकड़ लिया। जबकि बाकी लोग मौके से भाग गए।

# इंटरनेट मीडिया पर बाइक बेचने का झांसा देकर हजारों की ठगी

जासं, सांथा, संतकबीर नगर : बेलहर थाना क्षेत्र के सेहुआनाथ में इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फर्जी तरीके से बाइक बेचने का झांसा देकर हजारों रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पैसा देने के बाद भी बाइक नहीं मिली तो पीड़ित के होश उड़ गए। इस मामले में बेलहर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सेहुआनाथ के अभिषेक राय ने तहरीर में लिखा है कि इंटरनेट मीडिया (फेसबुक) के माध्यंम से एक युवक बाइक बेंच रहा था। जिस पर उसका नाम संजीव कुमार सिंह दिखा रहा था। बाइक खरीदने के लिए अभिषेक ने उसके फेसबुक पर कमेंट किया। जिसके बाद युवक ने खाता नंबर भेज दिया। जिसमें दो बार में 58 हजार रुपये भेज दिया गया। पैसा भेजने के बाद युवक से बाइक की मांग की गई तो उसके द्वारा पुनः पैसे की मांग की जाने लगी। ठगी की जानकारी होने पर अभिषेक के पैर के नीचे से जमीन खिसक गई। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर बेलहर पुलिस ने आरोपित संजीव कुमार सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी वह आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानेदार अमित कुशवाहा ने कहा कि लोगों को इंटरनेट मीडिया के प्रलोभन से बचना चाहिए।

# नाच देखने को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

सतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद के मगहर पुलिस चौकी क्षेत्र के इमलीडीहा गांव में मंगलवार की रात में नाच देखने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस दौरान दोनों पक्षों से चार लोगों को हल्की चोटें आई। इस संबंध में कोतवाली थाने में एक पक्ष की तरफ से मारपीट की तहरीर दी गयी है। इस मामले में मारपीट, गाली देने तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। (जासं)

# वाहन जांच में दो बसों का ई-चालान

संतकबीर नगर : बखिरा थाना क्षेत्र के दुर्गजोत चौराहा पर पुलिस ने वाहनों की जांच की। पुलिस ने दो और चार पहिया वाहनों का ई-चालान किया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान दो बसों के अवैध संचालन की जानकारी होने पर उनका भी ई-चलान किया गया। (जासं)

# शांतिभंग में 16 अरोपितों पर कार्रवाई

संतकबीर नगर : जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में कुल 16 आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें से महुली पुलिस ने 12 को, दुधारा पुलिस ने एक को तथा बेलहर पुलिस ने तीन को पकड़कर न्यायालय रवाना किया। (जासं)

# जागरूक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे

दुधारा, संतकबीर नगर : बुधवार को दुधारा क्षेत्र के एएच एग्री इंटर कालेज में यातायात माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। सभी को सतर्क रहने व पुलिस सहायता लेने के बारे में बताया गया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने कहा कि जीवन अनमोल है। लोगों की सुरक्षा के लिए ही यातायात नियम बनाए गए हैं। जिसका पालन कर सुरक्षित रहा जा सकता है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। अपने बाएं से चलें। सड़क पार करते समय सड़क के दोनों तरफ देखकर ही पार करें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, रीमा गौड़, मुनीर आलम, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी,. फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, मुहम्मद शाहिद, कमरे आलम सिद्दीकी, जुबेर अहमद, ओबैदुल्लाह, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद परवेज़ अख्तर, रफी अहमद, ओजैर अहमद आदि मौजूद रहे। (जासं)

# कोर्ट के आदेश पर छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

जासं, मोलनापुर, संतकबीर नगर: कोर्ट के आदेश पर महुली पुलिस ने मोलनापुर के प्रधान समेत छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना के सिसवा बाबू गांव निवासी प्रेमलता सिंह पत्नी संजय सिंह ने कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में यह उल्लेख किया है कि महुली थाना के मोलनापुर गांव में उनका मायका है। गांव के, बलदाऊ सिंह, पत्नी पुष्पलता, बेटे कृष्ण पाल (प्रधान) व ऋतेश, शत्रुजीत पुत्र तेज बहादुर, इनके बेटे शिवपाल उनकी कंबाइन को जबरन उठा ले गये थे। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत उन्होंने थाने में की थी ।

# वाहनों से 1.33 लाख वसूले

**संतकबीर नगर :** जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 108 वाहनों से एक लाख 33 हजार रुपये शमन शुल्क वसूले गए।

# पुलिस ने सुलझाया विवाद

संतकबीर नगर : धनघटा थानाक्षेत्र में चल रही पीआरवी को सूचना मिली कि माझा खड़गपुर में दो पक्षों में विवाद हो रहा है। इस सूचना पर टीम के आरक्षी संघ रतन तथा चालक शशिकांत तत्काल पहुंच गए और विवाद को शांत कराया। घटना के बारे में पुलिस को सूचित भी किया।

# महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

धनघटा। क्षेत्र के बारीडीहा गांव निवासी महिला को जमीन संबंधी विवाद की वजह से पट्टीदार प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि लोग मारने-पीटने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित महिला ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित सुशीला पत्नी राजेंद्र का आरोप है कि उसका पट्टीदारों से जमीन से संबंधित विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। 11 नवंबर की रात पट्टीदार विवादित जमीन पर कब्जा करने की नीयत से खिड़की खोलने लगे। खिड़की खोलने से मना की तो वह लोग मारने-पीटने को दौड़ा लिए। जान बचाने के लिए घर में भाग कर गई। वहां से डायल 112 पर फोन की तो पुलिस पहुंची और पुलिस उन लोगों को जमीन से कब्जा करने से रोका। महिला का आरोप है कि तभी से उसके पट्टीदार उसे मारने-पीटने की धमकी देते हुए प्रताड़ित कर रहे हैं। संवाद

# प्रधान के प्रतिनिधि जिला बदर घोषित

धनघटा। डीएम ने ग्राम पंचायत धनघटा के प्रधान के प्रतिनिधि हरिश्चंद्र यादव को छह माह के लिए जिला बदर किया है। प्रधान प्रतिनिधि पर हिंदू जागरण मंच के गोरक्ष प्रांत अध्यक्ष राकेश पाठक के भाई को मारने-पीटने के मामले समेत अन्य मुकदमे दर्ज हैं।

डीएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर हरिश्चंद्र यादव को 15 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी। उसके बाद पुलिस से मिली आख्या के आधार पर हरिश्चंद्र यादव निवासी धनघटा के विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें छह माह के लिए जिला बदर किया जाता है। संवाद

# सस्ती बाइक खरीदने के चक्कर में गंवाए 58 हजार

संवाद न्यूज एजेंसी

## आरोपी पर जालसाजी, गबन और आईटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

बेलहर। कम कीमत में बाइक खरीदने की लालच में क्षेत्र के सेहुआनाथ निवासी युवक ने 58 हजार रुपये गंवा दिए। बुधवार को पीड़ित ने इस मामले में आरोपी पर जालसाजी, गबन और आईटी एक्ट का केस दर्ज कराया।

नगर पंचायत बेलहर कला क्षेत्र के सेहुआनाथ निवासी अभिषेक पुत्र कृष्ण कुमार राय ने बताया कि फेसबुक पर एक व्यक्ति बाइक बेच रहा था। कीमत कम देखकर उन्होंने बाइक के बदले कई बार में 58,000 रुपये चार अक्तूबर तक ऑनलाइन उसके खाते में भेज दिए। बाइक मांगने पर आरोपी पहले इधर-उधर की बात करता रहा।

बाद में और रकम की मांग करने लगे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि आरोपी संजीव कुमार सिंह पता अज्ञात पर जालसाजी, गबन और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हंगामे के बीच क्षेत्र पंचायत की बैठक में 23 करोड़ का बजट मंजूर

## क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि को बाहर जाने की बात कहने पर भड़के सदस्य

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। बुधवार को मेंहदावल ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक हंगामे के बीच हुई। बीडीओ ने एक क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि को बैठक से बाहर जाने की बात कही।

इस पर सदस्य भड़क गए और बीडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कुछ लोगों ने स्थिति को नियंत्रित किया। बैठक में 23 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ।

विकास खंड मेंहदावल के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक शुरु हुई। महिला क्षेत्र पंचायत सदस्यों की जगह प्रतिनिधि के रुप में उनके परिजन उपस्थित हुए। बढया ठाठर के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बैठक के दौरान कुछ सवाल उठा दिए। जिस पर बीडीओ ने उन्हें सदस्य नहीं होने की बात कहते हुए बैठक से बाहर जाने को कह दिया।

उसके बाद बैठक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधान भड़क



मेंहदावल ब्लॉक सभागार में बैठक के दौरान हंगामा करते क्षेत्र पंचायत सदस्य। संवाद

### सदस्यों ने बीडीओ के खिलाफ की नारेबाजी, कुछ लोगों ने स्थित को संभाला

गए। सदस्य बैठक छोड कर बाहर निकल गए और हंगामा शुरू कर दिया। सदस्यों ने बीडीओ के खिलाफ नारेबाजी की।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वसंत तिवारी समेत सदन के कई सदस्यों ने समझा बुझाकर किसी तरह मामला शांत कराया। उसके बाद बैठक शुरू हुई। ब्लॉक प्रमुख पुष्पा त्रिपाठी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के विकास के लिए 23 करोड का बजट पारित हुआ।

इस दौरान बीडीओ अमरेश सिंह चौहान, एडीओ पंचायत राजेश पांडेय, सूरज त्रिपाठी धतुरा, इंगलेश दूबे, विजय, इंद्रसेन सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-11-2022

# बेरहमी से पिटाई, दी गई अमानवीय यातनाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

## मुंह पर पेशाब कर बनाया वीडियो, फिर तमंचे के साथ पुलिस को सौंपा

## पुलिस ने बिना जांच भेजा जेल, वीडियो वायरल होने पर आठ पर केस

गोंडा। शहर में एलबीएस चौराहे के पास युवक को बीच सड़क पर पीटा। फिर बाग में ले जाकर न सिर्फ डंडे से बेरहमी से पीटा बल्कि जान से मारने की धमकी देकर उसके मुंह पर पेशाब करके वीडियो भी बनाया। इसके बाद उसे तमंचे व कारतूस के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने भी बिना किसी जांच के ही आर्म्स एक्ट के केस दर्ज कर पीड़ित युवक को ही जेल भेज दिया। बाद में पीड़ित के जमानत पर छूटने व घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला एक युवक 31 अक्तूबर को नगर कोतवाली क्षेत्र के गायत्रीपुरम में रहने वाले अपने बड़े भाई से मिलने गया था। शाम को लौटते समय वजीरगंज के सेहरिया गांव निवासी कप्तान सिंह ने अपने सात दोस्तों के साथ उसे एलबीएस चौराहे पर रोक लिया और बीच सड़क पर जमकर पिटाई की।

इसके बाद युवक को खींचकर पास के बाग में ले जाकर डंडे से पीटा। फिर सीने पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके मुंह पर पेशाब कर वीडियो भी बनाया। इस दौरान युवक गिड़गिड़ाता रहा मगर किसी ने उसकी एक न सुनी।

बाद में आरोपियों ने युवक को तमंचा व कारतूस के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। कहा कि ये हमला करने आया था। पुलिस ने तत्काल आर्म्स एक्ट के केस दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया।

जमानत पर जेल से छूटे युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर न्याय की गुहार लगाई। वहीं, उसके साथ की गई अमानवीयता के भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इस पर रोडवेज चौकी प्रभारी राम आशीष मौर्या ने मामले में आठ युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की।

एएसपी शिवराज प्रजापति ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आठ युवकों के खिलाफ जानलेवा हमले व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है।

# पुलिस ने दंपति में करवाया समझौता

रुपईडीह, संवाददाता। कौड़िया पुलिस की पहल से नाराज पति-पत्नी एक साथ रहने को राजी हो गए। पति-पत्नी ने एक दूसरे को माला पहनाते हुए न्यायालय के समक्ष भी सुलह करने की बात कही। पुलिस ने दंपति को मिठाई खिलाकर घर भेजा।

■ घरेलू विवाद को लेकर कोर्ट तक जा पहुंचा था मामला
■ आपसी बातचीत के बाद दोनों समझौत करने पर रजामंद

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहन टेपरा के निवासी उमाशंकर उर्फ निरंजन शुक्ला और उनकी पत्नी मनीषा देवी के बीच घरेलू विवाद में कहासुनी हुई थी। दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर मामला न्यायालय तक पहुंच गया। जिसके बाद मनीषा देवी ने कौड़िया पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर पति, सास व ससुर के विरुद्ध जांच करके कार्रवाई की मांग की। पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा वर्मा की पहल पर उपनिरीक्षक विद्यासागर पांडे ने परिवार के सभी लोगों को थाने पर बुलाया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत करने के बाद सुलह-समझौता कराया। इसके बाद पति-पत्नी परिवार के साथ रहने के लिए राजी हुए। जिस पर पुलिस ने मिठाइयां मंगा कर सभी लोगों को खिलाते हुए घर भेजा। पुलिस की इस पहल से लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सराहना की। इसमें उपनिरीक्षक राकेश कुमार, राजेश यादव, संध्या, विजय राज सिंह, अरुण कुमार, देवनारायण, तिलकराम, अजय कुमार मिश्रा, उमाशंकर, एसएन शुक्ला, दयाशंकर शुक्ला, विनोद कुमार रहे।



कौड़िया थाने में सुलह-समझौता के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाते दंपति।

# अवैध देशी तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

वजीरगंज। पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी संजय शर्मा पुत्र राजाराम निवासी कुर्मीपुरवा धनेश्वरपुर का रहने वाला है। आरोपी को तुकडीहा जमलापुर रोड के पास धनेश्वरपुर जाने की मोड़ के समीप पकड़ा गया। उसे न्यायालय रवाना किया गया है।

# सीओ के क्षेत्र बदले धानेपुर में नए एसओ

धानेपुर/गोंडा। एसपी आकाश तोमर ने बुधवार को जिले में सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। लक्ष्मीकांत गौतम को सीओ सिटी, शिल्पा वर्मा को सीओ सदर, संजय तलवार को मनकापुर, विनय सिंह को करनैलगंज, संसार सिंह राठी को तरबगंज, सौरभ वर्मा को सीओ लाइन और मुन्ना उपाध्याय को सीओ ट्रैफिक बनाया है।

वहीं धानेपुर थाने से हटाए गए इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता को सम्मन सेल और ब्रह्मानंद सिंह को धानेपुर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है।

# अज्ञात पर मुकदमा

बेलसर : लावारिस बच्ची के मामले में आरक्षी अमर सिंह ने अज्ञात के खिलाफ तरबगंज थाने में मुकदमा कराया है। 12 नवंबर को आजादनगर कस्बे से करीब 500 मीटर दूरी पर झाड़ी में नवजात बरामद हुई थी। (संसू)

# जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में केस

गोण्डा। छात्र पिटाई मामले में पुलिस ने जानलेवा हमला समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 307, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 की धारा-7 सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम-2008 की धारा-66 और सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम-2008 की धारा-67 में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि आठ नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहराई से छानबीन करने में जुटी हुई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। टीमें आरोपियों पर शिकंजा कसेंगी।

# धोखाधड़ी कर भूमि का बैनामा कराने के मामले में 11 पर मुकदमा

संवादसूत्र, बेलसर (गोंडा): 23 वर्ष पूर्व मृत व्यक्ति के स्थान पर दूसरे को लाकर बैनामा कराने व कूटरचना कर संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीड़ित की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया गया है।

वजीरगंज थाना के रूपीपुर के रहने वाले जोगेंद्र प्रसाद ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह मौजूदा समय नोएडा में रहता है। उसके पिता चार भाई थे। इसमें रामराज व राम बोध दिल्ली में बैंक में नौकरी करते थे। एक वसीयत आठ अक्टूबर 1998 को दिल्ली रजिस्ट्रार कार्यालय में किया। 27 सितंबर 1999 को उनकी मौत हो गई थी। उसी वसीयत के आधार पर उसने नामांतरण के लिए तहसीलदार तरबगंज के यहां आवेदन किया था। उसके चाचा ने पहले अपंजीकृत कूटरचित वसीयत के आधार पर आपत्ति की। गांव के ही कुछ लोगों ने कूटरचना कर गत सात फरवरी व 12 अप्रैल को बैनामा करा लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि तहरीर पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया गया है। पूरे मामले की विवेचना गंभीरता से कराई जा रही है।

# व्यापारी न फर्म का पता, हवा में निशाना लगा रही खाकी

पंकज मिश्र • कर्नलगंज (गोंडा)

गल्ला एवं फल सब्जी मंडी में हुए 2.25 करोड़ रुपये के घोटाले में दर्ज मुकदमे के आठ माह बीतने के बाद पुलिस की जांच फाइलों में सिमट कर रह गई है। पुलिस व्यापारियों को खोज सकी और न फर्म का पता लगा सकी है। इससे खाकी की जांच पर सवालियां निशान खड़े हो गए हैं। उधर राज्यस्तरीय जांच टीम के आने की आहट से मंडी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मच गई है।

23अप्रैल 2022 को तत्कालीन मंडी सचिव व व्यापारी समेत 12 लोगों के खिलाफ गबन व धोखाधड़ी का मुकदमा कराया गया था। इसी बीच निलंबित चपरासी रामदीन ने 28 करोड़ की गड़बड़ी किए जाने का एक और राजफाश कर अधिकारियों को सकते में डाल दिया। जांच में लाइसेंस बनाए जाने व समय-समय पर अधिकारियों के किए जाने वाले निरीक्षण में भी घोटाले की भनक न लगने पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं। पुलिस को फर्मों के पते व नाम खोजे नहीं मिल रहे है। मंडी में 2017, 18 व 19 के गेट पास खंगाले जा रहे हैं। इन गेट पास की संख्या 40 हजार से अधिक मानी जा रही है। घोटाले में गेटपास जारी करवाकर, तिल, मेंथा, मूंगफली अन्य उपज प्रदेश के अन्य मंडियों में भेजना दिखाया गया है लेकिन, शुल्क के 2.25 करोड़ रुपये नहीं जमा किए। इनमें सात व्यापारी व पांच मंडी के अधिकारी व कर्मचारियों पर मुकदमा किया गया था। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि जांच तेजी से की जा रही है। शीघ्र ही आरोपित सलाखों के पीछे होंगे।

**12** व्यापारियों व अधिकारियों पर दर्ज हुआ था कर्नलगंज में मुकदमा, आठ महीने से चल रही जांच



कर्नलगंज के गल्ला मंडी में जांच के लिए रखे गए गेट पास • जागरण

**पढ़ें अपने जिले की अन्य खबरें**
www.jagran.com/state/uttar-pradesh **पर**

# डीएम कार्यालय पर युवक का हंगामा

संसू, गोंडा : डीएम कार्यालय (कचहरी) में नगर कोतवाली के परेड सरकार के रहने वाले कपिल ने हंगामा किया। उसे पुलिस पकड़ कर थाने ले आई। बताया जा रहा है कि वह डीएम कार्यालय में पहुंचकर हंगामा कर रहा था। इस पर वहां के कर्मचारियों ने विरोध किया। प्रकरण की जानकारी पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी जेल ने बताया कि भट्ठा गांव का एक व्यक्ति डीएम कार्यालय पर हंगामा कर रहा था। उसे हिरासत में लिया गया है। जांच की जा रही है।

# भूमि बैनामा में किए गए फर्जीवाड़ा की एसआइटी ने शुरू की जांच

संसू, गोंडा : भूमि बैनामा में किए गए फर्जीवाड़ा के मामले में दर्ज मुकदमों की जांच राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में टीम ने जिले में डेरा डाल दिया है। पीड़ितों से जानकारी लेकर विभाग से संबंधित अभिलेख मांगे हैं।

बीते चार माह में भूमि बैनाम में हुए फर्जीवाड़ा के मामले में नगर कोतवाली में 32 मुकदमे लिखे गए हैं। धोखाधड़ी कर भूमि बैनामा कराने के मामले में हुए मुकदमों की विवेचना एसआइटी से कराने के लिए डीआइजी उपेंद्र अग्रवाल ने शासन को पत्र लिखा था। शासन ने नगर कोतवाली में लिखे गए दस मुकदमों की विवेचना एसआइटी से कराने के निर्देश थे। इसी क्रम में एसआइटी की टीम ने जांच शुरू कर दी है। भूमि के बैनामा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में 56 से अधिक लोग नामजद हैं। इनमें कुछ अधिवक्ताओं के नाम भी शामिल हैं।

पूर्व में हुई पुलिस जांच में पाया गया कि कुछ लोगों का गिरोह है जो कूटरचित अभिलेख तैयार कर दूसरे की भूमि का बैनामा करा दे रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि एसआइटी की टीम आई है। जांच व विवेचना संबंधी सभी अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# मारपीट व अभद्रता का वीडियो वायरल

**संसू, गोंडा** : नगर कोतवाली के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज के सामने दो गुटों में मारपीट का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इसमें दो गुटों के मारपीट के साथ एक युवक के साथ अभद्रता कर उसके मुंह पर पेशाब भी किया गया। इसका भी वीडियो बनाया गया है। उप निरीक्षक राम आशीष की तहरीर पर दोनों गुटों के लोगों के खिलाफ मारपीट करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है।

शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज के सामने गत 31 अक्टूबर को कप्तान सिंह, अंशुमान सिंह, सुधाकर सिंह, विवेक, अंकित व शिवा सिंह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दो गुटों के बीच असलहे भी निकल आए। इसके बाद एक युवक को कुछ लोग पीटते हुए कालेज मैदान में लेकर गए। वहां उसके मुंह पर पेशाब भी किया। पिटाई व अभद्रता किए जाने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा लिखा है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि पहले किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी थी। मारपीट व अभद्रता किए जाने का वीडियो वायरल होने पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# दुष्कर्म के मामले में युवक को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**जासं, गोंडा** : अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चंद्र मोहन चतुर्वेदी ने अपहरण करके किशोरी से दुष्कर्म के मामले में उमरीबेगमगंज के हुकुमदत्त चौहान को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 34 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि पीडिता के पिता ने आठ मई 2015 को किशोरी को बहला-फुसलाकर गायब कर दिए हैं। पिता की तहरीर पर हुकुमदत्त के खिलाफ किशोरी का अपहरण करके दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा किया गया था।

पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने आरोपित को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 34 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। उधर, विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ल ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव यादव ने उमरीबेगमगंज के सोनौलीमोहम्मदपुर छेदी वैश्यपुरवा के सोनू उर्फ अंकित सिंह को चरस रखने के आरोप में दो वर्ष के सश्रम कारावास व 20 हजार 500 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

# प्रभारी निरीक्षक लाइन हाजिर

**संसू, गोंडा :** जांच व मुकदमों की विवेचना में लापरवाही व समस्याओं के निस्तारण में अनियमितता बरतने के आरोप में प्रभारी निरीक्षक धानेपुर संजय कुमार गुप्त को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कहा कि शिकायत मिलने पर प्रभारी निरीक्षक धानेपुर की जांच अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज से कराई गई थी। जांच में दोषी पाए जाने पर संजय कुमार गुप्त को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी ने कहा कुछ और निरीक्षक व उपनिरीक्षकों की जांच कराई जा रही है।

# झोलाछाप के खिलाफ मुकदमा, क्लीनिक सीज

**संसू, इटियाथोक** : बैजपुर गांव के रहने वाले झोलाछाप जितेंद्र कुमार वर्मा के खिलाफ मुकदमा कराया गया है। धानेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा.सुमन मिश्रा की शिकायत पर मेडिकल टीम ने क्लीनिक पर छापेमारी की थी। इसके बाद क्लीनिक को सीज कर दिया गया था। जांच के बाद आरोप सही निकले। अधीक्षक ने इटियाथोक थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि गांव के पास आरोपित अवैध रूप से मेडिकलस्टोर व अस्पताल संचालित कर रहा है।

## चाइल्ड लाइन से दोस्ती कार्यक्रम शुरू



गोंडा। बच्चे देश के भविष्य हैं। उनकी देखभाल हम सभी का कर्तव्य है। उक्त बातें बाल दिवस के अवसर पर बालगृह शिशु गोंडा में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कही।

पोर्टरगंज स्थित बाल शिशु गृह में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सक्रियता से बच्चों के हित में कार्य करते रहें। चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर चाइल्ड लाइन से दोस्ती की शुरुआत की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बच्चों के साथ केक काटकर चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुरुषार्थ, असिस्टेंट डायरेक्टर अतुल कुमार पांडेय, चीफ कोऑर्डिनेटर उपेंद्र श्रीवास्तव, अधीक्षक अर्चना श्रीवास्तव, सपना श्रीवास्तव, प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्स्ना सिंह, उपनिरीक्षक रामप्रसाद, आरक्षी बबिता सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

## किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**धानेपुर (गोंडा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी को भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ 50 हजार रुपये, शैक्षिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड व बैंक पासबुक ले गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के ही घनश्याम वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# नवविवाहिता की मौत में पति समेत पांच पर केस

खोड़ारे (गोंडा)। नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के बनकटवा बाजार निवासी नसरुल्लाह ने बुधवार को थाना खोंड़ारे में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि अपनी बेटी अफसाना खातून की शादी 2 जून 2021 को वकीउल्लाह निवासी मगहरिया से की थी। ससुराल वाले चार पहिया गाड़ी व दो लाख नकदी की मांग करने लगे।

इसके लिए पति वकीउल्लाह, ससुर अब्दुल हसन, सास सालहा बानो, जेठ वसीउल्लाह, ननद सविरुननिशा अक्सर प्रताड़ित करते थे। 13 नवंबर को फोन आया कि अफसाना बीमार है और बेहोश होकर गिर गई है। 14 नवंबर की सुबह उसके घर पहुंचा तो बेटी का शव जमीन पर पड़ा मिला। (संवाद)

# झोलाछाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इटियाथोक (गोंडा)। अवैध रुप से क्लीनिक व मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले कथित डॉक्टर के खिलाफ बुधवार को एफआरआई दर्ज कराई गई है। 30 अक्तूबर को इटियाथोक क्षेत्र में स्वास्थ्य टीम के निरीक्षण में बैजपुर चौराहे पर जितेंद्र कुमार की ओर से अवैध क्लीनिक व मेडिकल स्टोर का संचालन करते पाया गया था।

संचालक के पास मेडिकल स्टोर व क्लीनिक संचालित करने के लिए जरूरी डिग्री नहीं मिली, तथा क्लीनिक से कई प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई। टीम की अगुवाई कर रही मुजेहना की सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुमन मिश्रा की ओर से थाने में तहरीर दी गई। अधीक्षक की तहरीर पर बुधवार को क्लीनिक संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि झोलाछाप के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

# चरस बेचने के आरोप में दो साल की सजा

**गोंडा।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने थाना उमरीबेगमगंज में दर्ज कराए गए मामले में मादक पदार्थ चरस रखने और उसका कारोबार करने के दोषी को दो साल सश्रम कारावास और 20 हजार 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ला ने बताया कि थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 07 अप्रैल 2021 को सोनू उर्फ अंकित सिंह निवासी छेदीवैश्यपुरवा सोनौली मोहम्मदपुर को 410 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चरस बेचने का कारोबार करने की बात कही थी। विवेचना में पुलिस ने सोनू उर्फ अंकित सिंह के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने अपराध साबित होने पर अभियुक्त सोनू उर्फ अंकित सिंह को दोषसिद्ध किया।

बुधवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त सोनू उर्फ अंकित सिंह को अवैध रुप से चरस रखने व उसका कारोबार करने के अपराध में दो साल सश्रम कारावास और 20 हजार 500 रुपये जुर्माने से दंडित किया। (संवाद)

# तमंचा के साथ गिरफ्तार

**वजीरगंज (गोंडा)।** उपनिरीक्षक शरद अवस्थी व आरक्षी गगन चंद्र यादव की टीम ने बुधवार को संजय शर्मा निवासी कुर्मीपुरवा धनेश्वरपुर को तुर्काडीहा जमलापुर रोड के पास से तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)

# धानेपुर कोतवाल लाइन हाजिर

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक ने धानेपुर कोतवाल संजय गुप्ता को मंगलवार की देररात लाइन हाजिर कर दिया। बुधवार को उन्हें प्रभारी सम्मन सेल नियुक्त किया है। वहीं, एसपी ने प्रभारी सम्मन सेल रहे ब्रम्हानंद सिंह को प्रभारी निरीक्षक धानेपुर नियुक्त किया है। (संवाद)

# पिटाई के मामले में दो लोगों के खिलाफ केस

**खोड़ारे (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्रामसभा मझौवा तोग निवासिनी प्रीति पत्नी श्याम नारायण की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रीति ने बताया कि शाम को वह अपने दो छोटी भतीजी के साथ शौच के लिए जा रही थी। अचानक सामने से उमेश व उनकी बहन गीता आए और उसे रोककर गाली देने लगे। मना करने पर सभी उग्र होकर पेट पर लात मारे जिससे महिला गिर गई। इसके बाद फिर मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# मारपीट में सात लोगों पर मुकदमा

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के मझारा निवासिनी रुकसार बानो ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर अकबर अली, साहिल व समीर ने अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। जिससे उसको चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष चंद प्रताप सिंह ने कहा कि केस दर्ज किया गया है। वहीं पूरेडाढू निवासी रामफेर मौर्य ने बताया कि शनिवार को रात में राम अवतार, करिया, झिन्नू व संदीप ने उसकी दीवार को तोड़कर नष्ट कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। (संवाद)

# एसआईटी ने खंगाला रजिस्ट्रार दफ्तर

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जिले में भूमि बैनामे घोटाले की जांच एसआईटी ने शुरू कर दी है। बुधवार को एसआईटी के अधिकारियों ने रजिस्ट्रार कार्यालय में बैनामों की स्थिति को परखा और मुकदमों से जुड़े अभिलेखों की पड़ताल की है। इतना ही नहीं बैनामों से जुड़े अभिलेखों को भी टीम ने कब्जे में ले लिए हैं। साथ ही अब तक हुई कार्रवाईयों का ब्यौरा भी जुटाया है।

एसआईटी के पुलिस अधीक्षक देवरंजन वर्मा की अगुवाई में आई पांच सदस्यीय टीम बुधवार देरशाम कोषागार पहुंची। यहां डबल लॉक में रखे फर्जी बैनामा से संबंतिध

## देर शाम तक जमीन के बैनामे से जुड़े अभिलेख जुटाए

## टीम को कई चौकाने वाले तथ्य मिले, पन्ने भी बदले गए

अभिलेखों की पड़ताल की। पूरा ब्यौरा जुटाने के बाद अभिलेखों को एसआईटी टीम अपने साथ सर्किट हाउस ले गई। बता दें कि जिले में भूमि बैनामा का घोटाला सामने आने पर उपनिबंधक सुधा यादव ने जांच की तो पता चला कि सीधे अभिलेखों में हेराफेरी करके ही बैनामा होता रहा।

उन्होंने मामले में कोतवाली नगर केस दर्ज कराए। दर्ज 28 एफआईआर में कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए। भूमि हथियाने के लिए भू-माफिया ने सीधे बैनामे के रजिस्टर में फर्जी रजिस्टी के कागजात शामिल कर दिया और कई पन्ने बदल दिए।

मामले ने तूल पकड़ा तो बात में 60 से अधिक फर्जीवाडा सामना आया। जिसमें उपमहानिरीक्षक स्टांप मनोज श्रीवास्तव व पूर्व एआईजी अरूण मिश्र समेत छह लोगों को शासन ने निलंबित कर दिया था।

डीआईजी देवीपाटन मंडल उपेन्द्र अग्रवाल ने भूमि घोटाले की गंभीरता को समझा और मामले की जांच एसआईटी से कराने की संस्तुति की थी। शासन के आदेश पर एसआईटी टीम मामले की जांच कर रही है।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-11-2022

# पराली न जलाकर उसे नष्ट करने का दिया सुझाव

- विकास भवन सभागार में कार्यक्रम संपन्न हुआ
- विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

बलरामपुर, संवाददाता। माह नवम्बर के तृतीय बुधवार को विकास भवन सभागार में उप कृषि निदेशक डा. प्रभाकर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उप कृषि निदेशक ने फसल अवशेष/पराली प्रबन्धन के बारें में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान भाई फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए उचित माध्यम अपनाएं। किसान वेस्ट डिकम्पोजर, कृषि यन्त्रों के माध्यम नष्टीकरण या फिर अपनी नजदीकी गौ-आश्रय स्थल को दान दे सकते है।

फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए सैटेलाइट से इसकी निरन्तर निगरानी की जा रही है। यदि कोई किसानों फसल अवशेष जलाता पाया जाता है तो दो एकड़ तक कृषि क्षेत्र के लिए 2500, दो एकड़ से पांच एकड़ तक पांच हजार व पांच एकड़ से अधिक कृषि क्षेत्र के लिए 15 हजार रुपए प्रति घटना आर्थिक दण्ड लगाया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना के बारे में जानकारी दी गयी। जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा ने जनपद में कृषि निवेशों यथा-खाद्य, बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में चना, मटर, गेंहू व सरसों के बीज उपलब्ध हैं, जो भी किसान बीज लेना चाहते हैं वे अपने क्षेत्र के विकास खण्ड में बीज गोदाम पर बीज ले सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन किसान भाइयों का पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा नहीं आया है वे अपना ई-केवाईसी अवश्य करा लें। डिप्टी आरएमओ नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि36 क्रय केन्द्र के माध्यम से धान की खरीद की जा रही है।

# पूर्व चेयरमैन को कोर्ट से मिली जमानत

उतरौला, संवाददाता। उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ से मंगलवार को उतरौला के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनूप चंद गुप्ता जमानत दे दी। 2005 होली दंगे में एफटीसी न्यायालय प्रथम ने दो पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष समेत कुल 41 आरोपियों को सजा व अर्थदंड लगाते हुए जेल भेजा था। तब से सभी आरोपी जनपद कारागार में निरुद्ध चल रहे थे। उनके भाई सतीश गुप्ता ने माननीय न्यायालय को धन्यवाद दिया। कहा कि उच्च न्यायालय से जमानत मिलना जीत की पहली सीढ़ी है। उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। नगर समेत कई स्थानों पर अनूप चंद गुप्ता के समर्थकों व भाजपाइयों ने मिठाइयां बांटी, साथ ही उनकी सकुशल वापसी पर हर्ष व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री योगी ने गायों को खिलाया चारा

## सीएम का दौरा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाते हुए।

तुलसीपुर, संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर का पट खुलते ही मां पाटेश्वरी की विधिवत पूजा आराधना की। पूजा करने के बाद मुख्यमंत्री ने पूरे मंदिर का जायजा लिया। इस दौरान हर चीज को बड़े ध्यान से देखा और आवश्यक निर्देश भी दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गौशाला जाकर गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया।

सीएम योगी सुबह पांच बजे उठे। नित्य क्रिया एवं स्नान के बाद उन्होंने आदिशक्ति मां पाटेश्वरी की विधिपूर्वक पूजा की। पूजा करने के बाद मुख्यमंत्री ने अखंड धूना की राख को अपने माथे से लगाया। उसके बाद सीएम योगी सूर्य कुंड का भ्रमण करने गए। उन्होंने थारू छात्रावास में वनवासी छात्रों से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान योगी ने शिक्षा के संबंध में वनवासी छात्रों से जानकारी ली। पढ़ लिख कर छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। मुख्यमंत्री ने छात्रों को महाराणा प्रताप की वीरता के कई किस्से सुनाए। गौशाला में गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया। गायों को दुलराया भी। गौशाला के संबंध में वहां के प्रबंधक से जानकारी ली। महंत मिथलेश नाथ योगी से कहा कि गायों को किसी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिए। उन्हें ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाने का व्यापक प्रबंध करें। सुबह नौ बजे वह हेलीपैड के लिए रवाना हो गए।

# महिलाओं को किया जागरूक

**उतरौला :** नगर क्षेत्र में पुलिस टीम ने मिशन शक्ति को लेकर महिलाओं को जागरूक किया। महिला आरक्षी रिचा अग्निहोत्री व रीना राना ने बताया कि कोई महिलाओं के साथ हिंसा करता है, अपमानपूर्वक व्यवहार करें, मोबाइल व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से परेशान करें, सार्वजनिक व कार्यस्थलों पर छेड़छाड़ करता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटना होने पर महिलाएं तत्काल 1090 व 112 पर फोन कर सूचना दें। (संसू)

# कस्टम कार्यालय पर नेपाली बाइक चालकों से वसूली



जरवा कस्टम कार्यालय पर बाइक सवारों को दी जाने वाली पर्ची ● जागरण

**संसू, जरवा :** नेपाल सीमा से सटे जरवा में वित्त मंत्रालय भारत सरकार के राजस्व विभाग सीमा शुल्क केंद्र पर नेपाली बाइक चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। इसके बदले एक रसीद दी जाती है जिसमें शुल्क अंकित नहीं किया जाता है। सब्जियों के आयात-निर्यात पर कस्टम के प्रतिबंध से दोनों देशों के मैत्री संबंधों पर भी असर पड़ रहा है।

नेपाल के दांग जिला निवासी श्रीकांत चौधरी ने बताया कि जरवा कस्टम कार्यालय पर बाइक चालकों से 30-30 रुपये वसूल किए जा रहे हैं। कस्टम कार्यालय जुलाई से संचालित हुआ है। इस मार्ग से भारत और नेपाल के मैत्री संबंध को बरकरार रखने के लिए आयात-निर्यात से जुड़ा होना मुख्य आधार माना जाता है। कस्टम कार्यालय प्रभारी रमाकांत यादव ने बताया कि हर छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जाती है। भारी मात्रा में साग-सब्जियां भी नहीं जा पा रही हैं। सब्जियों के निर्यात के लिए चिकित्सक का प्रमाण पत्र अनिवार्य है। कार्यालय में एकमात्र कर्मचारी है। पहले प्रति बाइक 30 रुपये लिए जा रहे थे। एक सप्ताह से कोई शुल्क नहीं लिया गया।

# दंगे के आरोपित भाजपा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष को हाईकोर्ट से राहत

**संसू, उतरौला :** वर्ष 2005 में होली जुलूस के दौरान हुए दंगे में सजा काट रहे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनूप चंद गुप्त को उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ से रिहाई मिल गई। वह भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक भी हैं।उनकी रिहाई की खबर मिलते ही स्वजन व समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व नपाप अध्यक्ष को मंगलवार को हाईकोर्ट से रिहाई मिलने के बाद उनके आवास पर देर रात तक समर्थकों का तांता लगा रहा। इंटरनेट मीडिया पर समर्थकों ने बधाई संदेश साझा किए। भीड़ का हुजूम इतना रहा कि बहुत से लोगों को बिना मिले लौटना पड़ा।

# सीएम ने की देवी की अराधना



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के गर्भगृह में देवी आराधना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● जागरण

**संसू, तुलसीपुर** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के गर्भ गृह में मां पाटेश्वरी के चरण पखार विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी के साथ मंदिर परिसर व सूर्यकुंड का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री पारंपरिक रूप से मंदिर परिसर स्थित गोशाला में पहुंचे। वहां गायों को गुड़ दलिया व चारा खिलाकर गोसेवा की। गोसेवकों से गायों का हालचाल पूछा। मंदिर के छात्रावास को देखा। कहा कि छात्रावास में थारू जनजाति के बच्चों की संख्या बढ़ाएं। इसके बाद भवनियापुर हेलीपैड पहुंचकर लखनऊ के लिए उड़ान भरी।

मुख्यमंत्री मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे थे। ब्रह्मलीन महंत के श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होने के बाद मंदिर परिसर में रात विश्राम किया। इससे पूर्व सीएम ने राज्यमंत्री पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी से औपचारिक भेंट की। सीएम ने जनप्रतिनिधियों से योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक भी लिया।

छावनी बना रहा तुलसीपुर : सीएम करीब 17 घंटे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में रहे। इस दौरान तुलसीपुर छावनी में तब्दील नजर आया। आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल भवनियापुर स्थित हेलीपैड से देवीपाटन मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। इस दौरान मंदिर परिसर में पूजन-अर्चन सामान्य रहा।




# मां पाटेश्वरी के दरबार में मुख्यमंत्री योगी ने लगाई हाजिरी

## गर्भगृह में किया दुर्गा सप्तशती का पाठ, कामधेनु गाय के चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद





बलरामपुर के शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में बुधवार सुबह मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री और परिसर की गोशाला में गाय को चारा खिलाते योगी आदित्यनाथ। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (बलरामपुर)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह देवीपाटन शक्तिपीठ में मां पाटेश्वरी के दरबार में हाजिरी लगाई। गर्भगृह में दुर्गा सप्तशती का पाठ व पूजन किया। इसके बाद मंदिर की गोशाला में गायों को चारा खिलाया और कामधेनु गाय के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही जनप्रतिनिधियों से बाढ़ राहत के प्रबंधों समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी भी ली।

ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्र नाथ के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मंगलवार शाम प्रतिभाग करने पहुंचे मुख्यमंत्री ने देवीपाटन शक्तिपीठ मंदिर में रात्रि विश्राम किया। बुधवार भोर में मुख्यमंत्री ने सूर्य कुंड का भ्रमण किया। मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं

### शक्तिपीठ परिसर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### बाढ़ राहत कार्यों की भी ली जानकारी

की जानकारी ली। इसके बाद थारू छात्रावास की सुविधाओं के बारे में प्रबंधन से जुड़े लोगों से विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री सुबह 7.30 बजे मां पाटेश्वरी मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। वहां करीब 45 मिनट तक उन्होंने दुर्गा सप्तशती का पाठ व पूजन किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में स्थापित महंत योगी महेंद्र नाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने गोशाला की व्यवस्था का जायजा लिया और गायों को चारा खिलाया। कामधेनु गाय के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

इस दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, हनुमानगढ़ी के महंत महेंद्र दास आदि मौजूद रहे।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, विधायक सदर पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू से जिले में बाढ़ राहत को लेकर किए गए प्रशासनिक प्रबंधों के बारे में जानकारी ली। साथ ही नुकसान का आकलन करके प्रस्ताव शासन को भेजवाने को कहा। कानून-व्यवस्था के साथ सड़कों के गड्ढामुक्त अभियान के बारे में भी जानकारी ली।

तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने हरिहरगंज-ललिया-बनकटवा मार्ग जर्जर होने की बात कहते हुए चौड़ीकरण व उच्चीकरण की मांग की। मथुरा बाजार में अलग से बिजली उपकेंद्र की स्थापना कराने का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-11-2022

हिन्दुस्तान

# अपहरण का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

- तीन किशोरियों को नशीली टाफी खिलाकर ले जा रहे थे शातिर
- एक पड़ोसी की निगाह पड़ने पर बच सकी थी तीनों किशोरियां

बहराइच, संवाददाता। एक सप्ताह पूर्व तीन बाइकों पर सवार तीन युवकों ने तीन किशोरियों को नशीली टाफी खिला कर अपहरण का प्रयास तब विफल हो गया था। जब एक पड़ोसी ने तीनों किशोरियों को पहचान कर शोर मचाया था। युवक तीनों किशोरियों को छोड़कर फरार हो गए थे। इस मामले को दबा रही पुलिस ने मंगलवार शाम एक आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है। दो अन्य आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

दरगाह थाने के एक मोहल्ले के तीन परिवारों की तीन छात्राएं छावनी दरगाह रोड स्थित एक किशोरी कालेज में हाईस्कूल में पढ़ रही है। इनमें एक 13, दूसरी 14 व तीसरी 15 वर्ष की है। यह तीनो छात्राएं10 नवम्बर की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पैदल ही कालेज जा रही थी। यह तीनों छात्राएं जैसे ही पुराने नानपारा बस स्टैंड के पास पहुंची। तीन बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रोंका, इनमें दो सगे भाई थे। जिन्हें यह बेटियां पहचानती थी। इनसे कहा कि वह उनके कालेज की ओर ही जा रहे है, बाइक पर बैठ जाए। उन्हें कालेज छोड़कर वह अपने काम पर चले जाएंगे। यह तीनो बेटियां बाइक पर सवार हो गई। परिजनों के मुताबिक इन तीनों बेटियों को टाफी खिलाई गई। जिससे तीनों को हल्का नशा सा हो गया। यह तीनों युवक इन्हें कालेज न ले जाकर गोंडा की ओर ले जा रहे थे।

गोंडा रेलवे क्रासिंग पर इन किशोरियों का एक पड़ोसी खड़ा था, जो तीनों बेटियों को पहचान गया। वह युवकों के साथ जाते देख उसने शोर मचाकर बाइक रोकने का प्रयास किया, तो युवक तीनों बेटियों को छोड़कर फरार हो गए। पड़ोसी ने तत्काल इसकी जानकारी परिजनों को दी।

हिन्दुस्तान

# जमीन हथियाने की कोशिश में केस दर्ज किया

**दुस्साहस**

- एक दम्पति को किया गया है नामजद, पीड़ित को मिल रही धमकियां
- 12 वर्ष से सिविल फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहा है केस

**बहराइच, संवाददाता।** शहर के घसियारीपुरा में रविवार सुबह एक मकान की भूमि पर जबरन कब्जे की कोशिश हुई। हमलावरों ने मकान की बाउंड्रीवाल व सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए। इस दौरान इस घर का मुखिया बाहर गया हुआ था। घर में मौजूद आतंकित महिलाओं ने यूपी डायल 112 को काल किया।

पीवीआर टीम पहुंचने पर हमलावर जानमाल की धमकियां देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक दम्पति व अन्य को नामजद कर केस दर्ज कर लिया है। दम्पति पर शांतिभंग की कार्रवाई भी की गई है। पीड़ित व उसके परिवार को जान माल की धमकियां मिल रही हैं। नगर कोतवाली के घसियारीपुरा में संजय जायसवाल पुत्र नन्हें लाल का मकान है। वह रविवार सुबह किसी काम से बाहर गए थे।

रविवार सुबह लगभग नौ बजे कुछ हमलावरों ने उनके मकान की बाउंड्री वाल तोड़ डाली। सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए। हमलावरों के गाली-गलौज व धमकियों से घर की महिलाओं में दहशत फैल गई। किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। कोतवाली पुलिस को पीवीआर टीम ने वारदात से अवगत कराया। हमलावर तब तक धमकियां देकर फरार हो गए। इसकी जानकारी मिलते ही संजय शहर पहुंचे। उन्होंने एसएसपी से मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली में संतोष सिंह व उनकी पत्नी, नाम पता अज्ञात व अन्य के विरुद्ध घर में घुसकर तोड़ फोड़, अवैध कब्जे का प्रयास, गाली-गलौज, धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि नामजद दम्पति पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

# आज रात 12 बजे से बंद हो जाएगी नेपाल सीमा

रुपईडीहा। नेपाल में प्रतिनिधि सभा व प्रदेश सभा का चुनाव 20 नवंबर को सुनिश्चित हुआ है। ऐसे में पूर्व निर्णय के अनुसार आज गुरुवार की रात 12 बजे से इंडो नेपाल बार्डर बंद हो जाएगा। रविवार 20 नवंबर की रात 12 बजे भारत- नेपाल सीमा खुलेगी। इस सीमा सील होने की अवधि में पेट्रोलियम पदार्थ, औषधि जन्य वस्तुओं का निर्यात जारी रहेगा। बांके जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार एम्बुलेंस सेवा भी बहाल रहेगी।

नेपाली गृह मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 18 नवंबर से 21 नवंबर तक मतदान स्थल के विद्यालय बंद रहेंगे। 20 व 21 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। तीन दिन मदिरा भी नहीं बिकेगी। जिला प्रशासन बांके द्वारा जारी सूचना के अनुसार 18 से 20 नवंबर तक शराब की बिक्री भी बंद रहेगी। बांके जिले के सहायक जिलाधिकारी हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि जिला सुरक्षा समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार शराब की बिक्री, वितरण, आयात निर्यात व सेवन पर भी रोक रहेगी।

हिन्दुस्तान

# समूह की 44 महिलाओं के 16 लाख रुपये हड़प लिए

बहराइच, संवाददाता। एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी महिला समूहों को बैंक की ओर से जारी कर्ज धनराशि उनके खातों में स्थानांतरित करती है। नानपारा इलाके में इस संस्था के दो कर्मियों ने 44 महिलाओं के खातों में डाली गई 16 लाख की धनराशि निकाल ली। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

बलहा संवाद के अनुसार बेंगलुरु की माइक्रो फाइनेंस कंपनी महिला सहायता समूहों को गठन के बाद विभिन्न बैंकों से आंवटित कर्ज धनराशि महिलाओं के खाते में स्थानांतरित करती है। 15 नवम्बर को इस संस्था की ओर से एक बीसी सेंटर के माध्यम से खुलवाए गए खाते में 44 महिलाओं को 16 लाख की आंवटित धनराशि स्थानांतरित की गई। जब महिलाएं बैंक में धन निकासी को गईं, तो पता चला कि उनके खाते में डाली गई धनराशि की निकासी हो गई है। इस पर महिलाओं ने माइक्रो फाइनेंस के नानपारा शाखा स्थित मैनेजर भदोही जिले के देवदत्तपुर निवासी महेश कुमार को दी, तो उन्होंने पड़ताल कराई। शिकायत सही मिलने पर उन्होंने संस्था के दो कर्मियों नानपारा कोतवाली के मोहनपुर सुमेरपुर निवासी नीरज सिंह सहित तीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

- एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के जरिए बनाए जाते हैं महिला समूह
- बैंक की ओर से दी गई कर्ज की धनराशि खातों में करते हैं स्थानांतरण

> धोखाधड़ी व अमानत में खयानत के मामले में केस दर्ज किया गया है। मामले को गंभीरता से लिया गया है, तहकीकात शुरू हो चुकी है।
>
> –शमशेर बहादुर सिंह, कोतवाल नानपारा

# लापरवाही: 45 अनफिट एंबुलेंस ढो रही मरीज

## फॉग लाइट न सीट बेल्ट, घिसे टायरों के भरोसे भर रहे रफ्तार, हूटर भी नहीं दे रहे आवाज

**जिन्दगी दांव पर**

- कार्रवाई के नाम पर अधिकारी नोटिस का खोल रहे खेल
- वाहनों के फिटनेस की प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर आज भी चल रही



जिले में संचालित एंबुलेंस।

**बहराइच, संवाददाता।** यह जानकर आप हैरान जाएंगे कि जिस एंबुलेंस पर अनमोल जिंदगी की टूटती सांसों के संभाल की जिम्मेदारी है, वह खुद ही व्यवस्था से अनफिट होकर सड़कों पर हांफ रही है। वजह वाहनों के फिटनेस की प्रक्रिया पुराने ही ढर्रे पर आज भी चल रही है।

यह हकीकत एआरटीओ विभाग की रिपोर्ट बयां कर रही है। विभाग में 88 एंबुलेंस ही पंजीकृत हैं। इनमें 45 एंबुलेंस अनफिट हैं। वर्तमान में ये एंबुलेंस मरीजों को ढो रही हैं। विभागीय अधिकारी नोटिस पर नोटिस भेज रहे हैं, लेकिन वाहन स्वामी नजरअंदाज कर रहे हैं।

सड़क पर हो रहे हादसों, गंभीर बीमारियों से तड़पते मरीज, प्रसव पीड़ा से परेशान प्रसूता। सुगम व सुरक्षित अस्पताल तक समय पर इन पीड़ितों को पहुंचाने की जिम्मेदारी संभाल रहे 50 फीसदी से अधिक एंबुलेंस ही खटारा हो गए हैं। सड़कों पर दिन रात असहायों की जिंदगी बचाने के लिए दम भरने वाले एंबुलेंसों की फिटनेस को लेकर वाहन स्वामी सचेत नहीं हैं, तो विभाग का पाठ पढ़ाने वाला सहायक संभागीय विभाग भी उदासीन बना हुआ है। जिससे निजी नर्सिंगहोम संचालक हो या फिर सरकार अस्पतालों में संचालित एंबुलेंस। फिटनेस को लेकर कोई गंभीर नहीं है।

विभाग के मुताबिक 88 एंबुलेंस दस्तावेजों में पंजीकृत हैं। इनमें 43 एंबुलेंसों का समय-समय पर फिटनेस जांच हो रही है, लेकिन 45 एंबुलेंस की फिटनेस खत्म हुए कई साल व महीने बीत गए हैं। सहायक संभागीय विभाग कई बार नोटिस भेजकर फिटनेस कराने के निर्देश दे चुका है, लेकिन अधिकारी संज्ञान ले रहे न ही नर्सिंगहोम संचालक। लिहाजा जिस एंबुलेंस पर जान बचाने की जिम्मेदारी है। वह कभी जान जोखिम की बड़ी वजह भी बन सकती है।

**हाशिए पर सुरक्षा प्रणाली :** जिस एंबुलेंस पर अनमोल जिंदगी को बचाने की जिम्मेदारी है। वह फिटनेस ही नहीं बिना सुरक्षा प्रणाली के ही रफ्तार भर रही है। कोहरे से बचाने को फॉग लाइट तो दूर सीट बेल्ट तक नहीं है। घिसे-पिटे टायरों व जंग लगी स्टेयरिंग पर जान जोखिम में डालकर चालक एंबुलेंस चला रहे हैं।

**102 व 108 की एंबुलेंस भी अनफिट :** जिले में मरीजों को त्वरित चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराने के लिए जीवीके कंपनी की 108 व 102 की 74 एंबुलेंस भी संचालित हो रही है। एआरटीओ कार्यालय में सिर्फ 88 वाहन ही दर्ज हैं। ऐसे सवाल उठता है कि 108 व 102 की एंबुलेंस भी अनफिट व पंजीकृत नहीं हैं।

### 50 फीसद एंबुलेंस कंडम, फिर भी कागज पर दौड़ रहीं

बहराइच। स्वास्थ्य विभाग में भी एंबुलेंस संचालित हैं। इनमें 70 फीसदी से अधिक कंडम हो चुकी हैं, लेकिन कागजों में विभाग उनका संचालन कर रहा है। एआरटीओ का कहना है कि कई बार सीएमओ को संचालित एंबुलेंस के फिटनेस कराने के लिए पत्राचार किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया है।

> जिले की 88 एंबुलेंस ही कार्यालय में पंजीकृत हैं। इनमें 43 का फिटनेस कराया गया है। अन्य को नोटिस भेजी गई है।
>
> -राजीव कुमार, एआरटीओ, प्रशासन, बहराइच

# कल से सील होगी भारत–नेपाल सीमा

## नेपाल में संसदीय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट



नानपारा बाईपास पर वाहन चालकों से पूछताछ करते वशीरगंज चौकी प्रभारी कमलशंकर चतुर्वेदी ● जागरण

**जासं, बहराइच :** सीमा से सटे नेपाल में 20 नवंबर को संसदीय चुनाव के मद्देनजर आगामी 18 नवंबर की मध्यरात्रि 12 बजे से लेकर 20 नवंबर की मध्यरात्रि 12 बजे तक तीन दिन अंतरराष्ट्रीय सीमा पार आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसके मद्देनजर पुलिस अलर्ट नजर आई। देर रात बाइक पर घूमने वालों से पूछताछ करने के साथ वाहनों व दस्तावेजों की जांच करते रहे।

रात के दो बजे नगर कोतवाली क्षेत्र के नानपारा बाईपास पर पुलिस टीम मौजूद थी। आशंका जताई जा रही थी कि कोई घटना हुई होगी, लेकिन पास पहुंचने पर पता चला कि चेकिंग अभियान है। मौके पर वशीरगंज चौकी प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी आरक्षियों के साथ वाहनों की तलाशी के साथ दस्तावेजों की जांच कर रहे थे। तिकोनी बाग पुलिस चौकी भी पुलिसकर्मियों की हलचल नजर आई। रात 2.25 बजे पर रोडवेज बस अड्डे पर सीओ नगर जंगबहादुर यादव व नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ संदिग्ध वाहनों की जांच करते नजर आए। पूछने पर पता चला कि अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने को लेकर पुलिस अलर्ट है।



# 'किसान आयोग जल्द गठित करे सरकार'

**जासं, बहराइच :** भारतीय किसान यूनियन (भानु) गुट ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में महापंचायत की। किसानों व मजदूरों की समस्याओं को उठाते हुए एमएसपी निर्धारण में 50 फीसदी लाभांश जोड़े जाने की मांग की। नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को उनके अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। सरकार किसान आयोग का जल्द से जल्द गठन करे। इसमें अध्यक्ष व सदस्य किसान ही रखे जाएं। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए फसल के दाम तय किए जाएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में तटबंध पक्के बनाने के साथ किसानों को सस्ती बिजली व सिंचाई उपलब्ध कराई जाए। जिलाध्यक्ष पतिराम चौधरी ने कहा कि किसानों को प्रतिमाह दस हजार रुपये पेंशन व युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। गोवंश का गोबर खरीदने की व्यवस्था सरकार करे।

प्रदर्शन के बाद नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कृष्ण कुमार साहू, दधीच श्रीवास्तव, आफताब आलम, शिवचरन, निर्मला देवी, अनवर अली, रमजान, दीपक पांडेय, लीला सिंह मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ● जागरण

### एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त

**जरवलरोड :** तीन सूत्री मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश वर्मा के नेतृत्व में चल रहा धरना प्रदर्शन सातवें दिन एसडीएम महेश कुमार कैथल के आश्वासन पर समाप्त हो गया। किसानों की महापंचायत के ऐलान के बाद प्रशासन ने सुबह से घाघराघाट के आसपास भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवानों को तैनात कर दिया। कई थानों के की पुलिस बुला ली गई।

महापंचायत में शामिल होने पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार, खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे, पशु चिकित्साधिकारी सीपी सिंह ने पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर किसानों से वार्ता की। किसानों का कहना था कि पहले उनकी समस्याओं का हल निकाला जाए, फिर धरना समाप्त किया जाएगा।

इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष जोगिंदर पहलवान, दृगराज यादव, रामजस यादव, राम सिंह वर्मा, राजाराम गौड़, रामानंद गौतम, जगजीवन निषाद, महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष रंजना चौहान, पारसनाथ यादव, रक्षाराम लोधी आदि मौजूद रहे।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-11-2022

# छेड़छाड़ के दोषी को दो साल की जेल, दो हजार का जुर्माना

भिनगा, संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दो हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 10 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

गिलौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी नाबालिग बालिका छह दिसम्बर 2020 की रात करीब 8 बजे अपनी मां के साथ गांव में शादी कार्यक्रम में नाच देखने गयी थी। कुछ समय बाद बालिका शौच के लिए तालाब के पास गयी। उसी समय इंतजार पुत्र हैदर अली बालिका के पास पंहुचा और बालिका के साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ करने लगा। बालिका के चिल्लाने पर आरोपी भाग गया। तब बालिका ने घटना की सारी बात परिजनों को बताई। बालिका के पिता की तहरीर पर थाना गिलौला में मुकदमा दर्ज किया गया। सत्र परीक्षण के उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (अनन्य रूप से पाक्सो एक्ट सुदामा प्रसाद ने अभियुक्त इंतजार पुत्र हैदर अली को दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त पर दो हजार रुपए अर्थदंड लगया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को 10 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

## जनता दर्शन में आई 12 शिकायतें

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से दो भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व छह अन्य विवाद से संबंधित शिकायतें थीं। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

## 22 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 22 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान 20 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। (वि.)

# देशी शराब की दुकान सील, विक्रेता को जेल

**जासं, श्रावस्ती :** मिलावटी शराब बिक्री की सूचना पर पटना खरगौरा में संचालित देशी शराब की दुकान पर आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार की रात छापेमारी की। इस दौरान मिलावटी शराब मिलने पर दुकान को सील करने के साथ ही विक्रेता को जेल भेज दिया।

जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरी ने बताया कि आबकारी आयुक्त के आदेश पर संयुक्त आबकारी आयुक्त (ईआईबी) व उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन मंडल के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह, मुहम्मद असलम व देवीपाटन मंडल की संयुक्त टीम ने पटना खरगौरा स्थित देशी शराब की दुकान का निरीक्षण किया। दुकान व कैंटीन से पानी के गैलन में भरे 40 लीटर शराब व छह पेटियों में बिना ढक्कन लगी कुल 270 पौव्वा मिलावटी शराब बरामद किया।



पटना खरगौरा स्थित देशी शराब की दुकान से बरामद मिलावटी शराबव पकड़े गए विक्रेता के साथ मौजूद आबकारी टीम • जागरण

दुकान को सील करते हुए विक्रेता सुभाष गोस्वामी, अनुज्ञापी उमेश चंद्र भारती व दो अन्य के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि विक्रेता सुभाष गोस्वामी को जेल भेजा गया है।

# मारपीट मामले में दो वर्ष की कैद

- **एआरटीओ कार्यालय में लिपिक की पिटाई के मामले में सुनाई गई सजा**
- **एक हजार रुपये अर्थदंड, अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद**

**जासं, श्रावस्ती :** जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह ने बताया कि 27 नवंबर 2009 को भिनगा स्थित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में तैनात लिपिक सियाराम यादव कार्यालय में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान बलरामपुर जिले के पचपेड़वा के मदरहिया निवासी लक्ष्मीनिवास यादव उर्फ देवा यादव पहुंच गए और अपने एक साथी का लाइसेंस बनाने के लिए कहने लगे। लिपिक ने कहा कि जिसका लाइसेंस बनना है, उसका रहना जरूरी है। इस पर लक्ष्मीनिवास नाराज हो गए और लिपिक को कुर्सी से खींचकर गालियां देते हुए लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। कार्यालय में मौजूद अन्य लिपिकों व एआरटीओ के पहुंचने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। लिपिक की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ।

मामले के विचारण के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने लक्ष्मीनिवास यादव को दोष सिद्ध ठहराते हुए दो वर्ष के कारावास व एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसे अदा न करने पर दोषी को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# छेड़छाड़ के दोषी को दो वर्ष का सश्रम कारावास

**अदालत से**

**जासं, श्रावस्ती :** गिलौला क्षेत्र के एक गांव में दो वर्ष पूर्व चार वर्षीय किशोरी के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में दोषी को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। इसे अदा न करने पर दोषी को 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि गिलौला क्षेत्र के एक गांव की किशोरी छह दिसंबर 2020 की रात लगभग आठ बजे अपनी मां के साथ गांव में एक विवाह कार्यक्रम में नाच देखने गई थी। कुछ समय बाद वह शौच के लिए पास स्थित तालाब के किनारे गई थी। इसी दौरान गांव का इंतजार किशोरी के पास पहुंच गया। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपित फरार हो गया।

वापस आकर पीड़िता ने घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। पिता के तहरीर पर गिलौला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। सत्र परीक्षण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (अनन्य रूप से पास्को एक्ट) सुदामा प्रसाद ने आरोपित इंतजार को दोष सिद्ध ठहराते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## मारपीट मामले में दो वर्ष की कैद

- एआरटीओ कार्यालय में लिपिक की पिटाई के मामले में सुनाई गई सजा
- एक हजार रुपये अर्थदंड, अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद

**जासं, श्रावस्ती :** जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह ने बताया कि 27 नवंबर 2009 को भिनगा स्थित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में तैनात लिपिक सियाराम यादव कार्यालय में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान बलरामपुर जिले के पचपेड़वा के मदरहिया निवासी लक्ष्मीनिवास यादव उर्फ देवा यादव पहुंच गए और अपने एक साथी का लाइसेंस बनाने के लिए कहने लगे। लिपिक ने कहा कि जिसका लाइसेंस बनना है, उसका रहना जरूरी है। इस पर लक्ष्मीनिवास नाराज हो गए और लिपिक को कुर्सी से खींचकर गालियां देते हुए लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। कार्यालय में मौजूद अन्य लिपिकों व एआरटीओ के पहुंचने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। लिपिक की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ।

मामले के विचारण के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने लक्ष्मीनिवास यादव को दोष सिद्ध ठहराते हुए दो वर्ष के कारावास व एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसे अदा न करने पर दोषी को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान उमेश कुमार निवासी लालपुर महरी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। संवाद

# 60 लीटर कच्ची शराब व लहन बरामद

**श्रावस्ती।** पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मल्हीपुर थाना क्षेत्र के हंसा पुरवा, राजपुतिया व सोनवा थाना क्षेत्र के खैरहवाकला गांव में छापा मारा। टीम ने 40 लीटर कच्ची शराब व 70 किलोग्राम लहन बरामद की। लहन को टीम ने मौके पर ही नष्ट करा दिया। शराब को कब्जे में लेकर तीन लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, भिनगा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को लखाही बेनी नगर मोड़ से ग्राम गांधी निवासी झिंगई को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। संवाद

# 22 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बुधवार को चेकपोस्ट व बैरियर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 22 वाहनों का ई-चालान किया गया। साथ ही 20500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# लिपिक से मारपीट के मामले में दो वर्ष की कैद

**श्रावस्ती।** एआरटीओ कार्यालय में लिपिक के साथ तेरह वर्ष पूर्व हुई मारपीट के मामले में जिला जज ने बुधवार को फैसला सुनाया। आरोपी को दो वर्ष की कैद की सजा सुनाई गई। अभियोजन की पैरवी करने वाले जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह ने बताया कि उप संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में सियाराम यादव लिपिक के पद पर कार्यरत थे।

27 नवंबर 2009 को उसने भिनगा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि लक्ष्मी यादव उर्फ देवा यादव निवासी मदरहिया, थाना पचपेड़वा, जिला बलरामपुर कार्यालय आए थे। वह दिल्ली में रहने वाले अपने मित्र का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए जिद करने लगे। मना करने पर गाली-गलौज व मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में भेजा था। गवाहों के बयान व डीजीसी की दलीलों के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने लक्ष्मी यादव पर दोष सिद्ध करते हुए दो वर्ष की कैद व पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। संवाद

# शांति भंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात अभियान चला कर नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध कार्रवाई कर एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद